@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शनिवार, 4 जनवरी 2025

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 55 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## पप्पू यादव के समर्थकों ने बिहार में किया चक्का जाम

पटना, 3 जनवरी। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने कहा कि आज छात्रों को न्याय दिलाने के लिए शांतिपूर्ण चक्का जाम किया गया। हमलोग छात्रों के साथ हैं। बिहार लोक सेवा आयोग उनकी मांगों को गंभीरता से ले और परीक्षा रद्द करे। हमलोग सुप्रीम कोर्ट तक जायेंगे। जब तक घोटाला बंद नहीं होगा तब तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी। इस लड़ाई को सुप्रीम कोर्ट तक ले जायेंगे। कपिल सिब्बल से हमारी बात हुई है। पप्पू यादव नीट समेत छात्रों के कई मुद्दों पर अकेला लड़ता रहा। जब किसान, जाट और मीणा आंदोलन कई महीनों तक चल सकता है तो पेपरलीक कराने के लिए आंदोलन क्यों नहीं चल सकता है। मुख्य सचिव ने भी आश्वासन



दिया है। प्रशांत किशोर के सवाल पर पप्पू यादव भड़क गये। कहा कि आप लोग किसका नाम ले रहे हैं। यह लोग इंसानियत के लिए खतरा है। यह लोग गैम्बलर है। सौदागर और डीलर है। जब कहीं जगह नहीं मिला तो यहां आ गया। वह भाजपा से मिला हुआ है। आपलोग मेरे सामने नटवरलाल और ठग का नाम मत लीजिए। बता दें कि पप्पू यादव शुक्रवार दोपहपर सचिवालय हाल्ट से इनकम टैक्स गोलंबर तक पैदल मार्च किया। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर का आमरण अनशन शुक्रवार को दूसरे दिन यानी शुक्रवार शाम तक जारी है। गांधी मैदान में गांधी मूर्ति के नीचे प्रशांत किशोर ने बिहार के छात्रों के हित में अपनी पांच सूत्री मांग को लेकर खुले आसमान के नीचे दिन-रात अनशन जारी रखा है। इस दौरान हजारों छात्रङ्कछात्राएं और जन सुराज के नेता उनके समर्थन में धरने पर बैठे हैं। बीपीएससी अभ्यर्थियों सहित छात्र संगठन सरकार से री-एक्सम की मांग कर रहे हैं। छात्रों में पूरी तरह से जोश देखा जा रहा है और वे खुलकर अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी के पास नहीं कोई मुख्यमंत्री पद का चेहरा: केजरीवाल

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 3 जनवरी। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर राजधानी में राजनीतिक पारा बढ़ता जा रहा है। पहले जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली सरकार पर आरोप लगाते हुए आप को दिल्ली के लिए आपदा बताया। इसके कुछ देर बाद पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा पर हमला बोला। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा के पास दिल्ली में मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं है। दिल्ली में कानून व्यवस्था बेहद खराब है। गृह मंत्री अमित शाह के पास टाइम ही नहीं है कि वह दिल्ली के बारे में सोचें। पीएम मोदी पर हमला करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री ने दिल्ली में रैली की और उन्होंने दिल्ली वालों को और लोगों द्वारा चुनी हुई सरकार को केवल गाली देने का काम किया। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता ने 2015 में दो सरकार चुनी थी। केंद्र में भाजपा और दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार। तब से लेकर अब तक 10 साल हो गए। तब से हमने इतने काम किये कि मुझे बताने में कई घंटे लग जाएंगे। लेकिन केंद्र की सरकार ने एक भी काम नहीं किया जो प्रधानमंत्री बता सकें। इसलिए सिर्फ गालियां दीं। जो व्यक्ति काम करता है वो गालियां नहीं देता। केजरीवाल ने 2020 के भाजपा संकल्प पत्र को दिखाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि 2022 तक दिल्ली में सब लोगों को पक्के मकान दे दिए जाएंगे। 2020 से लेकर अब तक प्रधानमंत्री ने केवल 1700 लोगों को चाबी दी। इससे पहले कालकाजी में 3000 हजार मकानों की चाबियां दी थीं। इसका मतलब केंद्र ने पांच साल में 4700 मकान बनाएं हैं। दिल्ली में 4 लाख झुग्गियां हैं 15 लाख लोगों को मकान चाहिए। इन्होंने पांच साल में 4700 मकान बनाए हैं। मुझे लगता है, इन्होंने 200 साल का संकल्प पत्र बनाया है। केजरीवाल ने हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा ने दिल्ली में झुग्गियां तोड़ तोड़कर पिछले पांच साल में 2,78,796 लोगों को बेघर कर दिया। प्रधानमंत्री ने वादा किया था मकान देने का लेकिन उन्होंने धोखा दिया। इनके नेता जाते हैं और झुग्गियों में सोते हैं और कुछ दिनों बाद उन्ही झुग्गियों को तोड़कर उनके बच्चों को सड़क पर लाकर खड़ा कर देते हैं। ये गरीबों के दुश्मन हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अशोक विहार स्थित स्वाभिमान अपार्टमेंट में झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास परियोजना के तहत लाभार्थियों को फ्लैटों की चाबियां सौंपी और इससे पहले उन्होंने लाभार्थियों से बातचीत की। इसके बाद कार्यक्रम को



संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर चुनावी बिगुल फूंका। कार्यक्रम में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल का नाम लिए बिना उन पर जमकर हमला बोला। प्रधानमंत्री ने शीश महल, प्रदूषण, आबकारी नीति मामला और जल आपूर्ति को लेकर आप पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि मैं तो दिल्ली वालों को मुफ्त इलाज की सुविधा देने वाली आयुष्मान भारत योजना का लाभ देना चाहता हूं। आप-दा सरकार को दिल्ली वालों से बड़ी दुश्मनी है। पूरे देश में आयुष्मान योजना लागू है, लेकिन इस योजना को आप-दा वाले यहां (दिल्ली) लागू नहीं होने दे रहे। इसका नुकसान दिल्ली वालों को उठाना पड़ रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि बीते 10 वर्षों से दिल्ली एक बड़ी आप-दा से घिरी है। अन्ना हजारे जी को सामने करके कुछ कट्टर बेईमान लोगों ने दिल्ली को आप-दा में धकेल दिया। शराब के ठेकों में घोटाला, बच्चों के स्कूल में घोटाला, गरीबों के इलाज में घोटाला, भर्तियों के नाम पर घोटाला... ये लोग दिल्ली के विकास की बात करते थे, लेकिन ये लोग आप-दा बनकर दिल्ली पर टूट पड़े हैं।

## युवाओं का एकलव्य जैसा अंगूठा काट रही भाजपा: राहुल गांधी

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 3 जनवरी। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी रोजगार और युवाओं के मुद्दे पर भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोला है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी घेरा। उन्होंने कहा, भाजपा भारत के युवाओं का बिल्कुल एकलव्य जैसा अंगूठा काट रही है, उनका भविष्य मिटा रही है। राहुल ने एक्स पर लिखा कि सरकारी भर्ती में विफलता बड़ा अन्याय है। पहले तो भर्ती नहीं निकलती। भर्ती निकल जाए तो एग्जाम समय पर नहीं होते। एग्जाम हो तो पेपर लीक करवा दिए जाते हैं और जब युवा न्याय मांगते



हैं तब उनकी आवाज को बेरहमी से कुचला जाता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में उत्तर प्रदेश और बिहार की घटनाओं के बाद अब मध्य प्रदेश में एमपीपीएससी में हुई गड़बड़ी का विरोध कर रहे दो छात्रों को जेल में डाल दिया गया है। वो भी तब जब मुख्यमंत्री ने खुद छात्रों से मुलाकात कर उनकी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया था। भाजपा की सरकार ने छात्रों के भरोसे को तोड़ा है और लोकतांत्रिक प्रणाली का गला घोंटा है। छात्रों के अधिकार की लड़ाई में हम उनके साथ हैं। भाजपा को देश के युवाओं के हक की आवाज किसी कीमत पर दबाने नहीं देंगे।

## केबल ऑपरेटर से एक लाख की रिश्वत लेने के आरोप में ट्राई अधिकारी गिरफ्तार

नई दिल्ली, 3 जनवरी। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने हिमाचल प्रदेश में एक केबल ऑपरेटर को लाभ पहुंचाने के बदले एक लाख की रिश्वत लेने के आरोप में भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (टीआरएआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। टीआरएआई अधिकारी की पहचान नरेंद्र सिंह रावत के तौर पर की गई है। केंद्रीय एजेंसी ने आरोपी नरेंद्र रावत पर मामला दर्ज किया। बता दें कि नरेंद्र ने हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में केबल सेवाएं चलाने के लिए केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय के एक लाइसेंस धारक से रिश्वत की मांग की थी। आरोपी ने कथित तौर पर तिमाही रिपोर्ट का आकलन करने में मदद के लिए राज्य के अन्य पांच लाइसेंस धारक केबल ऑपरेटरों की ओर से पीड़ित ऑपरेटर को रिश्वत देने के लिए कहा। इस मामले में सीबीआई ने एक बयान जारी कर कहा, ट्राई के दिशानिर्देशों के अनुसार, केबल ऑपरेटरों को अपनी तिमाही रिपोर्ट देना होता है, इसके आधार पर ही यह निर्णय लिया जाता है कि केबल ऑपरेटरों के लाइसेंस को जारी रखना है या रद्द करना है। प्रारंभिक सत्यापन के बाद, सीबीआई ने आरोपी को पकड़ने के लिए एक जाल बिछाया।

## डीएमके सांसद कथिर आनंद के पांच ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

नई दिल्ली, 3 जनवरी। मनी लॉड्रिंग मामले में ईडी ने शुक्रवार को डीएमके नेता और सांसद कथिर आनंद के पांच ठिकानों पर छापेमारी की। कथिर आनंद डीएमके के वरिष्ठ नेता और तमिलनाडु मंत्रिमंडल में दूसरे नंबर के नेता एस दुरईमुरुगन के बेटे हैं और वेल्लोर लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। छापेमारी को लेकर डीएमके ने कहा कि यह कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध में की जा रही है। ईडी ने सांसद कथिर आनंद के पिता डीएमके महासचिव और तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन के आवास पर भी छापेमारी की। छापेमारी आरबीआई के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन और 500 और 1000 रुपये के नोटों को 200 रुपये के नोटों से बदलने में बैंक अधिकारियों की ओर से की गई धोखाधड़ी को लेकर की गई है। 2019 में सांसद कथिर आनंद और उनसे जुड़े ठिकानों से 11 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी जब्त किए जाने के बाद वेल्लोर में लोकसभा चुनाव रद्द कर दिए गए थे। अगस्त 2019 में दोबारा चुनाव हुए तो कथिर आनंद ने डीमएके के टिकट पर 8141 मतों के मामूली अंतर से जीत हासिल की। उन्होंने एआईएडीएमके के एसी षणमुगम को हराया। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर से उन्हें हराया। ईडी ने जुलाई 2023 में तमिलनाडु सरकार में वन मंत्री के पोनमुडी और उनके बेटे डॉ. पी गौतम सिगामणि के परिसरों पर छापेमारी की थी। इसके बाद उनकी 14 करोड़ की संपत्ति जब्त की गई थी। पोनमुडी पर आरोप है कि वे 2007-2010 तक तमिलनाडु सरकार में खान मंत्री थे। इस दौरान उन्होंने अपने बेटे डॉ. पी गौतम सिगामणि, सिगामणि के बहनोई केएस राजमहेंद्रन और जयचंद्रन के नाम पर खनन के पांच लाइसेंस जारी किए।

# शेख हसीना का प्रत्यर्पण करेगा भारत?

**सौरभ शर्मा**

नई दिल्ली, 3 जनवरी। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शुक्रवार को फिर बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग के मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, एक हफ्ते पहले मैंने पुष्टि की थी कि हमें बांग्लादेशी अधिकारियों की ओर से हसीना के संदर्भ में एक संचार मिला था। इसके अलावा, इस समय मुझे इस मुद्दे पर कुछ और बात जोड़ने की जरूरत नहीं है। मालदीव और पाकिस्तान पर अमेरिकी अखबार वॉशिंगटन पोस्ट की खबरों पर विदेश मंत्रालय ने कहा, हाल ही में मीडिया में प्रकाशित खबरों के संबंध में हम इतना ही कहना चाहते हैं कि यह अखबार और रिपोर्टर दोनों ही भारत के प्रति एक शत्रुतापूर्ण रवैया रखते हैं। इसको आप उनकी गतिविधियों और खबरों एक पैटर्न में देख सकते हैं। ऐसे में उनकी विश्वसनीयता कितनी है, इसके आकलन का काम हम आप (मीडिया) पर छोड़ते हैं। जहां तक हमारा सवाल है, हमको उनमें कोई विश्वसनीयता नजर नहीं आती। जायसवाल ने कहा, जहां तक पाकिस्तान का सवाल है, मैं आपको हिलेरी क्लिंटन की कही बात याद दिलाना चाहता हूं कि अगर आप अपने घर में सांप पालते हैं तो यह उम्मीद नहीं कर सकते कि वे केवल आपके पड़ोसियों को ही काटेंगे। वॉशिंगटन पोस्ट की एक खबर में भारत को मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के महाभियोग के जरिए हटाने की साजिश से जोड़ा गया था। जबकि दूसरी खबर में पाकिस्तान में आतंकवादियों के खिलाफ



भारतीय एजेंटों की कथित हमलों की बात कही गई थी। मालदीव से जुड़ी रिपोर्ट में अखबार ने एक डेमोक्रेटिक रिन्यूवल इनिशिएटिव नामक दस्तावेज का हवाला देते हुए दावा किया था कि विपक्षी नेताओं ने राष्ट्रपति मुइज्जू को हटाने के लिए उनके ही पार्टी के चालीस सांसदों को रिश्वत की पेशकश की थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि महीनों तक गोपनीय बातचीत के बावजूद साजिशकर्ता को महाभियोग के लिए पर्याप्त वोट न मिल सके। सीमावर्ती इलाके में चीन के नए काउंटियां बनाने पर मंत्रालय ने कहा, हमने चीन के होटन प्रान्त में दो नए काउंटियों की स्थापना से जुड़ी घोषणा देखी है। इन तथाकथित काउंटियों के कुछ हिस्से भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में आते हैं। हमने इस भारतीय क्षेत्र पर अवैध चीनी कब्जे को कभी स्वीकार नहीं किया है। नए काउंटियों के निर्माण से न तो इस क्षेत्र पर हमारी संप्रभुता के बारे में भारत की दीर्घकालिक और स्थापित स्थिति पर कोई असर पड़ेगा और न ही चीन के अवैध और जबरन कब्जे को कोई वैधता मिल पाएगी। हमने कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से चीनी पक्ष के सामने इस मामले पर अपना विरोध दर्ज कराया है। हाल ही में तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध बनाने की चीन की योजना पर भारत ने कहा कि वह अपने हितों की रक्षा के लिए लगातार निगरानी रखेगा और जरूरी कदम उठाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हम लगातार निगरानी रखते हुए अपने हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे।

# मनमोहन सिंह ने किया था भारत-अमेरिका परमाणु समझौता: मोंटेक सिंह अहलूवालिया

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 3 जनवरी। अर्थशास्त्री मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की तरफ से भारत-अमेरिका परमाणु समझौते के लिए अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान विपक्षी दलों को मनाने के प्रयासों के बारे में बताया। भारत के योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह को तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम पर भरोसा करना पड़ा था और उनसे तत्कालीन समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख मुलायम सिंह से बात करने के लिए कहा था, जो वामपंथी दलों के साथ परमाणु समझौते का विरोध कर रहे थे। मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने कहा कि वामपंथी दलों ने विश्वास मत हासिल कर लिया था और वे सरकार को सत्ता से बाहर करना चाहते थे। मनमोहन सिंह को अपनी पार्टी के भीतर से ही विपक्ष और वामपंथियों के कड़े विरोध के बावजूद भारत-अमेरिका परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर करने पड़े। उन्हें बहुत सारे राजनीतिक दांव-पेंच करने पड़े, क्योंकि वामपंथियों के पास विश्वास मत था और वे सरकार को सत्ता से बाहर करना चाहते थे। वे इस समस्या से बचने में सफल रहे, क्योंकि उन्होंने मुलायम सिंह को एक वैज्ञानिक के रूप में मनाने के लिए राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम को बुलाया। मोंटेक सिंह अहलूवालिया



ने एनएनआई को दिए एक विशेष साक्षात्कार में बताया कि, राष्ट्रपति कलाम से बात करने के बाद मुलायम सिंह सहमत हो गए और अंतत: सरकार का समर्थन किया। मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने कहा कि मनमोहन सिंह के लिए भारत की प्रगति तभी संभव थी, जब परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (एनएसजी) के प्रतिबंध हटाए जाएं और यह पूर्व प्रधानमंत्री के तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश के साथ संबंधों के कारण संभव हुआ, जिसके कारण एनएसजी प्रतिबंध हटाए गए। उन्होंने आगे कहा कि, मनमोहन सिंह चिंतित थे कि भारत की आगे की प्रगति का मतलब यह होना चाहिए कि इन प्रतिबंधों को हटा दिया जाए। भारत-अमेरिका सौदा तभी हो सकता था जब एनएसजी प्रतिबंध हटा दिए जाएं। हमारे लिए, यह जॉर्ज बुश और मनमोहन सिंह के बीच का रिश्ता था जिसने एनएसजी प्रतिबंधों को हटाना सुनिश्चित किया। अगर अमेरिका सहमत नहीं होता, तो इनमें से कोई भी अन्य देश (प्रतिबंध हटाने के लिए) सहमत नहीं होता। इससे हमें भारत और अमेरिका के बीच बहुत विस्तारित प्रौद्योगिकी और सैन्य साझेदारी के लिए आधार प्रदान करने में मदद मिली, जिसे वर्तमान सरकार ने काफी हद तक बढ़ाया है। मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को पोखरण-द्वितीय विस्फोट के बाद यह एहसास होने का श्रेय दिया कि पश्चिम को यह समझाने की जरूरत है कि वे गलत थे। उन्होंने कहा कि वाजपेयी संबंधों को बहाल करने में कामयाब रहे।

## मेडिकल सीटें खाली नहीं रह सकतीं, संबंधित पक्षों से बात करें: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 3 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मेडिकल सीटों को लेकर अहम टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि मेडिकल कोर्स की सीटें खाली नहीं रह सकतीं। साथ ही केंद्र से कहा कि वह राज्यों सहित संबंधित पक्षों के साथ बैठक करे और इस मुद्दे पर गठित समिति की सिफारिशों पर विचार करे। अप्रैल 2023 में, सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल कोर्स में सुपर स्पेशियलिटी सीटों के खाली रहने का मुद्दा उठाया था। उस समय केंद्र ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक की अध्यक्षता में राज्यों और निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों सहित सभी हितधारकों की एक समिति गठित करने का प्रस्ताव रखा था। केंद्र की ओर से उपस्थित वकील ने कहा कि संबंधित पक्षों की समिति गठित की जा चुकी है। उसने इस मुद्दे पर अपनी सिफारिशें दी हैं। उन्होंने कहा कि यह उचित होगा यदि केंद्र सभी पक्षों के साथ बैठक कर एक ठोस प्रस्ताव सामने लाए। इसके बाद, पीठ ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह संबंधित पक्षों के साथ बैठक करे।

# सीएम योगी ने किया जल शोधन परियोजना का शुभारंभ

**नरेश मल्होत्रा**

गोरखपुर, 3 जनवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राप्ती नदी में गिरने वाले नालों के प्राकृतिक विधि (फाइटोरेमिडीएशन तकनीकी) से जल शोधन की 2 करो? 70 लाख रुपये की नगर निगम की परियोजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्राकृतिक विधि से जल शोधन से नदी की शुद्धि के साथ करो?ों रुपये की बचत भी होगी। इसमें न तो बिजली का खर्च आएगा और न ही मेंटिनेंस का। तकियाघाट पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर में राप्ती नदी अविरल एवं निर्मल रहे, उसका जल स्वच्छ एवं सुदर रहे, इसके लिए जो प्रयास नगर निगम ने किया है वह सराहनीय है। यह बहुत ब?ा काम हुआ है। यह कार्य उर्वरता और जीवन को बचाने के लिए हुआ है। सीएम ने कहा कि महापुरूषों ने जल को जीवन माना है। प्रदूषित जल के कारण गोरखपुर के साथ पूर्वी उत्तर प्रदेश में 1977 से लेकर 2017 तक 50 हजार मासूम बच्चे इंसेफेलाइटिस एवं वेक्टरजनित बीमारियों के कारण काल के गाल में समा गए। विषाणुजनित बीमारियों से होने वाली मौतों का कारण प्रदूषित जल और गंदगी था। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से स्वच्छ भारत मिशन पूरे देश में लागू हुआ। हर व्यक्ति को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए शहरी क्षेत्र में अमृत मिशन और ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन प्रारंभ हुआ। हर घर नल योजना के माध्यम से घर-घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज नामामि गंगे परियोजना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से नदी संस्कृति को बचाने का कार्य प्रारम्भ किया गया है। आज उसका परिणाम है कि दुनिया का सबसे ब?ा धार्मिक व आध्यात्मिक समागम उत्तर प्रदेश की धरती प्रयागराज में मां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी पर महाकुम्भ के रूप में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में भी हमारी सभ्यता एवं संस्कृति नदी के तट पर बसी है। गोरखपुर राप्ती नदी व रोहिन नदी के तट पर बसा है। जो नदी हमारी सभ्यता व संस्कृति की जननी है, उसे शुद्ध करने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राप्ती नदी में प्रदूषित पानी गिरने के कारण पहले नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल नगर निगम पर लगातार जुर्माना कर रहा था। नगर निगम ने 110 करोड़ रुपये की लागत से एसटीपी बनने की तैयारी की थी, तब हमने कहा कि जल शोधन के लिए प्राकृतिक तरीका अपनाया जाए। आज उसका सुखद परिणाम सबके सामने है। पहले यहां पानी का बीओडी (बायो केमिकल ऑक्सीजन डिमांड) लेवल 350 तक पहुंच



गया था और खतरनाक जहर से भी बदतर होकर वह खेतों में सिंचाई के लायक भी नहीं था। प्राकृतिक विधि से जल शोधन के बाद अब बीओडी लेवल शुद्ध स्थिति में आ गया है। इस परियोजना में अंतिम छोर पर गिरने वाले पानी का बीओडी लेवल 22 आया है। सीएम योगी ने कहा कि प्राकृतिक विधि से जल शोधन की इस परियोजना में सिर्फ एक बार 2 करो? 70 लाख रुपये लगे हैं और अब इससे करो?ों रुपये की बिजली और मेंटिनेंस खर्च की बचत होगी। उन्होंने कहा कि इस विधि को और भी अच्छे ढंग से आगे ब?ा सकते हैं। यह सतत विकास का एक मॉडल है। इसको हम हर नाले के साथ जो? सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी ड्रेनेज और सीवर से जु? हुए जितने भी नाले हैं, उन सबको इसी रूप में आगे ब?ाने का कार्य करेंगे तो एक प्राकृतिक मॉडल के माध्यम से कम खर्चे में बेहतर परिणाम देकर जीवन की सबसे बुनियादी आवश्यकता जल की शुद्धता को बनाये रखने में हम सफल हो पायेंगे। समारोह को महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव और विधायक विपिन सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक भोला अग्रहरि, कालीबा?ी के महंत रविंद्रदास आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नगर निगम की प्राकृतिक विधि (फाइटोरेमिडीएशन तकनीकी) से जल शोधन परियोजना का शुभारंभ करने से पूर्व इसका जायजा भी लिया।

## जहरीले कचरे के विरोध में दो ने किया आत्मदाह का प्रयास

इंदौर, 3 जनवरी। भोपाल गैस त्रासदी से जुड़ी यूनियन कार्बाइड फैक्टर के कचरे को लेकर पीथमपुर में जबरदस्त किच-किच चल रही है। ये कचरा पीथमपुर में नष्ट किया जाना है, लेकिन स्थानीय लोग इसका विरोध कर रहे हैं। पीथमपुर में हालत बहुत अधिक बिगड़ चुके हैं। दो लोगों ने आत्मदाह का प्रयास किया है। दोनों को गंभीर हालत में चोइथराम अस्पताल में भर्ती किया गया। पीथमपुर के हर गली मोहल्ले सड़क पर लोगों की भीड़ उतर आई है। मामले को लेकर पीथमपुर में सैलाना के विधायक कमलेश्वर डोडियार 24 घंटे के लिए अनशन पर बैठ गए हैं। डोडियार का कहना है कि 337 मैट्रिक टन जहरीले कचरे को यहां जलाने से लोगों को कैंसर होने का खतरा है। सरकार का रवैया ठीक नहीं है। बता दें कि भोपाल से पीथमपुर में कचरा आने के बाद से प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की सांसें फूली हुई हैं। पुलिस, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की समझाइश का जनता पर कोई असर पड़ता नजर नहीं आ रहा है। सभी संगठन, संस्थाएं एक मंच पर आकर इसका विरोध कर रही हैं। पीथमपुर में लोगों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने चारों तरफ से आने-जाने के रास्ते बंद कर दिए हैं। इंदौर जाने का रास्ता पूरी तरह से बंद है। यहां लोगों को पीने का पानी भी नहीं मिल रहा है। खाने का सामान भी नहीं है। यहां की फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूर परेशान हो रहे हैं। बंद को रहवासियों का पूरा साथ मिला है। हर जगह बंद का असर नजर आ रहा है। कोई भी सड़कों पर कारोबार करता नजर नहीं आ रहा। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि कचरा जलाना शुरू किया तो आंदोलन और भी भड़क जाएगा। इंदौर से कई संस्थाओं और सामाजिक संगठनों के लोग पीथमपुर गए हैं। बड़ी संख्या में इंदौर में भी लोग इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मजदूर संघ, किसान संघ, रहवासी संघ और कई संस्थाएं पीथमपुर जाकर विरोध प्रदर्शन में हिस्सा ले रही हैं।

## गाजा युद्धविराम को लेकर हमास प्रतिनिधिमंडल ने काहिरा का दौरा किया

एजेंसी

**गाजा/काहिरा।** गाजा युद्धविराम समझौते से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए हमास के एक प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र की राजधानी काहिरा का दौरा किया है। हमास के प्रवक्ता जिहाद ताहा ने यह जानकारी दी। ताहा ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल की काहिरा यात्रा गाजा की स्थिति के संबंध में मिस्र, कतर और तुर्की सहित मध्यस्थों के साथ चल रही चर्चा का हिस्सा थी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य इजरायल द्वारा हाल ही में लगाई गई बाधाओं और शर्तों को संबोधित करना है। उन्होंने कहा कि हमास फिलिस्तीनी लोगों के लाभ के लिए किसी भी प्रयास के लिए खुला है और इजरायल की आक्रामकता और हत्याओं को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है।प्रवक्ता ने उम्मीद जताई कि अगर इज़रायल अपनी हालिया शर्तों को पलट दे तो एक समझौता हो सकता है। इज़रायल के स्वामित्व वाले कान टीवी ने इस सप्ताह की शुरुआत में बताया कि हमास ने कैदियों की अदला-बदली के बिना एक सप्ताह के युद्धविराम का प्रस्ताव दिया था। इज़रायल ने प्रस्ताव को खारिज कर दिया और हमास से युद्धविराम से पहले रिहाई के लिए बंधकों की सूची उपलब्ध कराने की मांग की। हमास के एक सूत्र ने खुलासा किया कि मिस्र के अधिकारियों के साथ काहिरा में हमास प्रतिनिधिमंडल की बैठकों के परिणामस्वरूप युद्धविराम समझौते में बाधा डालने वाले कुछ विवादास्पद बिंदुओं को स्थगित करने का प्रस्ताव आया था।

## ट्यूनीशिया ने बिना दस्तावेज वाले 27 प्रवासियों के शव बरामद किए

**ट्यूनिस।** ट्यूनीशियाई समुद्री गार्ड और नौसेना ने 27 शव बरामद किए हैं और 83 गैर-दस्तावेजी अप्रवासियों को बचाया है, जिनकी नावें स्फ़ैक्स प्रांत के दक्षिण-पूर्वी तट पर डूब गई थीं। यह जानकारी ट्यूनीशियाई नेशनल गार्ड ने अपने फेसबुक अकाउंट के माध्यम से दी। नेशनल गार्ड ने कहा कि दो नावों के पानी में डूबने की आपातकालीन कॉल के बाद बुधवार को बचाव अभियान शुरू किया गया। इसने कहा कि ऑपरेशन के दौरान, 83 प्रवासियों को बचाया गया, जिनमें 17 महिलाएं और सात बच्चे शामिल हैं। 27 शव बरामद किए गए, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है। लापता लोगों की तलाश अभी भी जारी है। मध्य भूमध्य सागर में स्थित, ट्यूनीशिया यूरोप में अवैध अप्रवासन के लिए सबसे लोकप्रिय पारगमन बिंदुओं में से एक है।



## तुर्की में वैन दुर्घटना में 27 घायल

**अंकारा।** पूर्वी तुर्की के कार्स शहर में दो वैनों के बीच हुई सड़क दुर्घटना में 27 लोग घायल हो गए। डीएचए समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से एक की हालत गंभीर है।इसमें कहा गया है कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक घायल हुए सभी लोग तुर्की के नागरिक हैं।




## पाकिस्तानी नौसेना ने अरब सागर में जब्त की 10 लाख डॉलर की ड्रग्स

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी नौसेना की ओर से हाल ही में उत्तरी अरब सागर में चलाये गये, मादक पदार्थ विरोधी अभियान में भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किया गया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि यह अभियान नौसेना के विमानों की सहायता से चलाया गया। उन्होंने कहा कि मोआविन नामक पाकिस्तानी नौसेना के जहाज ने एक संदिग्ध जहाज को रोककर उसकी छानबीन की। इस दौरान, जहाज के छिप हुए डिब्बों में रखी नशीली दवाएं बरामद की गईं। सेना के अनुसार, जब्त किए गए नशीले पदार्थों की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 10 लाख डॉलर है, जिन्हें विभिन्न अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों पर तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। आईएसपीआर ने कहा, पाकिस्तानी नौसेना सतर्क है और क्षेत्र के समुद्री क्षेत्र में सभी प्रकार की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है।



# दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति येओल के आवास पर पुलिस बल के पहुंचे जांच अधिकारी

एजेंसी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल के आधिकारिक आवास पर सुबह जांच अधिकारियों का बड़ा दल पुलिस बल के साथ पहुंच गया। इस दौरान जांच दल को राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा के अधिकारियों के विरोध का सामना करना पड़ा। फिलहाल जांच दल राष्ट्रपति के आवास पर ही है। अगर येओल आवास पर होंगे तो उन्हें हिरासत में लिया जा सकता है। द कोरिया हेराल्ड समाचार पत्र के अनुसार, जांच दल में शामिल अधिकारी राष्ट्रपति येओल के निवास भवन तक पहुंचने में कामयाब हो गए हैं। हालांकि जांच दल को राष्ट्रपति के अंगरक्षकों के विरोध का सामना करना पड़ा। जांच दल ने अदालत का वारंट प्रस्तुत किया। राष्ट्रपति के सुरक्षा कार्यालय प्रमुख ने तलाशी की अनुमति देने से इनकार कर दिया। जांच दल में भ्रष्टाचार जांच कार्यालय और पुलिस के लगभग 50 अधिकारी शामिल हैं। यह लोग सुबह लगभग 8ः03 बजे राष्ट्रपति निवास परिसर में दाखिल हुए। जांच दल यून को हिरासत में लेने में कामयाब होता है, तो उन्हें पूछताछ के लिए 48 घंटे का समय मिलेगा। इसके बाद अगर दल उन्हें गिरफ्तार करता है तो इसकी अनुमति कोर्ट से लेनी होगी। अदालत के नए वारंट जारी करने पर ही येओल की गिरफ्तारी संभव हो पाएगी।



## टेस्ला लास वेगास में साइबरट्रक विस्फोट की कर रही है जांच-मस्क

**वाशिंगटन।** अमेरिका के अरबपति एलन मस्क ने कहा है कि टेस्ला कंपनी की वरिष्ठ टीम लास वेगास में टेस्ला साइबरट्रक में हुए विस्फोट की घटना की जांच कर रही है। श्री मस्क ने 'एक्स' पर कहा, टेस्ला की पूरी वरिष्ठ टीम अभी इस मामले की जांच कर रही है। जैसे ही हमें कुछ पता चलेगा हम अधिक जानकारी पोस्ट करेंगे। हमने ऐसा कभी नहीं देखा। उन्होंने बताया कि रात लास वेगास में ट्रंप इंटरनेशनल होटल के पास एक टेस्ला साइबरट्रक में विस्फोट हो गया।लास वेगास पुलिस विभाग ने कहा कि विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि जांच जारी है। सूत्रों ने एबीसी न्यूज को बताया कि कानून प्रवर्तन अधिकारी आतंकवादी हमले की संभावना से इनकार नहीं कर रहे थे।

## बांग्लादेश के सेनाध्यक्ष ने खालिदा जिया से मुलाकात की

एजेंसी


**ढाका।** बांग्लादेश के सेनाध्यक्ष जनरल वेकर-उज-जमान ने रात को बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष खालिदा जिया से मुलाकात की। बीएनपी मीडिया सेल के सदस्य सायरुल कबीर खान ने कहा, सेना प्रमुख अपनी पत्नी के साथ बीती रात करीब साढ़े आठ बजे बीएनपी प्रमुख के गुलशन निवास फिरोजा पहुंचे। ढाका ट्रिब्यून समाचार पत्र की खबर के अनुसार खालिदा जिया के सुरक्षा मामलों के सलाहकार मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) फजले इलाही अकबर ने सेना प्रमुख और उनकी पत्नी का स्वागत किया। सायरुल ने कहा कि 40 मिनट की शिष्टाचार मुलाकात के दौरान चर्चा मुख्य रूप से पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के स्वास्थ्य के इर्द-गिर्द घूमती रही। उन्होंने कहा कि सेना प्रमुख ने खालिदा का हालचाल पूछा और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



## रेड क्रॉस ने गाजा में तत्काल सहायता पहुंचाने का किया आह्वान

एजेंसी

**जिनेवा।** इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट सोसाइटीज (आईएफआरसी) ने गाजा में हाइपोथर्मिया की वजह से शिशुओं की हुई मौतों को लेकर तत्काल वहां सहायता पहुंचाने का आह्वान किया है। नवजात शिशुओं और शिशुओं की हाइपोथर्मिया से संबंधित मौतों की रिपोर्टों के बीच इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट सोसाइटीज के प्रमुख ने गाजा में तत्काल मानवीय पहुंच के लिए दबाव डाला। आईएफआरसी के महासचिव एक्स पर पोस्ट कर कहा, गाजा में हाइपोथर्मिया से बच्चों के मरने की संयुक्त राष्ट्र की हालिया रिपोर्टें वहां मानवीय संकट की गंभीर गंभीरता को रेखांकित करती है। मैं मानवतावादियों को सुरक्षित और निर्बाध पहुंच प्रदान करने के लिए तत्काल अपना आह्वान दोहराता हूं ताकि उन्हें जीवन रक्षक सहायता प्रदान की जा सके। उन्होंने आगे कहा कि सुरक्षित पहुंच के बिना - बच्चे ठंड से ठिठुर कर मर जायेंगे। सुरक्षित पहुंच के बिना - परिवार भूखे मर जायेंगे। सुरक्षित पहुंच के बिना - मानवीय कार्यकर्ता जान नहीं बचा सकते।


Jagan Chapagain
@jagan_chapagain

Recent UN reports of babies dying from hypothermia in Gaza underscore the critical severity of the humanitarian crisis there.

I urgently reiterate my call to grant safe and unhindered access to humanitarians to let them provide life-saving assistance.

Without safe access - children will freeze to death.
Without safe access - families will starve.
Without safe access - humanitarian workers can't save lives.

My urgent plea to all the parties is to put an end to this human suffering. Now.


6:33 PM · Jan 2, 2025 · 826 Views

# अमेरिका के फुलर्टन शहर में विमान गोदाम से टकराया, दो की मौत,18 झुलसे

एजेंसी

**वाशिंगटन।** दक्षिणी कैलिफोर्निया के फुलर्टन शहर में हुए विमान हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और कम से कम 18 झुलस गए। बताया गया कि एक छोटा विमान व्यावसायिक गोदाम की छत से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दौरान आग लग गई। गोदाम से 100 लोगों को सुरक्षित निकालकर बचा लिया गया। लॉस एंजिल्स टाइम्स समाचार पत्र के अनुसार, फुलर्टन पुलिस के प्रवक्ता क्रिस्टी वेल्स ने बताया कि पुलिस को गुरुवार दोपहर 2:09 बजे ऑरेंज काउंटी के फुलर्टन शहर में हुए विमान हादसे की सूचना मिली। दमकलकर्मियों और पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर बुझाई और आसपास के भवनों को खाली कराया। आग ने एक गोदाम को नुकसान पहुंचाया। गोदाम में सिलाई मशीनें और कपड़े का स्टॉक रखा हुआ था। यह हादसा फुलर्टन म्यूनिसिपल हवाई अड्डे से लगभग आधा मील दूर हुआ। झुलसे लोगों के इलाज के लिए पास में ही व्यवस्था की गई। दुर्घटनाग्रस्त विमान की पहचान एकल इंजन वैन के आरवी-10 के रूप में की गई है। फ्लाइट ट्रैकर फ्लाइट अवेयर के डेटा से पता चला कि यह विमान दोपहर 2ः07 बजे छोटे हवाई अड्डे से निकल रहा था। हवाई यातायात नियंत्रण टॉवर से प्राप्त ऑडियो के अनुसार विमान ने फुलर्टन हवाई अड्डे से उड़ान भरी ही थी कि पायलट ने घोषणा की कि तत्काल लैंडिंग की आवश्यकता है।

ऑडियो में, पायलट शुरू में कहता है कि वह रन-वे 6 पर उतरने जा रहा है। इस कारण हवाई यातायात नियंत्रक को दूसरे विमान को उस क्षेत्र से दूर जाने के लिए कहना पड़ा। इसके बाद हवाई यातायात नियंत्रक पायलट को बताता है कि लैंडिंग के लिए रन-वे 6 या 24 में से कोई एक खाली है। फिर पायलट कहता है कि वह रन-वे 24 पर उतरने जा रहा है। एक मिनट से भी कम समय के बाद पायलट कहता है ओह माय गॉड। इसके बाद उसकी आवाज शांत हो जाती है। यह विमान हंटिंगटन बीच निवासी के नाम पर पंजीकृत है। यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि दुर्घटना के समय वह विमान में थे या नहीं। फुलर्टन के मेयर फ्रेड जंग का कहना है कि दुर्घटना के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है।



# राष्ट्रपति जरदारी, नवाज शरीफ और इमरान खान की मुलाकात संभव

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) प्रमुख नवाज शरीफ और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान एक साथ बैठक कर सकते हैं। ऐसे संकेत पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के नेता राजा परवेज अशरफ ने दिए हैं। जियो न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, पीपीपी नेता अशरफ ने कहा कि जरदारी, नवाज शरीफ और इमरान खान मुद्दों को सुलझाना चाहते हैं। वक्त आने पर तीनों एक साथ बैठक कर सकते हैं। अशरफ ने पीटीआई वार्ता समिति से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में यह संकेत दिए। उन्होंने कहा कि समिति का रुख सकारात्मक है। समिति और हुकूमत के बीच बातचीत अच्छे माहौल में हो रही है। उन्होंने खुलासा किया कि पीटीआई ने अभी तक औपचारिक रूप से अपनी मांगें पेश नहीं की हैं, लेकिन उसने कार्यकर्ताओं की रिहाई और नौ मई और 26 नवंबर की घटनाओं की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग के गठन की मांग की है। उन्होंने कहा कि पीटीआई प्रतिनिधियों ने भी अपने नेतृत्व से परामर्श करने के लिए समय मांगा है। अशरफ ने कहा कि मुल्क को मौजूदा राजनीतिक अनिश्चितता और आर्थिक चुनौतियों से उबरने के लिए आम सहमति की आवश्यकता है। स्थिरता के लिए बातचीत जरूरी है।उल्लेखनीय है कि हुकूमत और पूर्व सत्तारूढ़ दल पीटीआई ने दूसरे दौर की बातचीत की। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष अयाज सादिक ने कहा कि बातचीत सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। यह बैठक संसद भवन के संविधान समिति कक्ष में हुई। यह वार्ता पीटीआई की सविनय अवज्ञा आंदोलन की घोषणा के बाद हो रही है। सविनय अवज्ञा आंदोलन की घोषणा में कहा गया है कि पीटीआई संस्थापक इमरान खान समेत सभी राजनीतिक कैदियों को रिहा किया जाए। नौ मई और 26 नवंबर की घटना की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया जाए। जेल में बंद पीटीआई संस्थापक पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पिछले महीने सरकार के खिलाफ सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू करने की घोषणा की थी। इसके बाद हुकूमत ने बातचीत की पहल की है।



# पीटीआई के वकील का दावा- इमरान खान ने सरकार की पेशकश ठुकराई

एजेंसी

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के वकील फैसल चौधरी ने दावा किया है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सरकार की उस पेशकश को ठुकरा दिया है, जिसमें उनसे कहा गया था कि अगर वह आंदोलन की राजनीति बंद कर दें तो उन्हें जेल की शेष अवधि काटने के लिए इस्लामाबाद में उनके निवास बानी गाला में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

न्यूज चैनल की खबर के अनुसार वकील चौधरी ने रावलपिंडी सेंट्रल जेल (अदियाला जेल) के बाहर संवाददाताओं से कहा कि पेशकश के दौरान इमरान खान ने इस बात पर जोर दिया कि जब तक बिना मुकदमे के हिरासत में लिए गए लोगों को रिहा नहीं किया जाता, तब तक वह कहीं नहीं जाएंगे। पीटीआई संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान इसी जेल में लंबे समय से बंद हैं।चैनल का कहना है कि पीटीआई के वकील का पेशकश संबंधी खुलासा ऐसे समय पर हुआ है, जब संघीय सरकार और पूर्व सत्तारूढ़ दल पीटीआई के प्रतिनिधि दो प्रमुख मुद्दों पर बातचीत कर रहे हैं। यह मुद्दे राजनीतिक कैदियों की रिहाई और नौ मई, 2023 और 26 नवंबर, 2024 की घटना के लिए जांच आयोग का गठन हैं। इससे पहले इस हफ्ते की शुरुआत में पीटीआई संस्थापक की बहन अलीमा खान ने कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री किसी भी सौदे पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि जब वह पहले ही डेढ़ साल जेल में बिता चुके हैं तो कोई सौदा क्यों करेंगे। पीटीआई सीनेटर शिबली फराज भी स्पष्टीकरण दे चुके हैं कि इमरान खान ने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज गठबंधन सरकार से कोई मांग नहीं की है। पूर्व प्रधानमंत्री के वकील फैसल चौधरी ने टिप्पणी की, इमरान खान ने कहा है कि पीटीआई का समय आ गया है और कोई भी ताकत इसे रोक नहीं सकती।



# नेपाल सरकार ने एक दशक में 28,500 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने की योजना को मंजूरी दी

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में ऊर्जा परिदृश्य को बदलने और बिजली उत्पादन क्षमता को 28,500 मेगावाट तक बढ़ाने के लिए सरकार ने 2025 से 2035 तक के लिए 10 साल की नई ऊर्जा योजना को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में पारित इस योजना को ऊर्जा विकास रोडमैप और कार्य योजना-2025 का नाम दिया गया है। ऊर्जा मंत्री दीपक खड़का ने बताया कि इस योजना का लक्ष्य 2035 तक देश में 28,500 मेगावाट बिजली उत्पन्न करना है। इस समय नेपाल में हाइड्रोपावर से 3,200 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। हालांकि, गर्मी के महीने में नेपाल के लिए यह अधिक बिजली का उत्पादन है, लेकिन सर्दियों में भारत से करीब 650 मेगावाट बिजली का आयात करना पड़ता है। नेपाल विद्युत प्राधिकरण के मुताबिक गर्मियों में नेपाल से भारत के तरफ 950 मेगावाट बिजली का निर्यात किया जा चुका है।

इतना ही नहीं, वर्ष 2024 के नवंबर में नेपाल ने भारत के रास्ते बांग्लादेश को भी 40 मेगावाट बिजली का निर्यात किया था, जो इस वर्ष 15 जून से पुनः शुरू किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री खड़का ने बताया कि दिसंबर से अप्रैल तक नेपाल में 650 मेगावाट बिजली की कमी रहती है, जिसे भारत से आयात करके पूरा किया जाता है। उन्होंने बताया कि नई ऊर्जा नीति का पहला लक्ष्य बिजली उत्पादन को बढ़ाकर नेपाल में 6 महीने होने वाली बिजली की कमी को समाप्त करना है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि सन 2025 में भारत सरकार के 3 हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट का काम पूरा होने के बाद इस समस्या से निजात पाया जा सकता है। मंत्री खड़का ने कहा कि जलविद्युत परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए निवेश के सभी तरीकों के विकल्प को खुला रखा गया है। नेपाल को 2035 तक 28,500 मेगावाट बिजली पैदा करने के लिए 6232 बिलियन रुपये के निवेश की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार, निजी क्षेत्र और विदेशी निवेश के नियमों को सरल बनाने के काम को प्राथमिकता देने वाली है। उन्होंने यह भी बताया कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ऊर्जा निवेश से संबंधित कई कानूनों को बदलने पर भी तेजी से काम चल रहा है।




# राष्ट्रपति येओल तक नहीं पहुंच पाए जांच अधिकारी, समर्थक बन गए ढाल

एजेंसी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल को हिरासत में लेने पहुंचे भ्रष्टाचार जांच कार्यालय के वरिष्ठ जांच अधिकारियों को उनके सरकारी आवास के बाहर से ही खाली हाथ लौटना पड़ा।

राष्ट्रपति येओल का सरकारी आवास राजधानी सियोल के हन्नम-डोंग में है। आवास के प्रवेश द्वार पर येओल समर्थक किसी को भी फटकने नहीं दे रहे। उनमें से अनेक लोग जमीन पर लेटे हुए हैं। यून सुक येओल को हिरासत में लेने के लिए एक अदालत ने वारंट जारी किया है। भ्रष्टाचार जांच कार्यालय के प्रमुख कह चुके हैं कि वारंट पर छह जनवरी तक हर हाल में अमल किया जाएगा। द कोरिया हेराल्ड समाचार पत्र के अनुसार उच्च अधिकारियों के जांच दल ने राष्ट्रपति येओल को हिरासत में लेने के कदम बढ़ाए। दल को राष्ट्रपति आवास के बाहर उनके समर्थकों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। पुलिस ने इन लोगों को तितर-बितर करने का प्रयास भी किया। मगर इसमें पूरी तरह सफलता नहीं मिल पाई। येओल ने अपने समर्थकों से राज्य विरोधी ताकतों के खिलाफ लड़ने का आग्रह किया है। वह अपने खिलाफ जारी हिरासत वारंट की वैधता के बारे में भी सवाल उठा रहे हैं।

सियोल वेस्टर्न डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने 31 दिसंबर को यून को हिरासत में लेने का वारंट जारी किया है। यून पर तीन दिसंबर, 2024 को मार्शल लॉ डिक्री के संबंध में विद्रोह का नेतृत्व करने और सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप है। दक्षिण कोरिया के इतिहास में किसी मौजूदा राष्ट्रपति को हिरासत में लेने के लिए जारी किया गया यह पहला वारंट है। जांचकर्ता पूछताछ के लिए यून को 48 घंटे तक हिरासत में रख सकते हैं। यदि वे राष्ट्रपति को गिरफ्तार करना चाहते हैं तो उन्हें अदालत से एक अलग गिरफ्तारी वारंट जारी करने के लिए आग्रह करना होगा।



## श्रीलंका को इस वर्ष अमेरिका से मिलेंगे आठ बेल-206 हेलीकॉप्टर, पाकिस्तान से एक एफटी-7 ट्रेनर विमान

**कोलंबो।** श्रीलंका को इस वर्ष संयुक्त राज्य अमेरिका से आठ बेल 206 हेलीकॉप्टर और पाकिस्तान से एक एफटी-7 ट्रेनर विमान मिल जाएगा। इससे देश की वायु सेना का हवाई बेड़ा सुदृढ़ होगा। डेली मिरर समाचार पत्र के अनुसार श्रीलंकाई वायु सेना के कमांडर एयर मार्शल उडेनी राजपक्षे ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि अमेरिका से 2025 की पहली तिमाही में आठ टीएच-57 सी रेंजर बेल-206 हेलीकॉप्टर श्रीलंका को मिल जाएंगे। इनका प्रयोग मुख्य रूप से अमेरिकी नौसेना और मरीन कॉर्प्स प्रशिक्षण और परिचालन मिशन में किया जाता है।

# पाकिस्तान में नौ मई के दंगों के लिए दोषी 19 लोगों की सजा माफ

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में नौ मई 2023 के दंगों के लिए दोषी 19 लोगों की सजा माफ कर दी गई है। मुल्क की सैन्य अदालतों ने इन समेत 85 नागरिकों को दोषी ठहराते हुए दो से 10 साल तक जेल की सजा सुनाई थी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने आज जारी बयान में घोषणा की कि नौ मई के दंगों में शामिल 19 दोषियों की दया याचिका मानवीय आधार पर स्वीकार कर ली गई है।डॉन समाचार पत्र के अनुसार, आईएसपीआर ने बयान में कहा कि कुल 67 दोषियों ने दया याचिकाएं दी हैं। 48 याचिकाओं पर अपील अदालतों में कार्रवाई की गई है। 19 दोषियों की याचिकाएं पूरी तरह से मानवीय आधार पर कानून के तहत स्वीकार की गई हैं। मोहम्मद अयाज पुत्र साहिबजादा खान, सामी उल्लाह पुत्र मीर पिता खान, लईक अहमद पुत्र मंजूर अहमद, अमजद अली पुत्र मंजूर अहमद, यासिर नवाज पुत्र अमीर नवाज खान, आलम पुत्र माजुल्लाह खान, जाहिद खान पुत्र मुहम्मद नबी, मोहम्मद सुलेमान पुत्र सईद गनी जान, हमजा शरीफ पुत्र मोहम्मद आजम, मोहम्मद सलमान पुत्र जाहिद निसार, आशेर बट पुत्र मोहम्मद अरशद बट, मोहम्मद वकास पुत्र मलिक मोहम्मद खलील, सुफयान इदरीस पुत्र इदरीस अहमद, मुनीब अहमद पुत्र नवीद अहमद बट, मोहम्मद अहमद पुत्र मोहम्मद नजीर, मोहम्मद नवाज पुत्र अब्दुल समद, मोहम्मद अली पुत्र मोहम्मद बूटा, मोहम्मद बिलावल पुत्र मंजूर हुसैन और मोहम्मद इलियास पुत्र मोहम्मद फजल हलीम की सजा पूरी तरह माफ कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि मुल्क में यह दंगे अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद भड़के थे। इस दौरान कम से कम 10 लोगों की जान चली गई थी और सैकड़ों लोग घायल हुए थे। लगभग 40 सार्वजनिक इमारतों और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया था। इनमें प्रमुख हैं- लाहौर कोर कमांडर हाउस (जिन्ना हाउस), लाहौर का अस्करी टॉवर, रावलपिंडी का जनरल हेडक्वार्टर (जीएचक्यू), फैसलाबाद का आईएसआई कार्यालय, चकदारा का एफसी किला, पेशावर का रेडियो पाकिस्तान भवन, स्वात मोटर-वे का टोल प्लाजा और मियांवाली पीएएफ बेस।



कौमी पत्रिका

संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in

R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472

Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## मानसिक स्वास्थ्य के लिए अस्पताल के साथ संस्कृत और शान्ति मन्त्र का भी महत्व है: प्रो. वरखेडी



एजेंसी
नई दिल्ली। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेडी ने कहा है कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए अस्पताल के साथ संस्कृत और शान्ति मन्त्र का भी महत्व है। प्रो वरखेडी ने ये बातें काश्मीर शैव दर्शन के प्रख्यात चिन्तक एवं सन्त के नाम से प्रख्यात 'श्री मुक्तानन्द - संस्कृत महाविद्यालय, शान्ति मन्दिर ,वलसाड मण्डल ,गुजरात के 26 वें वार्षिक उत्सव सत्संग में कहीं। उन्होंने कहा कि आज विश्व के बड़े- बड़े संस्थानों में दुनिया के बहुत ही प्रतिभा संपन्न लोग कार्य कर रहे हैं, लेकिन वे मानसिक तनाव से ग्रस्त है । अतः अभी अस्पतालों की स्थापना के साथ साथ शान्ति मन्त्र के माहात्म्य पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

# भारत की सीमाएं संस्कृति से परिभाषित होती हैं, युद्ध या समझौते से नहीं: शाह

एजेंसी
नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा भू-सांस्कृतिक राष्ट्र है, जिसकी सीमाएं 'युद्ध या समझौते' से नहीं बल्कि संस्कृति से परिभाषित होती हैं।श्री शाह ने यहां 'जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख : सातत्य और सम्बद्धता का ऐतिहासिक वृत्तांत' पुस्तक के विमोचन के मौके पर कहा, कश्मीर से कन्याकुमारी, गांधार से ओडिशा और बंगाल से गुजरात तक, हम जहां भी जाते हैं, हमारा देश संस्कृति से जुड़ा है। गृह मंत्री ने कहा कि जो लोग किसी देश को 'भू-राजनीतिक' के रूप में परिभाषित करते हैं, वे संस्कृति से जुड़े भारत को परिभाषित नहीं कर पाएंगे। श्री शाह ने कहा , डेढ़ सौ साल का एक दौर था, जब



इतिहास का मतलब दिल्ली दरीबा से बल्ली मारान और लुटियंस से दिल्ली के जिमखाना तक था। इतिहास इन्हीं स्थानों तक सीमित था। यहां बैठकर इतिहास नहीं लिखा जा सकता। इतिहास को केवल लोगों से मिलकर, उनकी भाषाओं, उनके जीवन और उनकी संस्कृतियों को समझकर ही समझा जा सकता है। उन्होंने कहा, समय आ गया है कि हम खुद को उस इतिहास से मुक्त करें जो शासकों को खुश करने के लिए लिखा गया था। मैं इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के प्रतिष्ठित इतिहासकारों से आग्रह करता हूं कि वे हमारे हजारों साल पुराने इतिहास को तथ्यपूर्ण, विश्वास के साथ लिखें और इसे प्रमाण और गर्व के साथ दुनिया के सामने प्रस्तुत करें। गृह मंत्री ने कहा, भारत को समझने के लिए हमें उस तथ्य को समझना होगा जो हमारे देश को जोड़ता है। कश्मीर और लद्दाख के इतिहास के साथ भी यही हुआ। यहां किसने शासन किया और कौन रहते थे, कौन-कौन से समझौतों पर हस्ताक्षर हुए, इसका विश्लेषण करना मेरी दृष्टि में व्यर्थ है। केवल वही इतिहासकार ऐसा कर सकते हैं जो इतिहास को एक अलग तरीके से देखते हैं।

उन्होंने कहा , ÷श्मीर हमेशा भारत का अविभाज्य हिस्सा रहा है और हमेशा अविभाज्य रहेगा। इसे किसी भी कानून द्वारा अलग नहीं किया जा सकता है, प्रयास किए गए लेकिन अंत में उन धाराओं को हटा दिया गया और सभी बाधाओं को दूर किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## मोदी ने न्यू ऑरलियन्स में आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की

एजेंसी
नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के न्यू ऑरलियन्स में हुए आतंकवादी हमले को कायरतापूर्ण बताते हुए कड़ी निंदा की है और 15 लोगों की मौत पर दुख एवं परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। श्री मोदी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, हम न्यू ऑरलियन्स में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। हमारी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएँ पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। इस त्रासदी से उबरने पर उन्हें शक्ति और ढाढस मिले। अमेरिका के न्यू ऑरलियन्स शहर में प्रसिद्ध फ्रेंच क्वार्टर स्थित बॉर्बन स्ट्रीट और इबर्विले के चौराहे पर बुधवार सुबह करीब सवा तीन बजे नए साल के जश्न के दौरान एक ट्रक ड्राइवर ने भीड़ पर वाहन चढ़ा दिया और गोलीबारी की जिससे कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 35 से अधिक लोग घायल हो गए। यह स्थान अपनी नाइटलाइफ और



सांस्कृतिक विविधता के लिए प्रसिद्ध है। अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई ने इसे आतंकी हमला करार दिया है क्योंकि आरोपी के वाहन से इस्लामिक आतंकी संगठन आईएसआईएस का झंडा बरामद हुआ है। हमलावर की पहचान 42 वर्षीय शम्सुद-दीन जब्बार के रूप में हुई है जो पुलिस की जवाबी कार्रवाई में हमलावर मारा गया।

## मनमोहन सिंह के नाम पर डीयू के नये कॉलेज का नामकरण करने की मांग

नयी दिल्ली। कांग्रेस से सम्बद्ध छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के नये कॉलेज का नाम पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नाम पर रखने की मांग करते हुए कहा है कि डॉ. सिंह को सम्मानित करने के लिए शैक्षणिक संस्थाओं का नामकरण उनके नाम पर किया जाना चाहिए। कांग्रेस छात्र इकाई के प्रवक्ता रवि पांडे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि एनएसयूआई अध्यक्ष वरुण चौधरी ने श्री मोदी को पत्र लिखकर देश की शिक्षा प्रणाली में डॉ. सिंह के ऐतिहासिक योगदान का उल्लेख किया और कहा कि उन्होंने केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009, शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) और देशभर में आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे प्रमुख संस्थानों की स्थापना की है।

## चुनाव नजदीक आते ही आप और भाजपा को आयी किसानों की यादः यादव



नयी दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने किसानों के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला करते हुए कहा है कि विधानसभा चुनाव के करीब आते ही इन दोनों पार्टियों को किसानों की याद आ रही है। दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल के भ्रष्टाचार, कुशासन और जनता की अनदेखी के साथ ही भाजपा के साथ उनकी मिलीभगत जगजाहिर है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव आते ही आप और भाजपा को किसानों की याद आ रही है, जबकि भाजपा द्वारा संसद में पारित किसान विरोधी तीनों काले कृषि कानूनों को सबसे पहले श्री केजरीवाल ने 23 नवम्बर, 2020 को अधिसूचित करके अपना किसान विरोधी चेहरा उजागर कर दिया था। उन्होंने कहा कि आज आप सांसद संजय सिंह किसानों के लिए घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं।

## दिल्ली के किसानों को केंद्र की कृषि योजनाओं का नहीं मिला लाभः शिवराज

एजेंसी
नई दिल्ली।केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार अपनी तरफ से पैसा देने के लिए तैयार है, लेकिन दिल्ली की सरकार की वजह से किसानों का उन योजनाओं का लाभ ही नहीं मिल रहा है।

श्री चौहान ने यहां कहा कि दिल्ली के किसान उनसे मिले थे और बताया कि उन्हें कई योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार अपनी तरफ से पैसा देने के लिए तैयार है, लेकिन दिल्ली की सरकार की वजह से किसानों को केंद्र की क़ृषि योजनाओं का लाभ ही नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र अपने आप पैसा नहीं भेजता है। राज्य के प्रस्ताव पर केंद्र योजनाओं का पैसा भेजता है और दिल्ली से कई योजनाओं के लिए केंद्र सरकार के पास कोई प्रस्ताव आए ही नहीं, इसलिए उन योजनाओं का लाभ नहीं



मिला। इसमें कई योजनाएं ऐसी हैं, जिनमें 60 प्रतिशत पैसा केंद्र सरकार देती है और 40 प्रतिशत पैसा राज्य को मिलाना पड़ता है।

# भाजपा सांसदों ने खट्टर से मुलाकात कर दिल्ली को विश्वस्तरीय शहर में बदलने की रूपरेखा पेश की

एजेंसी
नई दिल्ली। दिल्ली के सांसदों ने केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की और प्रमुख विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर दिया। दिल्ली के सभी सात सांसद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हैं। सांसदों ने इस दौरान राजधानी को विश्वस्तरीय शहर में बदलने के लिए रूपरेखा भी प्रस्तुत की।

सांसदों ने बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में मेट्रो कनेक्टिविटी का विस्तार करने, 'नमो भारत कॉरिडोर' की शुरुआत और झुग्गीवासियों के लिए आवास परियोजनाओं में तेजी लाने सहित प्रमुख प्रस्तावों पर प्रकाश डाला। योगेंद्र चंदोलिया ने नरेला में एक शिक्षा केंद्र और एक विश्वस्तरीय स्टेडियम स्थापित करने की मांग पर जोर दिया।वहीं, मनोज तिवारी ने हजारों कर्मचारियों और आगंतुकों को लाभ पहुंचाने के लिए 'सेंट्रल विस्टा'



के लिए मेट्रो कनेक्टिविटी की आवश्यकता पर जोर दिया।

सांसदों की ओर से इस संबंध में जारी बयान में कहा गया, हमने हजारों कर्मचारियों और आगंतुकों की सुविधा के लिए 'सेंट्रल विस्टा' को मेट्रो के साथ जोड़ने का अनुरोध किया है। इसके अलावा प्रस्तावों में दिल्ली हवाई अड्डा, द्वारका और गुरुग्राम को जोड़ने के साथ-साथ दिल्ली हवाई अड्डे से टर्मिनल-1 तक कनेक्टिविटी बढ़ाना शामिल है। तुगलकाबाद मेट्रो लाइन को कालिंदी कुंज और जैतपुर तक विस्तारित करने का भी सुझाव दिया गया है। हर्ष मल्होत्रा ने नमो भारत और फास्ट-ट्रैक कॉरिडोर के निर्माण में तेजी लाने की वकालत करते हुए कहा, ये परियोजनाएं जनता के लिए आवागमन में क्रांतिकारी बदलाव लाएंगी, जिससे यात्रा सुगम और अधिक सुविधाजनक होगी। कमलजीत सहरावत ने सरकार से झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए 'इन-सीटू हाउसिंग स्कीम' में तेजी लाने का आग्रह किया वहीं, रामवीर सिंह बिधूड़ी ने जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए इस योजना के तहत और अधिक झुग्गी-झोपड़ियों को शामिल करने का आह्वान किया। सांसदों ने राजधानी में भीड़भाड़ कम करने और बढ़ते प्रदूषण के स्तर को कम करने की रणनीतियों पर भी चर्चा की और केंद्र सरकार से इन मुद्दों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने दिलशाद गार्डन, शालीमार बाग, पीतमपुरा, गोविंदपुरी और नवजीवन कैंप जैसे क्षेत्रों में जारी परियोजनाओं पर तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया। सांसदों ने इन परियोजनाओं को शहरी जीवन स्तर में सुधार के लिए महत्वपूर्ण बताया।

# पूजा स्थल कानून : सुप्रीम कोर्ट ओवैसी की याचिका पर 17 फरवरी को करेगा सुनवाई

एजेंसी
नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि साल 1947 के 15 अगस्त को अस्तित्व आए किसी स्थान के धार्मिक स्वरुप को बरकरार रखने के प्रावधान वाले वर्ष 1991 के पूजा स्थल कानून लागू करने की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की याचिका पर 17 फरवरी को इसी प्रकार की अन्य याचिकाओं के साथ सुनवाई करेगा।मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने सांसद ओवैसी की याचिका पर सुनवाई करने संबंधी सहमति व्यक्त करते हुए अन्य लंबित मामलों के साथ जोड़ने का आदेश दिया। पीठ के समक्ष अधिवक्ता निज़ाम पाशा ने सांसद ओवैसी का पक्ष रखते हुए कहा कि अदालत के पास इस मुद्दे पर विभिन्न दलीलें हैं और ताजा दलीलों को भी उनके साथ जोड़ा जा सकता है। इसके बाद पीठ ने कहा कि कुछ इसी प्रकार की अन्य लंबित याचिकाओं के साथ उनकी याचिका पर 17 फरवरी को वह विचार करेगी।श्री ओवैसी की ये याचिका अधिवक्ता फुजैल अहमद अय्यूबी के माध्यम से दिसंबर 2024 उलमा-ए-हिंद और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड द्वारा दायर याचिकाओं पर आदेश पारित किया था।इससे पहले अधिवक्ता अश्विनी

## मेरी माफी पर राजनीति करने वाले राज्य में अशांति फैलाना चाहते हैं

इंफाल, 3 जनवरी। मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने जातीय संघर्ष को लेकर माफी मांगने के बाद विपक्ष की ओर से किए गए हमलों का जवाब दिया है। सीएम एन बीरेन सिंह ने कहा कि मणिपुर संघर्ष को लेकर उनकी ओर से मांगी गई माफी पर जो लोग राजनीति कर रहे हैं, वे राज्य में अशांति फैलाना चाहते हैं। जबकि सरकार की प्राथमिकता शांति बहाल करना है। सीएम ने कहा कि अतीत बीत चुका है। अब समुदायों को साथ बैठकर संघर्ष का स्थायी समाधान खोजना चाहिए। सीएम एन बीरेन सिंह ने कहा कि जो लोग मेरे बयान पर राजनीति कर रहे हैं, वे राज्य में अशांति फैलाना चाहते हैं। विपक्ष की कोई विचारधारा नहीं है। मैंने जो कहा वह दुख और शोक की अभिव्यक्ति थी।


**NAME CHANGE**
I, USHA is legally spouse of No. 2808909F Rank- SEP Name- GADHE BALASAHEB JAYWANTA, R/O VILL BHOYARE PATHAR, POST BHOYARE PATHAR, TEH- AHMEDNAGAR, DIST- AHMEDNAGAR, STATE MAHARASHTRA, PIN-414005,have changed my name from USHA to USHA BALASAHEB GADHE for all future purposes. Vide affidavit dated 01.01.2025 Public Notary Delhi.

**NAME CHANGE**
I, Rubina Mir w/o Mohammad Shakeel Ahmed House No. 2847 Bulbuli Khana Bazar Sita Ram , Delhi 110006 have changed my name from Robeena Mir to Rubina Mir for all future purposes

**NAME CHANGE**
I, DOLLY GOYAL wife of AKASH GOYAL residing at SCF-99, RAJGURU MARKET, HISAR, HARYANA-125001 have changed my name to DOLLY for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, Shri Chand Rjpoot S/o Bihari Singh R/o Bahtoo Kalan, Alwar, Rajasthan-321605, Have Changed My Name To Shri Chand For All Future Purpose

**NAME CHANGE**
I. GHANSHYAM S/O SANT LAL residing at H NO 2120 SECTOR 12, SONIPAT, HARYANA 131001 have changed my name to GHANSHYAM DASS ARORA permanently

**NAME CHANGE**
I, Sukhbir Singh S/o Lakhjeet Singh R/o 49, Near Shiv Mandir, Kulana (248), Kahri, Jhajjar, Haryana-124108 Have Changed My Name To Sukhbir Singh Chauhan For All Future Purpose.

**NAME CHANGE**
I SURAJ KUMAR S/O JAI KUMAR R/O House No- 3964 AJMERI GATE DELHI G.P.O NORTH DELHI, DELHI-11000, have changed the name of my minor son NIKHL age 14 years he shall hereafter be known as NIKHIL.

**NAME CHANGE**
I, No. 2809675P Rank-L/NK Name-MAN BAHADUR BK, S/O YAM BAHADUR BKR/o VILL-WARD NOS AMBEDKAR NAGAR, POST-NAUTANWA BAZAR, TEH-NAUTANWA, DIST-MAHARAJGANJ, PIN-273164 have changed my minor son name from MISSION BK MAN BAHADUR BK to MISSION BK for all future purposes. Vide affidavit dated 01.01.2025 before Public Notary Delhi.

**NAME CHANGE**
ARCHANA is legally spouse of No. 2808053F Rank-HAV Name- INJAL PRAVIN BABURAO, R/O AT MAHAGAON, POST-MAHAGAON, TEH-GADHINGLAJ, DIST - KOLHAPUR, STATE - MAHARASHTRA, PIN-416503, have changed my name from ARCHANA T0 ARCHANA PRAVIN INJAL for all future purposes. Vide affidavit dated 01.01.2025 before Public Notary Delhi.

**NAME CHANGE**
I SAT PAL S/O RAM KISHAN R/O PLOT NO 25-B GROUND FLOOR KH N.25/16 AND 2 VIKAS NAGAR WEST DELHI-110059 have changed my name to SATPAL DHILLON

**NAME CHANGE**
I, Vandana legally spouse of No 4580892H Hav Jadhav Ganpat Shankarrao, presently residing at Vill. -Bamni, PO-Mukramabad, Tehsil-Mukhed, Dist-Nanded, (Maharashtra)-431719 have changed my name from Vandana to Vandana Ganpat Jadhav vide affidavit dated 21.12.2024, before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, No 4580892h Hav Jadhav Ganpat Shankarrao, presently residing at Vill. -Bamni, PO-Mukramabad, Tehsil-Mukhed, Dist-Nanded, (Maharashtra)-431719 have changed my name minor son name from Vinay Jadhav to Vinay Ganpat Jadhav vide affidavit dated 21.12.2024, before Notary Public, Delhi

**NAME CHANGE**
I, Chandrakalan Mother of No .4580892H Rank. Hav Jadhav Ganpat Shankarrao, presently residing at Vill. –Bamni, PO-Mukramabad, Tehsil-Mukhed, Dist-Nanded, (Maharashtra)-431719 have changed my name of from Chandrakalan to Chandarkalabai Shankar Jadhav & vide affidavited dated 21.12.2024, before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, Ranjit Singh Bakshi S/o Kamaljit Singh R/o WZ-44, Street No-6, Krishna Park, Tilak Nagar, West Delhi, Delhi-110018 Have Changed My Name To Ranjit Singh For All Future Purpose.

**NAME CHANGE**
I,ANJALI KUMARI JALAN D/O BASANT KUMAR JALAN R/O 29-B SRINAGAR COLONY SINDHORA KALAN, ASHOK VIHAR, NORTH WEST DELHI, DELHI-110052have changed my name to ANJALI JALAN for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I SURAJ KUMAR S/O JAI KUMAR R/O House No- 3964 AJMERI GATE DELHI G.P.O NORTH DELHI, DELHI-11000, have changed the name of my minor son PARSANT 10 years he shall hereafter be known as PRASHANT.

**PUBLIC NOTICE**
My Client Gudiya W/O Sh. Sunil Singh, have change her son's father name from Jagdish Prasad to Sunil Singh, due to my client already Divorce on 03.11.2024 from her husband Jagdish Prasad and in future my client son's father name is Sunil Singh, for all purpose.
**PANKAJ KUMAR GUPTA**
ADVOCATE
CH.NO.482, SAKET COURT
NEW DELHI

**NAME CHANGE**
I, Shankarrao father of no. 4580892H Rank Hav. Name Jadhav Ganpat Shankarrao residing at vill Bamni post mukramabad Tehsil Mukhed, Dist-Nanded, (Maharashtra) Pin 431719 have Changed My name From SHANKARRAO to SHANKAR RAMA JADHAV For all future purposes vide AFFIDAVIT dated 21.12.2024 before Notary public. Delhi

**NAME CHANGE**
It is for general information that I DEV S/O VINOD KUMAR R/O H. No. B-427, STREET No-6, PREM VIHAR, SHIV VIHAR KARAWAL NAGAR PO: GOKAL PURI DISTRICT NORTH EAST DELHI, DELHI-110094, declare that name of my father has been wrongly written as VINOD VERMA in my 10th and 12th class educational Documents. The actual name of my father is VINOD KUMAR which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, TEJ BANO Mother of No. 2708808Y Rank-NK Name-ALI MOHAMMAD KHAN Presently residing at VILL-PHOGARI, TEH-DIDWANA, DIST-NAGAUR, RAJASTHAN-341303 have changed my name from TEJ BANO to TAJ BANO for all future purposes vide Affidavit dated 03/01/2025 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
I hitherto known as JASWINDER SINGH GANDHOK alias JASWINDER SINGH S/o SURJEET SINGH GANDHOK, R/o 429/5, First Floor (Left side), Govind Puri, Kalkaji, New Delhi-110019, have changed my name and shall hereafter be known as JASWINDER SINGH.

**NAME CHANGE**
I, JC-705954F Rank-SUB Name-SUNIL KUMAR Presently residing at VILL-GOMLA, PO-BHOJAWAS, TEH-KANINA, DIST-MAHENDRAGARH, HARYANA-123034 have changed my mother's name from KAMALA DEVI to KAMLA DEVI for all future purposes vide Affidavit dated 03/01/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, MOHANI SUNAR am wife of No-15175940N Rank-HAV Name-BIJOY SUNAR R/o KAHILI PARA ROAD, JATIA, SHAHID PATH, NEAR RASHMI BHAWAN, WARD NO-24/19, H NO-5, DISTT-KAMRUP, TEHSIL-BELTOLA, ASSAM-781019 have changed my name from MOHANI SUNAR to MOHINI SUNAR as per Aadhar Card and School Mark sheet vide Affidavit dated 03/01/2025 The name MOHINI SUNAR should be written and known in future.

**NAME CHANGE**
I, JC-331944F, Rank-SUB MAJ / JE (CIVIL) Name-AMIT KUMAR R/o H. No-143, VILL-KHAJURI, PO-IQBALPUR, DIST-HARIDWAR, UTTARAKHAND-247668 have changed my mother's name from RAJESHWARI DEVI to RAJESHVARI for all future purposes and in my service records my mother's date of birth wrongly mentioned as 02/07/1954 instead of her correct date of birth as 01/01/1948 vide Affidavit dated 03/01/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, RESHMA GHATANI wife of No-15209227L Rank-HAV Name-SAMIR PARIYAR Presently residing at VPO-PANIGHATTA BAZAR, TEH-SILIGURI, DIST-DARJEELING, WEST BENGAL-734423 have changed my name from RESHMA GHATANI to RESHMA GHATANI PARIYAR as per Aadhar Card and PAN Card vide Affidavit dated 03/01/2025. The name RESHMA GHATANI PARIYAR should be written and known in future.

**NAME CHANGE**
I, SUMIT KUMAR RATHEE S/O BALJIT SINGH RATHEE Permanent Residence at H. NO-47A, 40 FEET ROAD, JAIN NAGAR, KARALA, NORTH WEST DELHI, DELHI-110081, and Presently Residing at FLAT NO-469, ROSE WOOD APPARTMENT, POCKET-A, DWARKA, SECTOR-13, NEW DELHI-110078,have changed the name of my minor daughter YASHMITA aged 16 years and she shall hereafter be known as YASHMITA RATHEE.

**NAME CHANGE**
I, MOHD MAQSOOD ALAM son of MD KHURSHID residing at H NO-1/10073F, STREET NO-3, WEST GORAKH PARK, SHAHDRA, DELHI-110032 have changed my name to MD MAKSUD AALAM for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I Aaniya Tarachandani W/o Gurjeet Singh R/o NI - 902, Royal Nest App. Techzone 4, Greater Noida Goutam Buddha Nagar Uttarpradesh - 201306 have changed my name Khushbu j Nibhani for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, JC-736531P Rank-NB SUB Name-ISSAC KC Presently residing at KANNANTHARA HOUSE, VILL-PAIPPAD, PO-THRICKODITHANAM, THESIL-CHANGANACHERRY, DISTT-KOTTAYAM, KERALA-686105 have changed my mother's name from MARIYAMMA CHACKO to MARIAMMA CHACKO for all future purposes and in my service records my mother's date of birth wrongly mentioned as 04/05/1962 instead of her correct date of birth as 01/01/1962 vide Affidavit dated 10/12/2024 before Executive Magistrate, Delhi Cantt.

**NAME CHANGE**
I, MEHZABI PARVEEN wife of MD MAKSUD AALAM residing at H NO-1/10073F, STREET NO-3, WEST GORAKH PARK, SHAHDRA, DELHI-110032 have changed my name to MAHJABEN PRAWEEN for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, SULA DEVI M/o No-4577589W L/HAV SATYENDRA PRASAD R/o Vill-Ratanpura, Po-Kumbhichaur, Teh-Kotdwara, Dist-Pauri Garhwal, Uttarakhand-246149, declare that I have change my name from SULLA DEVI to SULA DEVI and also changed my date of birth from 06-10-1956 to 01-01-1955 for all future purposes vide Public Notary Delhi affidavit dt 21-12-2024.

**NAME CHANGE**
I, PAL Father of No. 15202290X, Rank-HAV(SHGD), Name- VIRENDRA KUMAR residing at VILLAGE-NARAYANPUR, POST-PANCHDEVRA, NAIBASTI, HARDOI, UTTAR PRADESH-241123 have changed my name from PAL to SHRIPAL for all future purposes vide Affidavit dated 03/01/2025 before Notary Public, Delhi.


**NAME CHANGE**
It is for general information that I DEV S/O VINOD KUMAR R/O H. No. B-427, STREET No-6, PREM VIHAR, SHIV VIHAR KARAWAL NAGAR PO: GOKAL PURI DISTRICT NORTH EAST DELHI, DELHI-110094, declare that name of my father has been wrongly written as VINOD VERMA in my 10th and 12th class educational Documents. The actual name of my father is VINOD KUMAR which may be amended accordingly.


**NAME CHANGE**
I, Rajeshhvari ben spouse of No 4580790M,Rank-HAV, solanki suresh kumar parvat sinh resident of 3-120 juna shedha,Amodara,Arvalli, gujarat -383330 have changed my name from Rajeshhvari ben to Solanki Rajeshhvariben Suresh Kumar vide affidavit no.IN-DL12777893519679X dated 03.01.2025, Notary Public, Delhi.

**Lost & found**
I K.Pankaj Karnatak (Aadhar Card No 6686 5578 8922) S/o V.D.Karnatak aged about 53 years, residing at H/NO-356 PCKET D-9, SECTOR -3, ROHINI, NEW DELHI-110085, do hereby inform to the General Public that I have lost the original land document pertaining to my/our property registered in document No's GPA No 506/2004 Book No 4 Dated 15.12.2004, GPA No 432/2004 Book No 4 Dated 30.12.2004, GPA No 462/2004 Book No 4 Dated 7.12.2004, GPA No 539/2004 Book No 4 Dated 28.12.2004 and Original Sale Deed No 1528/2005 Book No 1 Dated 30.3.2005 registered at Sattur Sub Registrar Office, Virudhunagar Distict, Tamilnadu. If anyone finds the said document, please contact me over phone no 9958168128 or at the following residential address H/NO-356 POCKET D-9, SECTOR-3, ROHINI, NEW DELHI-110085.

**PUBLIC NOTICE**
My clients Kuldeep Kumar S/O Shri Uday Ram And His Wife Pushpa Resident Of E-6/174, Sangam Vihar, New Delhi-110080, has disowned/debarred their son SAURABH and his wife SONAM, from all his/her moveable/immovable properties/assets and severed all their relations with them due to their misbehavior/misconduct towards my clients. If anybody dealing with their son and daughter-in-law in any manner will do so at his/her/their own risk and responsibility. My clients shall not responsible for any kind of acts done by their son and daughter-in-law.
**Mohd Tahir Qidwai Advocate**
CH.NO.888, LAWYERS BLOCK
SAKET COURT, NEW DELHI-17

**NAME CHANGE**
I,VASANT KUMAR JALAN S/O NAND KISHORE JALAN R/O 29-B SRINAGAR COLONY SINDHORA KALAN, ASHOK VIHAR, NORTH WEST DELHI, DELHI-110052have changed my name to BASANT KUMAR JALAN for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, Kevin Pautangsang S/o Nengchinthang R/o Flat No-226, Block-A, Kendriya Vihar, Sector-56, Gurgaon, Haryana-122011 Have Changed My Name To Kevin Pautangsang Khuptong S/o Khuptong Nenchinthang For All Future Purpose.

**PUBLIC NOTICE**
Smt. Gurbir Sawhney Owner of the Residential Dwelling Unit bearing no. 1311, on Ground floor, AWHO, Arun vihar Sec 37 , Noida, , District Gautam Budh Nagar, U.P., Smt. Gurbir Sawhney have lost Original allotment letter and possession letter of said property, for which complaint lodged to the police. Therefore by way of this public notice it is hereby informed to the general public at large that it any person/financial institution / government authority etc. having any claim, charge , interest or lien whatsoever with respect to the said property on the basis of lost of allotment letter and possession letter , may notify to undersigned with documentary proof within 15 days from the dated of this publication of notice, failing which any such claim etc. shall be deemed to be null and void , whereas title shall be deemed to be clear , and Marketable without any defect or encumbrance and free to create equitable mortgagee.
**RAHUL KUMAR GUPTA**
(ADVOCATE)
M-NO- 7252922875

SMFG Grihashakti
Nayi Asha. Naya Vishwas.
**एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**
**( पूर्व में फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड )**
**रजि. कार्यालय:** कॉमरज़ोन आईटी पार्क, टॉवर-बी, पहली मंजिल, नंबर 111, माउंट पूनामल्ली रोड, पोरूर, चेनई, तमिलनाडु, भारत, 600116। टोल-फ्री नंबर: 1800 102 1003
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** 503-504, लेवल 5 , इंस्पायर बीकेसी, मेन रोड जी ब्लॉक, बीकेसी, बांद्रा ईस्ट, मुंबई-400051 । **सीआईएन:** 65922TN2010PLC076972
grihashakti@grihashakti.com www.grihashakti.com
**शाखा बंद करने के लिए सार्वजनिक सूचना**
सूचित किया जाता है कि हम 4 अप्रैल, 2025 से परिचालन आवश्यकताओं के लिए निम्नलिखित शाखा का संचालन बंद कर रहे हैं।
**शाखा का नाम:** नांगलोई **डाक पता:** पहली मंजिल, प्लॉट नंबर 26, रतन पार्क, सरकारी स्कूल के पास, नांगलोई, दिल्ली.
हमने इस शाखा से जुड़े ग्राहकों और अन्य लोगों के लिए 4 अप्रैल, 2025 से निम्नलिखित शाखा द्वारा सेवा प्रदान करने की वैकल्पिक व्यवस्था की है।
**शाखा का नाम:** सुभाष नगर (मोती नगर) | **डाक पता:** एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्लॉट नंबर-35, दूसरी मंजिल, डीएलएफ औद्योगिक क्षेत्र-कीर्ति नगर, नजफगढ़ रोड, मोती नगर, नई दिल्ली-110015
**एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड ( पूर्व में फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड ) के लिए**
**प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**

**NOTICE**
Public at large is hereby informed that Sh. Vimlesh Yadav who is the owner of Residential Unit No. 3 on Upper Ground Floor, (Back LHS Portion), Without Terrace Rights, Having Area Measuring 50 Sq. Yrds. i.e. 450 Sq. Fts., in Built-Up Property Bearing No. 187, Total Land Area 200 Sq. Yrds. in Part of Khasra No. 556, Situated at Greenview Apartment, Within the Extended Lal Dora of Village Sultan Pur, Tehsil Mehrauli, New Delhi. Vide Sale Deed executed by Mrs. Nilam w/o Mr. Pashupati Kumar Sah in favour of Mrs. Vimlesh Yadav w/o Mr. Yashveer Singh Yadav in respect of the said property, Regd. Vide Doc. No. 4755, Book No. 1, Vol. No. 2916 on pages 84 to 97, Regd. on 09.07.2019 at SRO - VA, Hauz Khas. That original (1) Sale Deed executed by M/s Yash Construction through its Partners Mr. Yogesh Gupta s/o Late Mr. Om Prakash and Mr. Sudhir Khattar s/o Mr. Sunder Lal Khattar in favour of Mr. Mihir Kumar Das s/o Mr. N. C. Das in respect of the said property, Regd. Vide Doc. No. 826, Book No. 1, Vol. No. 6950 on pages 42 to 49, Regd. on 23.01.2007 at SROV, New Delhi., and (2) Regd. Sale Deed executed by Mr. Mihir Kumar Das s/o Mr. N. C. Das in favour of Mrs.Nilam w/o Mr. Pashupati Kumar Sah in respect of the said property, Regd. Vide Doc. No. 6469, Book No. 1, Vol. No. 1609 on pages 149 to 157, Regd. on 30.11.2016 at SRO - VA, Hauz Khas. were lost on 01/01/2019 duly reported to police as per police complaint dated 02/01/2025 in the police station Crime Branch, Delhi bearing LR No: 2457363/2025. If anyone found the same may return to undersigned and if the same is misused shall be at his/her own risk. That my client intends to sell the said property to intending purchaser who shall mortgage the said immovable property for her bonafide requirements to Aadhar Housing Finance Ltd. Whosoever is having any objection to the said mortgage or anyone has claim or right or interest in the property shall contact the undersigned with the objection within 07 days failing which it shall be presumed that there stands no objections.
NEW DELHI
DATE: 3/1/2025
**PRAGYA BHUSHAN ADVOCATE**
Enrl. No. D/721/02
Office: L-27,GF, Kailash Colony, New Delhi-48
Mob.: 9968006418

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को यह जानकारी दी जाती है कि हमारी ग्राहक श्रीमती सीता शर्मा, श्रीमती नीलिमा शर्मा, श्रीमती उषा अरोड़ा, सुश्री रीना उर्फ रीना अरोड़ा, श्रीमती प्रियंका गौर, श्रीमती दिव्या सिंह, श्री ओम प्रकाश उर्फ ओम प्रकाश गुप्ता, श्रीमती नीमा अधिकारी फ्रीहोल्ड आवासीय एक फ्लैट के मालिक हैं, जो दूसरी मंजिल पर दाईं ओर है, केवल छत के स्तर तक, संपूर्ण तीसरी मंजिल, छत/टेरेस अधिकारों के साथ, 100 वर्ग गज यानी 83.61 वर्ग मीटर का क्षेत्र, दूसरी मंजिल पर दाईं ओर एक फ्लैट, 100 वर्ग गज का क्षेत्र, पहली मंजिल पर बाईं ओर एक फ्लैट के हिस्से पर निर्मित, बिना छत के अधिकार के 100 वर्ग गज का क्षेत्र, छत के अधिकार के बिना ऊपरी भूतल पर एक फ्लैट, 100 वर्ग गज का क्षेत्र, संपत्ति असर एफ -11/750 पर निर्मित, 100 वर्ग गज का क्षेत्र, खसरा नंबर 305/212 से उत्पन्न, शकरपुर खास गांव में, कृष्ण मंदिर मार्ग, गणेश के क्षेत्र में स्थित है नगर-II, शकरपुर इलाका शाहदरा, दिल्ली 110092। प्रारंभ में अब हमारे ग्राहक यह घोषणा कर रहे हैं कि दिनांक 03.11.2011 के बिक्री विलेख में श्री केशव हसीजा पुत्र श्री बी एल हसीजा ने तीसरी मंजिल के हिस्से के अधिकार के लिए श्रीमती वीना सिंह के पक्ष में विलेख निष्पादित किया, जबकि इस विलेख में यह गलत तरीके से उल्लेख किया गया था क्योंकि उन्होंने पहले ही वर्ष 2008 में आरएचएस भाग बेच दिया था और वह एलएचएस भाग होना चाहिए, इसलिए किसी अन्य व्यक्ति का उक्त संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं है, और यही संपत्ति श्री प्रदीप कुमार गुप्ता के नाम से बिकने जा रही है, जिसका वित्तपोषण आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा गुड़गांव सेक्टर-29 हरियाणा द्वारा किया जाएगा। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में अधिकारञ्स्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 07 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
**Naveen Kumar Verma**
**(advocate)**
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को यह जानकारी दी जाती है कि हमारी ग्राहक श्री अनिल कुमार गुप्ता फ्रीहोल्ड आवासीय मकान संख्या नगर पालिका संख्या 267, क्षेत्रफल 164.06 वर्ग गज, वार्ड क्रमांक 14, मोहल्ला सुभाष मंडी मुराद नगर, परगना जलालाबाद, तहसील मोदी नगर और जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित है। उपहार विलेख दिनांक 29.08.2023 के आधार पर दस्तावेज़ संख्या 13849, खंड संख्या 14730 पुस्तक संख्या 01 पृष्ठ 261-278 पर एसआर-मोदी नगर में नीचे दिए गए दस्तावेजों की श्रृंखला में उपलब्ध नहीं हैं अर्थात (1) श्री मक्खन लाल का मृत्यु प्रमाण पत्र, (2) श्रीमती फुलवती देवी का मृत्यु प्रमाण पत्र, (3) श्री मक्खन लाल के सभी कानूनी उत्तराधिकारियों के नाम पर एसएमसी, (4) पंजीकृत प्रोबेट आदेश। दिनांक 26.05.2022 की वसीयत के अनुसार अब हमारे ग्राहक यह घोषणा कर रहे हैं कि किसी अन्य व्यक्ति का उक्त संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं है, और इसे डीएमआई, हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड शाखा राजेंद्र नगर उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तपोषित किया गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में अधिकार@स्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 07 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
**Naveen Kumar Verma**
**(advocate)**
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**NAME CHANGE**
I, SHYAM BATI Mother of No. 15202290X, Rank- HAV(SHGD), Name- VIRENDRA KUMAR residing at VILLAGE-NARAYANPUR, POST-PANCHDEVRA, NAIBASTI, HARDOI, UTTAR PRADESH-241123 have changed my name from SHYAM BATI to SHYAMVATI for all future purposes vide Affidavit dated 03/01/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, Phool Singh Rajpoot S/o Shri Chand Rjpoot R/o Tower Colony, Garhi Harsaru (46), Gurgaon, Haryana-122505, Have Changed My Name To Phool Singh For All Future Purpose

## सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं अंत्योदय परिवार : उपायुक्त मीणा

**एजेंसी**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से अंत्योदय परिवारों के लिए अंत्योदय परिवार बिजली बिल माफी योजना लागू की हुई है। इस योजना के तहत ऐसे अंत्योदय परिवार जिनकी वार्षिक आय 1 लाख से कम है और बिजली की मासिक खपत 150 यूनिट से कम है, का बिजली बिल पर पूरा ब्याज माफ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 50 प्रतिशत मूल राशि भी माफ की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाकी की 50 प्रतिशत राशि साल के अंतराल के बाद 3 साल तक किस्तों मे जमा करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि बिजली चोरी के मामलों में अंत्योदय परिवार 100 प्रतिशत मिश्रित राशि और 50 प्रतिशत मूल्यांकन राशि ब्याज सहित किस्तों में जमा करा सकते है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा 2 किलोवाट तक 30000 रुपए प्रति किलोवाट सब्सिडी तथा 18000 रुपए अतिरिक्त 2 से 3 किलोवाट के बीच प्रदान की जाती है। प्रदेश सरकार द्वारा 50000 रुपए तक की सब्सिडी गरीब परिवारों को जिनकी मासिक खपत 200 यूनिट या उससे कम है और परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए या उससे कम है और 20000 रुपए तक की सब्सिडी जिनकी आय 1.80 से 3 लाख रुपए के बीच में हैं, को प्रदान की जाती है। उन्होंने अंत्योदय परिवारों से सरकार की योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया है।

## तावडू में गुरु गोबिंद सिंह प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नगर कीर्तन व भंडारे का होगा आयोजन

**तावडू।** शहर के मुख्य बाजार में स्थित गुरूद्वारे में आज शुक्रवार को गुरु गोबिंद सिंह प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नगर कीर्तन निकाला का आयोजन किया जाएगा। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह जानकारी गुरुद्वारा के पाठी ज्ञानी गुरमीत सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि आज शुक्रवार को गुरू गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में प्रातः 10 बजे अखंड पाठ साहिब का आयोजन किया जाएगा। वहीं रविवार को प्रातः10 बजे पाठ का भाग डाला जाएगा और साढ़े 10 बजे बाईपास से नगर कीर्तन आरंभ किया जाएगा और पूरे शहर तावडू में निकाला जाएगा। गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित जय भारत रामलीला मैदान मे विशाल लंगर का भी आयोजन किया जाएगा।

## पोषण अभियान की सफलता के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नारनौल।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आज सिहमा में पोषण अभियान की सफलता के लिए आंगनबाड़ी वर्कर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। सुपरवाइजर उगंता कुमारी ने प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के खंड संसाधन संयोजक धर्मेंद्र ने बताया कि कुपोषण से बचने के लिए संतुलित आहार के साथ पेयजल गुणवत्ता बहुत जरूरी है, जिस प्रकार मनुष्य के स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार में प्रोटीन, विटामिन, वसा, कार्बोहाइड्रेट आदि की उचित मात्रा जरूरी है उसी प्रकार पेयजल के लिए उसका टीडीएस, फ्लोराइड, पीएच, अल्केनिटी आदि मिनरल्स का संतुलित होना भी जरूरी है। इसलिए सभी को भूमिगत जल का दोहन अपनी आवश्यकता के अनुसार करना चाहिए और जो पेयजल कनेक्शन नालियों के अंदर है उनको नालियों से बाहर निकालना चाहिए। सभी नलों पर टूटी जरूर लगी हो ताकि दूषित जल व अन्य जीव पेयजल लाइन में ना जा पाए और जल जनित बीमारियों से बचा जा सके। इस अवसर पर खंड सिहमा की आंगनबाड़ी वर्कर व मोटर चालक सत्यपाल आर्य मौजूद थे।

## सोनीपत पुलिस ने किए दस वाहनों के चालान तीन वाहन जब्त

**सोनीपत।** लापरवाह वाहन व अंडर ऐज वाहन चालकों पर शिकंजा कसते हुए थाना गन्नौर पुलिस व ट्रैफिक पुलिस ने देवीलाल चौक पर चैकिंग अभियान चलाया। थाना गन्नौर प्रभारी जसप्रीत सिंह व ट्रैफिक इंचार्ज उप निरीक्षक शमशेर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वाहनों की चैकिंग की और लापरवाह वाहन चालकों के चालान किए। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने 10 वाहनों के 53 हजार 500 रुपये के चालान किए व 3 वाहनों को जब्त किया। थाना प्रभारी जसप्रीत सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार शहर में जगह-जगह पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। जो चैकिंग कर बिना हेलमेट, अधूरे दस्तावेज व यातायात के नियमों की अवेहलना करने वाले वाहन चालकों के चालान कर रहे हैं। जिस वाहन चालक के पास कागजात नहीं मिलते उन्हें जब्त भी किया जा रहा है।

## सोनीपत के समाधान शिविर में उपायुक्त के निर्देश पर वृद्ध की लगी पेंशन

**सोनीपत।** उपायुक्तडॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता में समाधान शिविर में पेंशन से संबंधित शिकायतलेकर पहुंची सोनीपत निवासी सुदेश दुआ की समस्या का तुरंत समाधान किया। उपायुक्त नेजिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि सुदेश की पेंशन तुरंत बनाई जाए। सुदेशने जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री नायब सैनी की इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर लोगों की समस्याओं का निवारण एक ही स्थान पर कर रहे हैं। उपायुक्त ने बताया कि अब तक आयोजित समाधान शिविरों में 7633 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 6343 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के खिलाड़ियों की माताओं को किया सम्मानित

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में क्रीड़ा भारती की हरियाणा प्रांतीय ईकाई की ओर से पैरालंपिक व ओलंपिक खेलों में पदक विजेता तथा प्रतिभागी खिलाड़ियों की माताओं का सम्मान किया। यह सम्मान उन्होंने वीर माता जीजा बाई प्रांत स्तरीय सम्मान समारोह में दिया। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2024 में पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की माताओं को सम्मानित किया।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरु द्रोण की नगरी गुरुग्राम में आयोजित माता जीजा बाई सम्मान समारोह खेल के क्षेत्र में माताओं की भूमिका का उत्सव है। देश-दुनिया में परचम लहराने वाले खिलाड़ियों की माताओं का सम्मान गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि यह समारोह न केवल हमारे खिलाड़ियों के प्रति बल्कि उनकी माताओं के



प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त करने का एक अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि हर बड़ी सफलता के पीछे मां का हाथ होता है। ऐसी माताओं का सम्मान करना समाज की जिम्मेदारी है। इससे नई पीढ़ी को प्रेरित करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने क्रीड़ा भारती की हरियाणा प्रदेश की इकाई को भी इस अनूठी पहल के लिए बधाई दी। साथ ही संस्था को 21 लाख रुपये की सहयोग राशि देने की घोषणा की। नायब सिंह सैनी ने माताओं के ऐतिहासिक योगदान को याद दिलाते हुए कहा कि माता जीजा बाई, जिनके नाम से समारोह का आयोजन किया गया है, उन्होंने अपने बेटे छत्रपति शिवाजी महाराज को एक सच्चे योद्धा और नेतृत्वकर्ता के रूप में तैयार किया था। उनकी दूरदृष्टि और परिश्रम से देश को शिवाजी महाराज के रूप में ऐसा महान योद्धा मिला, जिसने उस समय स्वराज की नींव रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेरिस ओलंपिक 2024 में 6 में से 5 पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते हैं। पैरालम्पिक में भी देश को मिले 29 पदकों में से 8 पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने हासिल किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में केंद्र सरकार ने मेजर ध्यानचंद सम्मान सहित अर्जुन अवॉर्ड के लिए प्रदेश के कई खिलाड़ियों का नाम चयनित किया है। इसमें मनु भाकर सहित स्वीटी बूरा व अन्य कई नाम शामिल हैं। कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा की जनसंख्या देश में दो प्रतिशत के बराबर है।

## नपा कर्मचारियों ने दुकानदारों को अतिक्रमण पर चेताया



**एजेंसी**

**जींद।** जुलाना कस्बे में नगरपालिका के कर्मचारियों ने दुकानदारों को अतिक्रमण करने को लेकर चेतावनी दी। इस मौके पर कर्मचरियों ने पूरे बाजार में दुकानों का निरीक्षण किया और बाजार में रेहड़ी लगाने वालों को पुरानी अनाज मंडी में रेहड़ी लगाने के निर्देश दिए। जुलाना के बाजार में दुकानदारों द्वारा दुकानों के आगे सामान रख कर अतिक्रमण किया जा रहा है जिसके चलते पूरे बाजार में जाम की स्थिति बनी रहती है। वाहन चालकों को काफी परेशानियों से होकर गुजरने पर मजबूर होना पड़ रहा है। कई बार नपा में इसकी शिकायत भी दी गई। गुरूवार को नगरपालिका के कर्मचारियों ने कार्यवाही अमल में लाते हुए पूरे बाजार में निरीक्षण किया और दुकानों के आगे सामान रखने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी कि अपने सामान को सड़क पर ना रखे नहीं तो उनका चालान काटा जाएगा और सामान को भी जब्त किया जाएगा। जुलाना नपा सचिव पूजा साहू ने बताया कि बाजार में अतिक्रमण को लेकर अभियान चलाया गया है दुकानदारों को निर्देश दिए गए हैं कि वो दुकान का सामान सड़क पर ना रखे इससे बाजार में जाम लगता है और आमजन को परेशानी का सामाना करना पड़ता है। अगर दुकानदार आदेशों की पालना नहीं करते हैं तो सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## डीसी ने विश्वविद्यालय व स्टेडियम में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

**एजेंसी**

**पलवल।** जिला पलवल में पहली बार आयोजित किए जा रहे राज्य स्तरीय युवा महोत्सव व युवा सम्मेलन एवं सांस्कृतिक संध्या की तैयारियों को लेकर डीसी डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बृहस्पतिवार को पलवल जिला के गांव दूधौला में स्थित श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय व नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम का दौरा किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पलवल में पहली बार राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 3 से 5 जनवरी तक किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य स्तरीय युवा महोत्सव सहित युवा सम्मेलन एवं सांस्कृतिक संध्या



की सभी तैयारियां संबंधित विभाग के अधिकारी समय पर पूरी करना सुनिश्चित करें।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन, एडीसी अखिल पिलानी, एसडीएम ज्योति, एसीयूटी अंकिता, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के अतिरिक्त निदेशक संजीव शर्मा, महोत्सव के नोडल अधिकारी भगत सिंह, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पलवल के प्रधानाचार्य इंद्राज सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## आमजन की समस्याओं के समाधान में असरदार व कारगर सिद्ध हो रहे समाधान शिविर : उपायुक्त वशिष्ठ

**एजेंसी**

**पलवल।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की ओर से लगाए जा रहे समाधान शिविरों में आमजन की समस्याओं का तत्परता से निवारण करवाया जा रहा है। समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के समाधान में बेहद असरदार व कारगर सिद्ध हो रहे हैं। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को जिला सचिवालय स्थित सभागार में सुबहर 10 से 12 बजे तक लगाए गए समाधान शिविर में पेंशन, प्रॉपर्टी आईडी व परिवार पहचान पत्र सहित अनेक शिकायतें आई। इनमें से अधिकतर का मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा निवारण करवा दिया गया। वहीं लंबित रही शिकायतों के निवारण के लिए उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने



संबंधित अधिकारी को जल्द निवारण करवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि पलवल में लगाए गए समाधान शिविर में आई 11 शिकायतों में से 5 का मौके पर ही समाधान किया गया। वहीं होडल में आई 5 शिकायतों में से 3 कामौके पर निवारण करवा दिया गया। इसके अलावा हथीन में काई भी शिकायत नहीं आई। इस मौके पर एसडीएम ज्योति व डीएसपी अनिल कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# हिसार के नशा मुक्ति केंद्र में सीएम फ्लाइंग की रेड, मिली कई खामियां

**एजेंसी**

**हिसार।** जिले के कस्बा हांसी में भिवानी रोड पर रामसिंह कालोनी स्थित विश्वास नशा मुक्ति केंद्र पर सीएम फ्लाइंग टीम ने छापा मारा। छापे के दौरान नशा मुक्ति केंद्र में इमरजेंसी डोर व अग्निशमन सिलेंडर पर एक्सपायरी डेट अंकित नहीं होने सहित कई कमियां मिली।सीएम फ्लाइंग टीम में शामिल नागरिक अस्पताल के एमओ डॉ. जगदीप ने छापे के दौरान बताया कि उनको एक गुप्त सूचना मिली थी कि रामसिंह कालोनी स्थित विश्वास नशा मुक्ति केंद्र पर नशा पीड़ित मरीजों के उपचार में घोर लापरवाही बरती जा रही है और सही तरीके से मरीजों की देखभाल व दवाइयां नहीं दी जा रही हैं। इसके आधार पर सुबह सीएम फ्लाइंग की टीम के साथ मिलकर नशा मुक्ति केंद्र पर छापेमारी की है।



डॉ. जगदीप ने बताया कि जांच के दौरान उन्हें नशा मुक्ति केंद्र पर मुख्य द्वार के अलावा कोई इमरजेंसी दरवाजा नहीं मिला। अगर नशा मुक्ति केंद्र में आगजनी, प्राकृतिक आपदा या अन्य किसी प्रकार की कोई दूसरी इमरजेंसी आती है तो यहां उपचाराधीन लोगों को केंद्र से बाहर निकालने में बहुत बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है। केंद्र के अंदर लगे फायर सिलेंडर पर एक्सपायरी डेट अंकित नहीं थी। डॉ. जगदीप ने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र पर चार डॉक्टरों का स्टॉफ है जिनमें डॉ. विक्रम यहां रोजाना यहां आते हैं वहीं एक साइक्राइटिस्ट एमडी डॉक्टर की सेवाएं उपलब्ध हैं लेकिन वे सप्ताह में एक दिन यहां आते हैं। तीन डॉक्टरों का यहां रोजाना आने का रिकॉर्ड पाया गया है। डॉ. जगदीप ने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र पर एक एमडी साइक्राइटिस्ट डॉक्टर का होना जरूरी होता है। नशा मुक्ति केंद्र में उपचाराधीन मरीजों से की गई पूछताछ में उन्होंने बताया कि साइक्राइटिस्ट डॉक्टर सप्ताह में एक बार यहां आते हैं। डॉ. जगदीप ने बताया कि अभी हम सारा रिकॉर्ड खंगाल रहे हैं अभी तक इमरजेंसी डोर के अलावा कोई बड़ी खामी नजर नहीं आई है।

## पंजाबी भवन में 12 जनवरी होगा सुखमनी साहेब का पाठ

**एजेंसी**

**रेवाड़ी।** पुराना कोर्ट रोड़ स्थित पंजाबी भवन में आयोजित बैठक में पंजाबी समाज के तहत होने वाली विभिन्न गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 12 जनवरी को दूसरा सुखमनी साहेब का पाठ करवाया जाएगा। इस उद्देश्य से विभिन्न कमेटियों का गठन कर जिम्मेदारी सौंपी गई। कन्हैया सेवा दल द्वारा पाठ करवाया जाएगा।

पंजाबी समाज के अध्यक्ष एडवोकेट सचिन मलिक ने बताया कि समाज में आपसी भाईचारे को बनाए रखने के लिए इस पाठ का आयोजन पूरे उत्साह के साथ किया जाएगा। पाठ के बाद गुरु का लंगर लगाया जाएगा, जिसकी देखरेख मुरली मनोहर मंडल करेगा। ओमप्रकाश खुराना, गुरमुख अनेजा व संजय गेरा की टीम सभी गुरुद्वारा साहिब की संगत को आमंत्रित करेगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि भारी सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए 12 जनवरी तक प्रतिदिन निशुल्क कपड़ा वितरण सेवा उपलब्ध रहेगी, ताकि जरूरतमंद व्यक्ति इस सुविधा का लाभ उठा सके। बैठक में नरेश कालरा, वेदप्रकाश कथूरिया, संजय सहगल, विशाल चक्रवर्ती, दीपक कुमार,



बोधराज चुग, सरदार स्वर्ण सिंह, सरदार किरपाल सिंह, अमीर चंद आहूजा, मोहन लाल तनेजा, महेंद्र पुनियानी, रवि ठकराल, अनिल मखीजा, घनशाम कथूरिया, कस्तूरी लाल गुलाटी, शकन चांदना, संजय दुआ, पीयूष अरोड़ा, भीम मखीजा, डॉ. नवीन अदलखा समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# सफाई व्यवस्था पर लोकल कमिश्नर ने की नगर निगम गुरुग्राम के अधिकारियों के साथ बैठक

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के लिए पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त लोकल कमिश्नर गुरुग्राम पहुंचे। उन्होंने नगर निगम कार्यालय में निगमायुक्त समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। यहां सेक्टर-34 स्थित निगम कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें सफाई व्यवस्था, सीएंडडी वेस्ट, कचरा निस्तारण व बीडब्लयूजी की भूमिका सहित अन्य मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने बताया कि नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र को 4 जोन में बांटा गया है, जिनमें 36 वार्ड हैं। निगम क्षेत्र में 68 गांवों को भी शामिल किया हुआ है। 2414975 की जनसंख्या वाले नगर निगम गुरुग्राम में 6759 अधिकारी व कर्मचारी हैं। नगर निगम गुरुग्राम के अधीन 4596 किलोमीटर सड़क नेटवर्क, 3738 किलोमीटर पेयजल आपूर्ति नेटवर्क, 42 माइक्रो एसटीपी, 1276 पार्क, 75 वाटर बॉडीज तथा 404 वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, 89716 स्ट्रीट लाईट हैं।

बैठक में बताया गया कि निगम क्षेत्र में लगभग 1200 टन कचरा



प्रतिदिन उत्पन्न होता है, जिसे घर-घर से एकत्रित करने, बंधवाड़ी प्लांट तक उसका परिवहन करने तथा प्लांट में कचरा निस्तारण के लिए अगस्त 2017 में इकोग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के साथ एग्रीमेंट किया गया था। एजेंसी का कार्य संतोषजनक ना पाए जाने पर जून 2024 में कंपनी को टर्मिनेशन नोटिस जारी किया गया। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सड़कों की सफाई के लिए मैकेनाइज्ड स्वीपिंग मशीनों के अलावा सफाई कर्मचारी भी लगाए हुए हैं तथा घर-घर से कचरा एकत्रित करने के लिए फर्म की सेवाएं ली जा रही हैं। इसके साथ सेकेंडरी कचरा कलेक्शन प्वाइंटों से कचरा उठाकर बंधवाड़ी कचरा निस्तारण प्लांट में भिजवाया जाता है। प्लांट में अब तक 34.22 लाख मीट्रिक लीगेसी कचरे का निस्तारण किया जा चुका है तथा 14 लाख मीट्रिक टन कचरे के निस्तारण के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है।

निर्माण एवं तोड़फोड़ गतिविधियों से उत्पन्न होने वाले मलबे के बारे में बताया गया कि निगम क्षेत्र में प्रतिदिन 1000 से 1200 मिट्रिक टन मलबा उत्पन्न होता है। लगभग 11 लाख मिट्रिक लीगेसी मलबा विभिन्न स्थानों पर पड़ा हुआ है। नगर निगम गुरुग्राम के पास बसई में सीएंडडी वेस्ट निस्तारण प्लांट लगा हुआ है। इसके अलावा तीन अन्य स्थानों पर सीएंडडी वेस्ट निस्तारण प्लांट लगाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। सीएंडडी की अवैध डंपिंग को रोकने के लिए निगम द्वारा सेनिटेशन सिक्योरिटी फोर्स का गठन किया हुआ है, जो 24 घंटे सातों दिन क्षेत्र में निगरानी कर रही है। फोर्स द्वारा पिछले दो माह में 142 चालान किए गए हैं तथा 40 वाहनों को जब्त करने के साथ ही 14 एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। निगम द्वारा 55 सीएंडडी बल्क वेस्ट जनरेटर्स की पहचान करके उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं तथा बसई प्लांट की क्षमता 1000 टन प्रतिदिन करने की प्रक्रिया चल रही है। बैठक में अतिरिक्त निगमायुक्त डा. बलप्रीत सिंह व महावीर प्रसाद, संयुक्त आयुक्त विशाल कुमार, डा. जयवीर यादव, अखिलेश कुमार यादव व प्रदीप कुमार सहित अन्य अधिकारीगण शामिल थे।

## हकेंवि के सात विद्यार्थी इंटर्नशिप के लिए चयनित




**एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग में अध्ययनरत सात विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित टेम्पल पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड, बद्दी में इंटर्नशिप के लिए हुआ है। विश्वविद्यालय के ये विद्यार्थी छह माह के लिए कंपनी द्वारा कैम्पस आधारित चयन प्रक्रिया के तहत चुने गए हैं। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने विभाग व ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के द्वारा आयोजित इस चयन प्रक्रिया की सराहना करते हुए चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कैम्पस के स्तर पर आधारित इस चयन प्रक्रिया के लिए टेम्पल पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड की ओर से प्रोडक्शन मैनेजर लक्ष्मण सिंह, प्रिंटिंग मैनेजर राहुल शर्मा व एचआर मैनेजर नंदन सिंह उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. आकाश सक्सेना ने सभी सातों चयनित विद्यार्थियों श्वेतांग प्रताप राव, निरंजन प्रताप सिंह, यादवेंद्र, निखिल बुंदेल, व्यास विपिन, अभिषेक कौशिक और सुधांशु कुमार को बधाई दी। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन प्रो. फूल सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को उद्योग जगत की बारीकियों से अवगत होने का अवसर प्रदान करते हैं।

## पुलिस टीम ने ग्रामीणों को साइबर अपराधों के बारे में अवगत करवाया

**एजेंसी**

**नारनौल।** थाना सदर नारनौल की पुलिस टीम ने ग्रामीणों को साइबर अपराधों के बारे में अवगत करवाया और उनसे बचने के उपाय बताए। टीम ने बताया कि अज्ञात नंबर/व्यक्ति से आए वीडियो कॉल का जवाब ना दें। साथ ही इस बात का ध्यान रखें कि अपना कार्ड नंबर, सीवीसी, पिन, ओटीपी,



इंटरनेट बैंकिंग यूजर आईडी, इंटरनेट बैंकिंग पासवर्ड, डेबिट कार्ड ग्रिड वैल्यू या यूआरएन यूनिक रजिस्ट्रेशन नंबर को कभी किसी व्यक्ति के साथ शेयर नहीं करें। इन डिटेल्स को शेयर करने पर अपराधी को आपके अकाउंट का अनधिकृत एक्सेस मिल सकता है। टीम ने आमजन को डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड और टेलीग्राम टास्क फ्रॉड के बारे में जानकारी देकर उनसे बचने के उपाय बताए। इसके साथ ही लोगों को साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। टीम ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि अज्ञात लिंक पर क्लिक ना करें। उस लिंक पर क्लिक करने आपके फोन का डाटा हैक हो सकता है या उस लिंक पर क्लिक करने पर ऐप डाउनलोड होने पर फर्जी ब्राउजर आपके मोबाइल, कंप्यूटर पर डाउनलोड हो जाता है। इससे साइबर अपराधी आपकी निजी डिटेल्स को हासिल कर लेते हैं।

## विकास कार्यों को निश्चित समय में पूरा करें अधिकारी : कृष्ण मिड्ढा

**एजेंसी**

**जींद।** हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि जींद विधानसभा में चल रहे सभी विकास कार्यो को समयबद्ध पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। सभी विभाग अभी तक किए गए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट व जो कार्य चल रहे हैं तथा कितने समय में यह कार्य पूरे हो जाएंगे इसकी विस्तृत रिपोर्ट जल्द से जल्द भिजवाएं। शहर के सेक्टरों व वार्डों में मुख्यमंत्री घोषणाओं के अनुसार सड़कों का निर्माण व रिपेयर, सीवरेज व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, साफ.-सफाई, बिजली की तारों को बदलने की व्यवस्था आदि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाना सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। अगर किसी स्तर पर कोई कोताही बरती गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा गुरूवार को लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा के तहत जींद विधानसभा में जितने भी विकास कार्य चल रहे हैं या किए जाने हैं, उन विकास कार्यों को संबंधित अधिकारी जल्द से जल्द पूरा करना सुनिश्चित करें। अगर किसी विकास कार्य में किसी अन्य विभाग की तरफ से कोई पत्राचार किया जाना है या परमिशन ली जानी है तो संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ इस कार्य को शीघ्रता से निपटाएं ताकि विकास कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा के अनुसार जिले में बाईपास का निर्माण और शहर में सीसी टीवी लगाने का कार्य संबंधित विभाग के पास अभी तक लंबित पड़ा है। इस कार्य को संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ पूरा करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के सभी चौक, सड़कों, ग्रीन बेल्ट पर साफ.-सफाई व उनकी सुंदर बनाने का कार्य करवाया जाए। इसके लिए चौक से संबंधित संस्था का सहयोग भी लें ताकि शहर को सुंदर और विकसित बनाया जा सके।

## नोएडा के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ईंधन की आपूर्ति करेगा आईओसीएल

**एजेंसी**

**मुंबई/नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनआईए) पर ईंधन भरने की सेवाएं प्रदान करेगा। नोएडा हवाई अड्डे का उद्घाटन अगले वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत में होने की संभावना है। एयरपोर्ट संचालक ने जारी एक बयान में कहा कि 30 साल के रियायत समझौते के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनी आईओसीएल हवाई अड्डे के परिसर में तीन स्थानों पर ईंधन स्टेशन संचालित करेगी। नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने कहा कि आईओसीएल के साथ हमारा सहयोग एनआईए की परिचालन तत्परता की यात्रा में एक और मील का पत्थर है। आईओसीएल के साथ साझेदारी करके हम हवाई अड्डे पर निर्बाध और कुशल ईंधन सेवाएं सुनिश्चित करेंगे। आईओसीएल के नोएडा मंडल कार्यालय के प्रमुख (मंडल खुदरा बिक्री) सुमीत मुंशी ने कहा कि यह सहयोग नवाचार, स्थिरता और ग्राहक सुविधा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## स्टॉक मार्केट में आन्या पॉलिटेक की जोरदार एंट्री, लिस्टिंग के तुरंत बाद लगा अपर सर्किट

**नई दिल्ली।** फर्टिलाइजर और फर्टिलाइजर बैग बनाने वाली कंपनी आन्या पॉलिटेक एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के शेयरों की आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर जोरदार एंट्री हुई। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 14 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज इन शेयरों की लिस्टिंग 22.14 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 17.10 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी। इसकी वजह से थोड़ी ही देर में ये शेयर 17.95 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही 28.21 प्रतिशत का मुनाफा हो गया। आन्या पॉलिटेक एंड फर्टिलाइजर्स का 44.80 करोड़ रुपये का आईपीओ 26 से 30 दिसंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस इश्यू को हर कैटेगरी के निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला, जिससे ये ओवरऑल 439.8 गुना सब्सक्राइब हो गया। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन में 150.8 गुना सब्सक्रिप्शन आया। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन 1,100.39 गुना सब्सक्राइब हुआ?। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन में 321.53 गुना सब्सक्रिप्शन आया था।

## ऑप्टिमस की ड्रोन-आधारित स्पेक्ट्रम विश्लेषक समाधान के लिए जर्मनी की कंपनी से साझेदारी

**नई दिल्ली।** देश में ऑप्टिमस इंफ्राकॉम लिमिटेड प्रमुख दूरसंचार और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण समूह की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ऑप्टिमस अनमैन्ड सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड (ओयूएस) जर्मनी के एलएस स्पेक्ट्रम सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की। इस रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से, शुरुआत में एलएस स्पेक्ट्रम के लिए ऑप्टिमस उन्नत स्पेक्ट्रम विश्लेषक ड्रोन बेचेगी। एलएस स्पेक्ट्रम सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड उन्नत ड्रोन-आधारित स्पेक्ट्रम विश्लेषकों के अग्रणी प्रदाता और जर्मनी स्थित एलएस टेलीकॉम की एक सहायक कंपनी है, जो भारतीय बाजार में एलएस स्पेक्ट्रम के अत्याधुनिक ड्रोन-आधारित स्पेक्ट्रम विश्लेषण समाधानों के विपणन, संयोजन और वितरण के कारोबार में है। दोनों पक्षों की ओर से जारी एक साझा विज्ञप्ति के अनुसारअपने ड्रोन व्यवसाय और 'मेक इन इंडिया' को और गति देते हुए,एलएस स्पेक्ट्रम के साथ ऑप्टिमस की साझेदारी कंपनी को बाजार में एक महत्वपूर्ण बढ़त प्रदान करेगी। विज्ञप्ति के अनुसार इस साझेदारी में ड्रोन आधारित समाधानों से आगे बढ़कर स्पेक्ट्रम निगरानी, ??दिशा खोज और भौगोलिक स्थान, इलेक्ट्रॉनिक सहायता उपाय, सिग्नल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रॉनिक काउंटर उपाय जैसी विभिन्न क्षमताओं के माध्यम से स्पेक्ट्रम के प्रबंधन, अवलोकन और रक्षा के लिए बाजार में प्रवेश करने की क्षमता है।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.36 प्रतिशत चढ़कर 71.98 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड 0.38 प्रतिशत की तेजी के साथ 74.92 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# नए साल में लगातार दूसरे दिन महंगा हुआ सोना, चांदी के भाव में बदलाव नहीं

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में नए साल पर आज लगातार दूसरे दिन सोना महंगा हुआ है। हालांकि चांदी के भाव में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने की कीमत में आज 300 रुपये से लेकर 330 रुपये प्रति 10 ग्राम की उछाल दर्ज की गई है। सोने के भाव में आई तेजी की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 78,480 रुपये से लेकर 78,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,950 रुपये से लेकर 71,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में बदलाव नहीं होने की वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत लगातार दूसरे दिन 90,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही



बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 78,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 78,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 78,380 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 78,330 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 78,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 78,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 78,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 78,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## बैंकिंग प्रणाली में 98 फीसदी से अधिक वापस आए 2000 रुपये मूल्य के नोट : आरबीआई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने कहा कि 2000 रुपये मूल्य के 98.12 फीसदी नोट अब तक बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके हैं, जबकि 6,691 करोड़ रुपये मूल्य के दो हजार के नोट अब भी लोगों के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। दो हजार रुपये के नोटों को जमा करने या बदलने की सुविधा 7 अक्टूबर, 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। हालांकि, यह सुविधा अब भी आरबीआई के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। उसके बाद से ही इन नोटों को वापस लेने की प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा आम लोग देश के किसी भी डाकघर से डाक के जरिए दो हजार रुपये मूल्य के नोट आरबीआई के



किसी भी निर्गम कार्यालय को अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए भेज सकते हैं। आरबीआई के चलन से वापस लिए जाने के बावजूद 2000 रुपये मूल्य के नोट वैध मुद्रा बने हुए हैं। रिजर्व बैंक ने नवंबर, 2016 में तत्कालीन प्रचलित 1,000 रुपये और 500 रुपये के बैंक नोटों को चलन से हटाए जाने के बाद 2000 रुपये मूल्य के नोट जारी किए थे।

## फेम-II योजना के तहत 16.15 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों को दिया गया प्रोत्साहन : सरकार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश में हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने और विनिर्माण (फेम इंडिया)-द्वद्व योजना के तहत कुल 16.15 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को प्रोत्साहित किया है। इसमें 14.27 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन (ई-2डब्ल्यू), 1.59 लाख ई-3डब्ल्यू, 22,548 ई-4डब्ल्यू और 5,131 ई-बसें शामिल हैं। भारी उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि सरकार ने हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों के तेजी से अपनाने और विनिर्माण (फेम-इंडिया) योजना के पहले चरण की शुरूआत 1 अप्रैल, 2015 से 2 साल की अवधि के लिए की गई थी। इस योजना के सफल कार्यान्वयन के बाद, दूसरे चरण यानी फेम-द्वद्व को वर्ष 2019 में 11,500 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ शुरू किया गया था, ताकि दो, तीन और चार पहिया वाहनों, इलेक्ट्रिक बसों और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों (पीसीएस) सहित इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रोत्साहन प्रदान किया जा सके। मंत्रालय ने कहा कि इस योजना के उद्देश्य की पूर्ति के लिए 31 अक्टूबर, 2024 तक कुल 8,844 करोड़ रुपये खर्च



किए जा चुके हैं। इसमें सब्सिडी के लिए 6,577 करोड़ रुपये, पूंजीगत परिसंपत्तियों के लिए 2,244 करोड़ रुपये और अन्य खर्चों के लिए 23 करोड़ रुपये शामिल हैं। इसके तहत कुल 16.15 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित किया गया है, जिसमें 14.27 लाख ई-2डब्ल्यू, 1.59 लाख ई-3डब्ल्यू, 22,548 ई-4डब्ल्यू और 5,131 ई-बसें शामिल हैं। इसके अलावा 10,985 ईवी पीसीएस स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 8,812 ईवी पीसीएस स्थापना के लिए आवंटित किए गए हैं। मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार ने आम जनता को किफायती और पर्यावरण के अनुकूल सार्वजनिक परिवहन का विकल्प उपलब्ध कराने पर अधिक जोर देने के लिए कई पहल कर रही है। इस दिशा में, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए मांग प्रोत्साहन के माध्यम से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए इस योजना के तहत चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम को शामिल किया गया है। इसने महत्वपूर्ण नीतिगत पहलों का समर्थन किया है, जैसे कि ईवी पर जीएसटी कम करना और राज्यों की ईवी नीतियों को सक्षम बनाना, जो भारत के सतत गतिशीलता में परिवर्तन में योगदान देता है।

## केंद्र ने डब्ल्यूपीआई आधार वर्ष को संशोधित कर 2022-23 करने के लिए 18 सदस्यीय कार्य समूह गठित किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधार वर्ष को 2022-23 तक अद्यतन करने के लिए नीति आयोग के प्रोफेसर रमेश चंद की अध्यक्षता में 18 सदस्यीय कार्य समूह का गठन किया है। प्रोफेसर रमेश चंद की अध्यक्षता में गठित कार्य समूह में विभिन्न सरकारी विभागों, आर्थिक सलाहकार निकायों और गैर-आधिकारिक विशेषज्ञों के 17 अन्य प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। कार्य समूह को अधिसूचना के जारी होने के 18 महीने के भीतर अपनी अंतिम रिपोर्ट आर्थिक सलाहकार के कार्यालय को प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर रमेश चंद की अध्यक्षता में गठित 18 सदस्यीय कार्य समूह में विभिन्न सरकारी विभागों, आर्थिक सलाहकार निकायों और गैर-आधिकारिक विशेषज्ञों के प्रतिनिधि शामिल हैं। थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित वार्षिक मुद्रास्फीति दर नवंबर, 2024 में 1.89 फीसदी (अनंतिम) रही, जबकि अक्टूबर में



यह 2.36 फीसदी और सितंबर में 1.91 फीसदी थी। इस समूह के सदस्यों में आरबीआई, आर्थिक मामलों के विभाग, सांख्यिकी मंत्रालय, कृषि विभाग, उपभोक्ता मामले विभाग, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है, जिसमें एसबीआई समूह के मुख्य अर्थशास्त्री सौम्या कांति घोष भी हैं। गैर-आधिकारिक सदस्यों में अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला, शमिका रवि, धर्मकीर्ति जोशी, नीलेश शाह और इंद्रनील सेनगुप्ता हैं। इससे पहले सरकार की योजना आधार वर्ष को 2011-12 से संशोधित कर 2017-18 करने की योजना थी। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने जून 2021 में एक कार्य समूह की मसौदा तकनीकी रिपोर्ट जारी की थी, जिसमें थोक मूल्य सूचकांक के आधार वर्ष को संशोधित करने और नई श्रृंखला में औषधीय पौधे, लिफ्ट, व्यायामशाला उपकरण और कुछ मोटरसाइकिल इंजन जैसी लगभग 480 नई वस्तुओं को जोड़ने का सुझाव दिया गया है।

## भारतीय मानक ब्यूरो के 151 इस्पात मानक गुणवत्ता नियंत्रण आदेश में शामिल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात उत्पादन और आयात को सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) में 151 इस्पात मानकों को शामिल किया है। स्टील उत्पादकों को बीआईएस परिभाषित मानक का पालन करना जरूरी है और घरेलू तथा विदेशी उत्पादकों को विनिर्माण के लिए बीआईएस लाइसेंस प्राप्त करना आवश्यक है।

इस्पात मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि बीआईएस के 151 इस्पात मानकों को अब तक क्यूसीओ में शामिल किया गया है। बयान में कहा गया है कि आयातित इस्पात खेप की भी जांच की जाती है, ताकि घटिया इस्पात खेप की आपूर्ति की जांच की जा सके। इसके साथ ही केंद्र सरकार इस्पात उत्पादन में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर कई कदम उठाती रही है। इस्पात मंत्रालय ने कहा कि देश में खपत होने वाले स्टील के लिए मानक तैयार करने और उन्हें



गुणवत्ता नियंत्रण आदेश में शामिल करने के उपाय किए गए हैं। मानकीकरण में स्टील उत्पादन के लिए एक समान विनिर्देश, परीक्षण विधियां और विनिर्माण प्रक्रियाएं लागू करना भी शामिल है। इससे विभिन्न उत्पादकों के बीच स्टील की गुणवत्ता में एकरुपता सुनिश्चित होती है।

# देश में अक्टूबर-दिसंबर में चीनी उत्पादन 16 फीसदी घटकर 95.40 लाख टन रहा : इस्मा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश में चालू चीनी विपणन वर्ष 2024-25 में 31 दिसंबर, 2024 तक 95.40 लाख टन लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ है। पिछले चीनी विपणन वर्ष में इसी अ?वधि तक 113.01 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। इस तरह अबतक चीनी के उत्पादन में 16 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई है। हालांकि, चीनी उत्पादन के आंकड़ों में चीनी के इथेनॉल निर्माण के लिए उपयोग की मात्रा को शामिल नहीं किया गया है। चीनी उद्योग के प्रमुख निकाय भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने जारी एक बयान में बताया कि अक्टूबर, 2024 में शुरू हुए चालू विपणन वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 31 दिसंबर, 2024 तक चीनी का उत्पादन 16 फीसदी घटकर 95.40 लाख टन रहा है, जिसकी मुख्य वजह महाराष्ट्र के



उत्पादन में गिरावट आना है। इस्मा के अनुसार उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक में चीनी पेराई दर पिछले साल से बेहतर है। हालांकि, बारिश के कारण गन्ने की आपूर्ति में अस्थायी व्यवधान के कारण दिसंबर, 2024 के अंतिम हफ्ते के दौरान उत्तर प्रदेश में पेराई की दर प्रभावित हुई। इस्मा के मुताबिक देश के सबसे बड़े चीनी उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश में चीनी उत्पादन चालू विपणन वर्ष 2024-25 (अक्टूबर-सितंबर) की पहली तिमाही के दौरान घटकर 32.80 लाख टन रह गया, जो पिछले साल की इसी अवधि में 34.35 लाख टन था। वहीं, देश के दूसरे सबसे बड़े चीनी उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में चीनी का उत्पादन पिछले साल के 38.20 लाख टन से घटकर 30 लाख टन रह गया है, जबकि कर्नाटक में चीनी उत्पादन 24.91 लाख टन से घटकर 20.40 लाख टन रह गया है। उद्योग निकाया इस्मा ने कहा कि वह जनवरी के अंत तक चीनी के उत्पादन का अपना दूसरा अग्रिम अनुमान जारी करेगा। हालांकि, उद्योग निकाय ने बताया कि चालू चीनी विपणन वर्ष 2024-25 में घरेलू चीनी की खपत घटकर 280 लाख टन रहने का अनुमान है। चालू चीनी विपणन वर्ष की पहली तिमाही के दौरान 493 चीनी मिलें चालू थीं, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 512 रही थी।

# देश का कपड़ा और परिधान निर्यात 7 फीसदी बढ़कर 21.36 अरब डॉलर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत का कपड़ा और परिधान (हस्तशिल्प सहित) कुल निर्यात चालू वित्त वर्ष 2024-25 के अप्रैल-अक्टूबर अवधि के दौरान सात फीसदी बढ़कर 21.36 अबर डॉलर हो गया है। वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि के लिए यह आंकड़ा 20.01 अरब डॉलर रहा था। वहीं, वस्त्र एवं परिधान के वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 3.9 फीसदी है। कपड़ा मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के अप्रैल-अक्टूबर के दौरान भारत के कुल कपड़ा निर्यात में 8.73 अरब डॉलर के रेडीमेड गारमेंट्स (आरएमजी) निर्यात ने सबसे बड़ी 41 फीसदी हिस्सेदारी हासिल की है। चालू वित्त वर्ष की सात महीने की अवधि के दौरान निर्यात सूची में सूती वस्त्र 33 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर है, जिसका मूल्य 7.08 अरब डॉलर है। इसके बाद मानव निर्मित वस्त्र (15 फीसदी, 3.105 अरब डॉलर) का स्थान है। मंत्रालय ने जारी बयान में कहा है कि आयात में वृद्धि मुख्य रूप से सूती वस्त्रों में देखी गई है, जिसका मुख्य कारण लंबे रेशे वाले सूती रेशे का आयात है। भारत 2023 के आधार पर दुनिया में वस्त्र और परिधान का छठा सबसे बड़ा निर्यातक है। देश के कुल निर्यात में हस्तशिल्प सहित वस्त्र और परिधान (टीएंडए) की हिस्सेदारी वित?त वर्ष 2023-24 में 8.21 फीसदी है। देश का वस्त्र और परिधान के वैश्विक व्यापार में 3.9 फीसदी हिस्सा है।मंत्रालय के मुताबिक भारत के लिए प्रमुख कपड़ा और परिधान निर्यात गंतव्य अमेरिका और यूरोपीय संघ हैं, जिनकी कुल कपड़ा और परिधान निर्यात में लगभग 47 फीसदी हिस्सेदारी है। भारत एक प्रमुख कपड़ा और परिधान निर्यातक देश है। वस्त्रों में आयात का बड़ा हिस्सा पुनः निर्यात या कच्चे माल की उद्योग जरूरतों के लिए होता है। लाल सागर के आसपास भू-राजनीतिक संकटों के कारण वित्त वर्ष 2024 में निर्यात शुरू में कम रहा है। इसकी वजह से जनवरी, फरवरी और मार्च 2024 के दौरान जहाज की आवाजाही प्रभावित रही। कपड़ा मंत्रालय ने कहा है कि वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि की तुलना में वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-अक्टूबर की अवधि के दौरान सभी प्रमुख वस्तुओं के निर्यात में वृद्धि देखी गई है। केवल ऊन और हथकरघा में क्रमशः 19 फीसदी और 6 फीसदी की गिरावट आई है। वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-अक्टूबर अवधि के दौरान परिधान (हस्तशिल्प सहित) में 1 फीसदी की गिरावट आई है (5.425 अरब डॉलर) जबकि वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि (5.464 अरब डॉलर) में यह गिरावट आई है।

मंत्रालय ने कहा कि अप्रैल-अक्टूबर अवधि के दौरान कुल आयात (5.43 अरब डॉलर) में 1.86 अरब डॉलर के आयात के साथ मानव निर्मित वस्त्र श्रेणी की सबसे बड़ी हिस्सेदारी (34 फीसदी) है, क्योंकि इस क्षेत्र में मांग-आपूर्ति का अंतर है। दूसरी ओर वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान भारत के वस्त्र और परिधान उत्पादों का आयात लगभग 15 फीसदी घटकर 8.946 अरब डॉलर रह गया है, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह आंकड़ा 10.481 अरब डॉलर था।

## सीतारमण ने वित्तीय और पूंजी बाजार के हितधारकों के साथ सातवीं बजट-पूर्व बैठक की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में वित्तीय और पूंजी बाजार के हितधारकों के साथ सातवीं बजट-पूर्व परामर्श बैठक की। सीतारमण की अध्यक्षता में ये बैठक आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारियों के संबंध में आयोजित की गई, जिसमें वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार के हितधारकों ने वित्त मंत्री को कई सुझाव दिए। वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 के संबंध में वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार के हितधारकों के साथ नई दिल्ली में 7वें बजट-पूर्व परामर्श की अध्यक्षता की। इस बैठक में वित्त सचिव, आर्थिक मामलों के सचिव, दीपम सचिव, वित्तीय सेवा विभाग के सचिव और भारत



सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी वित्त वर्ष 2025-26 का केंदीय बजट एक फरवरी, 2025 को संसद में पेश करेंगी। बजट पूर्व परामर्श बैठक केंद्रीय बजट को आकार देने से जुड़ा एक आवश्यक कदम है, जो आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है। इन बैठकों में मिले सुझावों से विविध हितधारकों की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलती है।

## कपास का भाव बाजार की नरमी से न्यूनतम समर्थन मूल्य के इर्द गिर्द

**नई दिल्ली।** देश में कपास का औसत बाजार भाव वर्ष 2024 के दौरान सुस्ती के कारण न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के स्तर पर मँडरा रही है और एक सप्ताह पूर्व तक 42 लाख गांठ से अधिक कपास की सरकारी खरीद की जा चुकी थी। सरकार ने कपास विपणन वर्ष 2024-25 के लिए कपास का एमएसपी 7,121 रुपये प्रति क्विंटल (औसत लम्बाई के रेशे)और 7521 रुपये (लंबे रेशे की कपास) प्रति क्विंटल तय किया है। सरकार कपास के लिए एमएसपी योजना भारतीय कपास निगम (सीसीआई)के जरिए चलाती है। कपड़ा मंत्रालय के अनुसार सीसीआई ने अक्टूबर 2024 से एमएसपी खरीद अभियान शुरू किया है और गत 22 दिसंबर तक एमएसपी योजना के तहत 16,215 करोड़ रुपये मूल्य के लगभग 42.11 लाख गांठ कपास की खरीद की है। उपरोक्त खरीद से सभी कपास उत्पादक राज्यों में लगभग 7.75 लाख कपास किसानों को लाभ हुआ है। भारत विश्व का सबसे बड़ा कपास उत्पादक है। मंत्रालय के अनुसार सीसीआई ने कपास के किसानों की सुविधा के लिए एमएसपी संचालन के तहत कपास और कपड़ा क्षेत्र के लाभ के लिए सीसीआई ने ऑन स्पॉट आधार प्रमाणीकरण (ओटीपी/बायोमेट्रिक उपकरण के माध्यम से) आधारित किसान पंजीकरण अनिवार्य किया गया।

# शेयर बाजार से निवेशकों को मिला न्यू ईयर गिफ्ट, तूफानी तेजी से उछले सेंसेक्स और निफ्टी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार जीएसटी कलेक्शन के शानदार आंकड़े, आईटी सेक्टर की उछाल और अच्छे तिमाही नतीजे की उम्मीद के कारण जोरदार मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही कुछ देर के लिए बिकवाली का दबाव भी बना, लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने चौतरफा लिवाली शुरू कर दी, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल में जबरदस्त तेजी आ गई। इस तेजी के कारण सेंसेक्स 1,525 अंक से अधिक उछल गया। इसी तरह निफ्टी ने भी इंट्रा-डे में 483 अंक से अधिक की छलांग लगाई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.83 प्रतिशत और निफ्टी 1.88 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान सभी सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। इनमें ऑटोमोबाइल इंडेक्स 3.79 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह आईटी इंडेक्स 2.26 प्रतिशत तक उछल गया। टेक इंडेक्स ने 2.19 प्रतिशत और कंज्यूमर ड्यूरेबल इंडेक्स ने 2.02 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा बैंकिंग, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस, एफएमसीजी, मेटल और रियल्टी इंडेक्स भी अच्छी मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.89 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 6 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 450.44 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 444.43 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 6.01 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,058 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,395 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,574 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 89 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,519 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,624 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 895 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 29 शेयर बढ़त के साथ और 1 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 48 शेयर हरे निशान में और 2 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 150.11 अंक की तेजी के साथ 78,657.52 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बनने के कारण थोड़ी ही देर में ये सूचकांक लुढ़क कर 78,542.37 अंक तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया। खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक ने ऊपर चढ़ना शुरू कर दिया। बीच-बीच में मुनाफा वसूली भी होती रही। इसके बावजूद इस सूचकांक की चाल में लगातार तेजी बनी रही।

# अपनी कमजोर हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए काजू को इन तरीकों से करें डाइट में शामिल



**कमजोर हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए काजू को अपने डाइट में शामिल करें। इसे काजू दूध ड्राई फ्रूट्स स्मूदी काजू चटनी सलाद ड्रेसिंग काजू करी एनर्जी बार और हलवा के रूप में खाएं। काजू में मौजूद कैल्शियम मैग्नीशियम और फास्फोरस हड्डियों को मजबूत बनाते हैं। इसे अपने नाश्ते लंच या स्नैक्स में शामिल कर हड्डियों को स्वस्थ और मजबूत रख सकते हैं।**

काजू एक बेहद पौष्टिक और स्वादिष्ट ड्राई फ्रूट है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए बेहद फायदेमंद होता है। इसमें कैल्शियम, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम और अन्य जरूरी मिनरल भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। काजू को नियमित रूप से अपनी डाइट में शामिल करने से हड्डियों को स्वस्थ रखने के साथ-साथ शरीर के अन्य अंगों के लिए भी फायदेमंद होता है। काजू को सिर्फ साबुत खाने की जगह, इनसे आप कई तरह की डिशेज भी बना सकते हैं। आइए जानते हैं कि आप अपनी डाइट में काजू को किस तरह शामिल कर सकते हैं।

काजू दूध

काजू दूध एक स्वादिष्ट और पौष्टिक ऑप्शन है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए परफेक्ट है।

बनाने की विधि: काजू को रात भर पानी में भिगो दें। फिर पानी के साथ ब्लेंड करके एक मलाईदार दूध तैयार करें।

काजू और ड्राई फ्रूट्स स्मूदी

सुबह के समय एक ताजगी और एनर्जेटिक शुरुआत के लिए काजू को अन्य ड्राई फ्रूट्स के साथ स्मूदी में मिलाएं।

विधि- काजू, बादाम, अखरोट, केला और दही को ब्लेंड करके एक पौष्टिक स्मूदी बनाएं।

काजू की चटनी

काजू का इस्तेमाल चटनी बनाने के लिए भी किया जा सकता है, जो खाने का स्वाद बढ़ाती है।

विधि- काजू को भूनकर उसमें धनिया, हरी मिर्च, अदरक और नींबू का रस मिलाकर पीस लें। यह चटनी पराठे, रोटियों या स्नैक्स के साथ स्वादिष्ट लगती है।

काजू का सलाद ड्रेसिंग

काजू से बना सलाद ड्रेसिंग आपके सलाद को और भी स्वादिष्ट बना देगा।

विधि: काजू, जैतून का तेल, नींबू का रस, काला नमक और थोड़ा सा लहसुन मिलाकर एक ड्रेसिंग तैयार करें।

काजू की करी

काजू को अपनी पसंदीदा करी में मिलाकर एक स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन बनाएं।

विधि- काजू को भूनकर अपनी पसंदीदा करी में मिलाएं।

काजू एनर्जी बार

घर पर काजू एनर्जी बार बनाना एक आसान और स्वस्थ तरीका है।विधि: काजू, खजूर, ताजे फल और ओट्स को मिलाकर एनर्जी बार बनाएं।

काजू हलवा

काजू हलवा एक मीठा और पौष्टिक ऑप्शन है, जो हड्डियों को मजबूत बनाता है।विधि- काजू को पीसकर, दूध, घी और गुड़ के साथ हलवा तैयार करें।

# 2025 में होगा अति-दक्षिणपंथी विश्व राजनीति के नये युग का आरंभ



डोनाल्ड ट्रम्प के पास पहले से ही यूरोप और लैटिन अमेरिका के कई देशों में उनके रोल मॉडल हैं। अब ट्रम्प मॉडल को यूरोप के देशों पर एलन मस्क के फंड और ट्रम्प समर्थक दक्षिणपंथी ताकतों को बड़ी वित्तीय सहायता के माध्यम से लागू किया जा रहा है। 2025 में लक्ष्य जर्मनी में 23 फरवरी को और फ्रांस में जुलाई 2025 में होने वाले आम चुनाव हैं।

वर्ष 2025 में संयुक्त राज्य अमेरिका की सत्ता में आने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके सहयोगी सलाहकार, दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क के नेतृत्व में अति-दक्षिणपंथी वैश्विक राजनीति के उभार का एक नया युग देखने को मिलेगा। यह ट्रम्प के ब्रांड को टेस्ला के सीईओ के बड़े पैसे और तकनीकी कौशल के साथ मिलाने वाला एक अनूठा संयोजन होगा। अमेरिका के इतिहास में पहले कभी ऐसा शक्तिशाली संयोजन नहीं आया, जो मध्यमार्गी, उदारवादी और वामपंथी शासन और विचारों को चुनौती दे रहा हो।

डोनाल्ड ट्रम्प के पास पहले से ही यूरोप और लैटिन अमेरिका के कई देशों में उनके रोल मॉडल हैं। अब ट्रम्प मॉडल को यूरोप के देशों पर एलन मस्क के फंड और ट्रम्प समर्थक दक्षिणपंथी ताकतों को बड़ी वित्तीय सहायता के माध्यम से लागू किया जा रहा है। 2025 में लक्ष्य जर्मनी में 23 फरवरी को और फ्रांस में जुलाई 2025 में होने वाले आम चुनाव हैं। केनेडा में इस साल 20 अक्टूबर को चुनाव होने हैं। ट्रूडो सरकार को हटाने और ट्रम्प शासन के अनुकूल सरकार लाने में ट्रम्प और मस्क दोनों का बड़ा दांव है।डोनाल्ड ट्रम्प 20 जनवरी को राष्ट्रपति का पदभार संभालेंगे। इसके ठीक एक महीने बाद, जर्मनी में 23 फरवरी को महत्वपूर्ण चुनाव होने जा रहे हैं। जर्मन चांसलर ओलॉफशुल्ट्ज को अपनी सरकार के पतन के बाद चुनाव कराने के लिए सहमत होना पड़ा। दक्षिणपंथी पार्टी एएफडीसीडीयू/सीएसयू के बाद दूसरी पार्टी बनने के लिए बड़े पैमाने पर प्रचार कर रही है जो अभी भी जनमत सर्वेक्षण में शीर्ष पर है। सोशल डेमोक्रेट्स (एसपीडी), ग्रीन्स और नयी वामपंथी बीएसडब्ल्यू तीसरे स्थान के लिए लड़ रहे हैं।

जर्मन सरकार ने एलन मस्क पर देश के चुनाव अभियान में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है, जिसमें उन्होंने दक्षिणपंथी पार्टी एएफडी का बार-बार समर्थन किया है। एलन मस्क ने बहुत सारा धन जुटाया है और एएफडी के कुछ उम्मीदवारों के अभियान को प्रायोजित किया है, जो खुले तौर पर ट्रंप के समर्थक हैं। मस्क के एक्स पोस्ट और सप्ताहांत में मुस्लिम विरोधी, प्रवास विरोधी अल्टरनेटिव फॉर ड्यूशलैंड (एएफडी) का समर्थन करने वाले एक राय लेख के बाद सरकारी प्रवक्ता क्रिस्टयन हॉफमैन ने कहा, %यह वास्तव में एलन मस्क द्वारा संघीय चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश का मामला है।

मस्क ने अक्सर जर्मन राजनीति पर टिप्पणी की है। यहां तक कि पिछले महीने उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर चांसलर ओलॉफशुल्ट्ज को मूर्ख कहा था। हालांकि, हाल ही में उन्होंने जर्मन मतदाताओं से एएफडी का समर्थन करने का आह्वान किया, जिसे संघीय अधिकारी एक संदिग्ध चरमपंथी पार्टी के रूप में वर्गीकृत करते हैं, जिससे नाराजगी और यूरोप की शीर्ष अर्थव्यवस्था में हस्तक्षेप करने के आरोप भड़क उठे हैं। मस्क ने खुलेआम घोषणा की है कि 23 फरवरी को चुनाव जीतने पर केवल एएफडीही जर्मनी को बचा सकता है।

ट्रंप-मस्क की जोड़ी की इस स्थिति ने सेंटर राइट सीडीयू/सीएसयू पार्टी को बेचैन कर दिया है क्योंकि उनके नेताओं को लगता है कि एएफडी उनके दक्षिणपंथी आधार को आक्रामक रूप से नष्ट कर देगा और चुनाव से पहले इसे कमजोर कर देगा। जर्मनी में चुनावों में बहुत अधिक धन की आवश्यकता होती है और मस्क और उनके सहयोगियों से प्राप्त धन से लबालब एएफडीअन्य दावेदारों के अभियान को पीछे छोड़ते हुए एक बड़े अभियान पर ह।वास्तव में एलन मस्क ने ब्रॉडशीट अखबारवेल्टएमसोनटैग में एक अतिथि संपादकीय लिखा था जिसमें तर्क दिया गया था कि जर्मनी आर्थिक और सांस्कृतिक पतन के कगार पर है। उन्होंने अपने लेख में कट्टरपंथ के आरोपों के खिलाफ एएफडी का बचाव किया और विनियमन और कर नीति सहित अर्थव्यवस्था के प्रति पार्टी के दृष्टिकोण की प्रशंसा की। चांसलर मज़्के लिए सीडीयू/सीएसयू के चेहरे ने कहा, मैं पश्चिमी लोकतंत्रों के इतिहास में किसी मित्र देश के चुनाव अभियान में हस्तक्षेप का तुलनीय मामला याद नहीं कर सकता।अब तक, जर्मनी की सभी मुख्यधारा की राजनीतिक पार्टियां एएफडी को सत्ता में नहीं आने देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हाल ही में हुए क्षेत्रीय चुनावों में, सीटों की संख्या में बढ़त के बावजूद एएफडी को सरकार में शामिल नहीं होने दिया गया। लेकिन अगर एएफडी को सीडीयू/सीएसयू के नंबर एक स्थान के करीब सीटें मिलती हैं, तो स्थिति बदल सकती है। अभी एएफडी को 19 प्रतिशत वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रखा गया है, जबकि सीडीयू /सीएसयू को 31 प्रतिशत वोट मिले हैं। एसपीडी, वामपंथी बीएसडब्ल्यू और डाईलिंके सभी एएफडीसे बहुत पीछे हैं। अभी तक, इस बात की संभावना बनी हुई है कि नयी संसद में एएफडी बहुमत के आंकड़े से बहुत पीछे रह जायेगी और गैर-दक्षिणपंथी ताकतों का एक संयोजन एएफडी को नयी जर्मन सरकार का हिस्सा बनने से रोक सकता है। अब सब कुछ अंतिम चुनाव परिणामों पर निर्भर करता है।

फ्रांस में, जुलाई 2024 में हुए पिछले चुनावों के एक साल बाद जुलाई 2025 में राष्ट्रीय चुनाव होने की संभावना है। प्रधानमंत्री फ्रेंकोइस बायरू का कमजोर गठबंधन अस्तित्व के लिए दक्षिणपंथी मैरी ले पेन की नेशनल रैली पार्टी के समर्थन पर निर्भर है। ले पेन जल्दी चुनाव चाहते हैं और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन ने संकेत दिया है कि एक साल पूरा होते ही वे चुनाव की घोषणा कर देंगे। फ्रांस में ले पेन को ट्रंप का क्लोन माना जाता है और उनकी पार्टी को ट्रंप और मस्क का पूरा समर्थन मिल रहा है। पेरिस में राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि चुनाव की तारीखों की घोषणा होते ही मस्क ले पेन की मदद के लिए अपना अभियान शुरू कर देंगे। ब्रिटेन में पिछले संसदीय चुनावों में 14 प्रतिशत वोट पाने वाली निगेलफरेज की रिफॉर्म र्टी उभर कर सामने आ रही है।ब्रिटेन में लेबर पार्टी के लिए दक्षिणपंथी विकल्प और मुख्य विपक्ष के रूप में उभर रहे हैं। फरेज ने हाल ही में यूएसए में डोनाल्ड ट्रम्प और एलन मस्क से मुलाकात की और यह निर्णय लिया गया कि ट्रम्प रिफॉर्म पार्टी और फरेज को लेबर पार्टी के मुख्य विपक्ष के रूप में उभरने के लिए सभी सहायता देंगे। 1000 लाख अमेरिकी डॉलर की शुरुआती फंडिंग पर सहमति बनी। वास्तव में रेज ब्रिटिश राजनीति में ट्रम्प मॉडल होंगे।अभी ट्रम्प-मस्क कॉम्बो का ध्यान जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन पर है।

अब तक, यूरोपीय देशों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए दक्षिणपंथियों द्वारा ऐसा व्यापक प्रयास कभी नहीं हुआ। 2025 में यूरोप के मध्यमार्गियों, उदारवादियों और वामपंथियों को हाथ मिलाने और एकजुट होकर दक्षिणपंथियों से लड़ने के लिए जागना चाहिए। समय बदल रहा है।

संपादकीय

## आर्थिक चुनौतियों का होगा नया साल

बुधवार को जिस 2025 का आगाज़ हुआ है उसमें अनेक तरह की आर्थिक चुनौतियां होंगी। जिस तरह से महंगाई बढ़ी है तथा केन्द्र सरकार के पास उसे कम करने व लोगों को रोजगार देने की कोई ठोस योजना नहीं है, उससे साफ है कि आमजन के लिये यह साल पहले से कहीं अधिक कष्टप्रद होगा। वर्ष 2024 के आखिरी दिन कांग्रेस ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के जो आंकड़े उद्धृत किये हैं, वे भारतीय अर्थव्यवस्था की भयावह तस्वीर पेश करने के लिये काफी हैं। कहने को तो ये आंकड़े गोल्ड लोन लेकर अथवा गहने गिरवी रख या बेचकर घर चलाने के सम्बन्ध में हैं, जिसे एक तरह से सीमित विषय पर केन्द्रित कहा जा सकता है, परन्तु देश की जो सामाजिक व्यवस्था है उसमें घर खर्च चलाने के लिये सोना गिरवी रखना अथवा बेचना आम आदमी का अंतिम उपाय माना जाता है। ऐसा करना लोगों की बदहाली व मजबूरी का द्योतक है। असली बात यह है कि ऐसी तमाम परिस्थितियों को सिरे से खारिज करने की आदी भारतीय जनता पार्टी की सरकार यह नहीं बतलाती कि वह जनता को इस हालत से बाहर निकालने के लिये क्या करने जा रही है।कांग्रेस ने मंगलवार को आरबीआई के आंकड़ों का हवाला देते हुए एक्स पर पोस्ट कर बताया है कि %देश की अर्थव्यवस्था डांवाडोल है। लोगों के पास कमाई के साधन नहीं हैं और उन्हें घर चलाने के लिये गहने गिरवी रखकर कर्ज लेना पड़ रहा है। इसके बाद भी स्थिति सुधर नहीं रही। वे कर्ज नहीं चुका पा रहे हैं।% बकौल कांग्रेस, आरबीआई ने जो तथ्य दिये हैं उनमें प्रमुख हैं-गोल्ड लोन के डिफाल्टर के मामले मार्च 2024 से जून 2024 तक 30 फीसदी बढ़ गये, कमर्शियल बैंकों में डिफाल्टर मामलों में 62 प्रतिशत का इज़ाफा तथा बीते वर्ष के पहले 7 महीनों में कर्ज लेने के मामलों में 50 प्रश की वृद्धि। कांग्रेस की इस बात में दम है कि, %प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आम जनता की परेशानियों से कोई फर्क नहीं पड़ रहा। वे देश की अर्थव्यवस्था को सम्भालने में पूरी तरह से नाकाम हो चुके हैं।इसमें कोई शक नहीं कि सोना गिरवी रखना या बेचना माली हालत का सबसे बड़ा सूचकांक माना जाता है- फिर वह चाहे व्यक्ति हो या देश। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि देश की हालत बहुत खराब है। मुल्क की जो स्थिति हैं वह साफ बतला रही है कि यदि लोगों को सोना बेचना पड़ रहा है या वे उसे गिरवी रखकर घर का खर्च चला रहे हैं तो इसका अर्थ है कि उनकी आमदनी काफी घटी है। दूसरे, महंगाई का जो आलम है वह भी सर्वत्र दिख पड़ता है। साग-सब्जियों से लेकर खाने-पीने की वस्तुएं तथा तमाम उपभोक्ता सामग्रियां लगातार महंगी होती जा रही हैं। कोई भी ऐसा महीना नहीं आता जिसमें किसी भी वस्तु के दाम घटने की खबर मिलती हो। ऊपर से, तमाम तरह की सामग्रियां, सेवाएं या उत्पाद जीएसटी के दायरे में लाई जा चुकी हैं; और जो नहीं लाई गयी थीं, वे भी लाई जा रही हैं। यहां तक कि बहुत बुनियादी ज़रूरतों की सामग्रियों या सेवाएं तक लगातार महंगी होती जा रही हैं, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, दवाएं, पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस आदि शामिल हैं। यहां तक कि किसानों के लिये ज़रूरी कृषि उपयोगी वस्तुएं, उपकरण, खाद आदि सभी कुछ महंगा होता जा रहा है।वैसे भी मोदी सरकार का सारा ध्यान और अनुराग उच्च वर्गों के लिये हैं। सामान्य दर्जे की ट्रेनों की बजाये उसकी दिलचस्पी महंगी ट्रेनें (वंदे भारत, बुलेट ट्रेन आदि) चलाने में हैं। लोगों की जेब पर जिस तरह से बोझ बढ़ता जा रहा है उनके पास सोना गिरवी रखने या बेचने के अलावा और कोई उपाय नहीं रह जाता। हर किसी के पास इतनी जमा-पूंजी नहीं रहती कि वह वर्षों तक महंगाई को झेल सके। न ही हर किसी के पास जमीनें होती हैं। मकान सभी के लिये ज़रूरी होता है पर पाया गया है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान जनजीवन जैसा महंगा हुआ है, लोग मकान बेचकर छोटे शहरों या सस्ते आवासों वाली बस्तियों में जा रहे हैं। घरों में थोड़ा-बहुत सोना रखने का रिवाज होता है लेकिन इन दिनों यह कोई मकान बनाने, हारी-बीमारी अथवा शादी-ब्याह के लिये नहीं बेचा या गिरवी रखा जा रहा है बल्कि ऐसा दैनंदिन खर्च चलाने के लिये हो रहा है। ऋण भुगतान की किश्तें भरनी कठिन हो गयी हैं। लोग तेजी से डिफाल्टर होते जा रहे हैं।

# खोखलेपन से बचा रहे नया साल

खुशी का कोई पैमाना नहीं होता। कोई इंसान एक छोटे से घर में सीमित सामान के साथ भी खुश रह सकता है और किसी को 27 मंजिला घर या देश की आधी से अधिक संपत्ति हासिल करने के बाद भी कुछ और मिल जाए, ऐसी चाह रहती है। हालांकि आम इंसान के लिए तो खुशियां तभी अंतहीन हो सकती हैं, जब उसे रोजमर्रा की जरूरतों के लिए जूझना न पड़े। नौकरी पर तलवार लटकती न दिखे, बच्चों को पढ़ने और खेलने के पूरे मौके मिलें।

नए साल की शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट अंग्रेजी में लिखी है, जिसका अनुवाद है- 2025 की शुभकामनाएं, यह वर्ष सभी के लिए अवसर, सफलता और अंतहीन खुशियां लेकर आए। सभी को अच्छी सेहत और समृद्धि का आशीर्वाद मिले।

लोकसभा चुनावों के पहले प्रधानमंत्री मोदी ने एक साक्षात्कार में कहा था कि वे खुद में दैवीय अंश महसूस करते हैं। उन्हें लगता है कि वे सामान्य लोगों की तरह जैविक गुण नहीं बल्कि अलौकिक शक्तियों से संपन्न हैं। ऐसा दावा करने का मनोबल उन्हें लगातार सत्ता में बने रहने से मिला, या किसी और वजह से, यह तो पता नहीं। लेकिन नए साल पर उनके शुभकामना संदेश को देखने से ऐसा ही लगता है कि वे खुद में अगर भगवान का अंश देखते हैं, तो उसी रौ में वे देश को भगवान भरोसे छोड़कर ही सत्ता पर बैठे हुए हैं। लोगों के जीवन में सुख, समृद्धि, सेहत बनी रहे, ऐसी शुभकामना देने में कोई हर्ज नहीं है। सवाल यह है कि क्या केवल किसी के कह देने से ये सारी बातें जीवन में सच हो जाएंगी। नए साल पर दुनिया भर के लोग अपने-अपने ईश्वरों को याद करते हैं। अपने देश में भी साल के पहले दिन मंदिरों में भीड़ उमड़ी रही। लोगों ने पूरे साल के अच्छे से गुजरने, नौकरी मिलने, परीक्षा में सफलता मिलने, बीमारी के इलाज की या इसी तरह की अन्य ख्वाहिशों के पूरा होने की प्रार्थना की होगी। हर साल ऐसा ही होता है। मगर क्या इससे सबकी कामनाएं पूरी हो जाती हैं। ईश्वर किस तरह से आशीर्वाद देता है, ये कोई नहीं बता सकता। लेकिन जिन शुभकामनाओं को श्री मोदी ने अपने ट्वीट में व्यक्त किया है, वे तभी पूरी होंगी, जब सरकारें उस दिशा में काम करेंगी।खुशी का कोई पैमाना नहीं होता। कोई इंसान एक छोटे से घर में सीमित सामान के साथ भी खुश रह सकता है और किसी को 27 मंजिला घर या देश की आधी से अधिक संपत्ति हासिल करने के बाद भी कुछ और मिल जाए, ऐसी चाह रहती है। हालांकि आम रोजमर्रा की जरूरतों के लिए जूझना न पड़े। नौकरी पर तलवार लटकती न दिखे, बच्चों को पढ़ने और खेलने के पूरे मौके मिलें, युवाओं को बेरोजगार होने या सिफारिश अथवा बेईमानी से दूसरों को आगे निकलते देखने पर कुंठा का शिकार न होना पड़े, बुजुर्गों को जीवन के उत्तरार्द्ध में पहुंचकर भी सम्मान के साथ जीने मिले, स्त्रियां खुद को हर लिहाज से सुरक्षित महसूस करें, किसानों पर बेचारगी का ठप्पा लगाए बिना उन्हें उनका हक दिया जाए, जाति-धर्म-लिंग-धन सबका भेदभाव खत्म हो जाए। ऐसी आदर्श जिंदगी भारत के नागरिकों के हिस्से में आए, इसी उद्देश्य से संविधान की रचना की गई थी। संविधान निर्माता जानते थे कि ऐसा होने में वक्त लगेगा, लेकिन जिंदगी को बेहतर बनाने की प्रक्रिया चलती रहनी चाहिए, इसलिए कल्याणकारी राज्य की अवधारणा की गई और सरकारों को लोकतांत्रिक होने के साथ जनकल्याण के लिए फैसले लेने की राह दिखाई गई। इस राह पर चलने में किसी सरकार को शत प्रतिशत सफलता नहीं मिली। लेकिन इससे हटने की न किसी ने चेष्टा की, न ऐसा बड़बोलापन दिखाया कि अब तक जो नहीं हुआ, वो हमने कर दिखाया। मगर पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार ने ऐसा दुस्साहस किया और उसमें देश को जो नुकसान हुआ है, उस पर अफसोस दिखाने की जहमत भी नहीं उठाई जा रही है।



साल 2014 में युवाओं को दो करोड़ नौकरियां हर साल देने का वादा किया गया था, साल 2024 के आखिरी में युवाओं को पर्चा लीक की शिकायत पर लाठियां खानी पड़ी। साल 2014 में किसानों से वादा था कि 2022 तक उनकी आय दोगुनी हो जाएगी, साल 2024 खत्म हो गया लेकिन किसानों को अब भी अपने हक के लिए सड़क पर बैठना पड़ रहा है। पिछले साल चुनावों में भाजपा के लिए वोट मांगते-मांगते नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को डराया कि कांग्रेस सरकार आई तो आपके मंगलसूत्र चुरा लेगी, अब पता चल रहा है कि सामान्य जरूरतें पूरी करने के लिए लोगों को अपने गहने, सोना गिरवी रखने पड़ रहे हैं। देश किस हाल में चल रहा है, ये उसके कुछ उदाहरण मात्र हैं। आम जनता बेहद पीड़ा, तकलीफों से गुजरती हुई, कठिन हालात का सामना करती हुई जीवन गुजार रही है और नहीं हैं। केवल आभासी बातों से नए साल गुजारने के संकेत उन्होंने दिए हैं।

वैसे उनसे इससे ज्यादा उम्मीद भी क्या की जाए। जब डेढ़ साल से तबाह हो गए मणिपुर पर वे चुप लगाकर बैठे हैं और वहां के लोग किस हाल में हैं, ये जानने के लिए वे मणिपुर अब तक नहीं गए हैं। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह भी प्रधानमंत्री मोदी के ही नक्शे कदमों पर चल रहे हैं। नए साल पर उन्होंने भी एक संदेश अपनी जनता के नाम दिया है। उन्होंने राज्य के लोगों से माफी मांगी और मई 2023 से अब तक राज्य में हुई जातीय हिंसा के लिए %खेद% जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि %यह पूरा साल बहुत दुर्भाग्यपूर्ण रहा है। मुझे अफसोस है और मैं राज्य की जनता से कहना चाहता हूं कि पिछले 3 मई से आज तक जो कुछ हो रहा है, उसके लिए मैं राज्य की जनता से माफी मांगना चाहता हूं। तमाम लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया। कई लोगों ने अपना घर छोड़ दिया। मुझे सचमुच अफसोस हो रहा है। मैं माफी मांगना चाहूंगा।% मुख्यमंत्री ने कहा- %अब, मुझे उम्मीद है कि नए साल 2025 के साथ, राज्य में सामान्य स्थिति और शांति बहाल हो जाएगी। मैं राज्य के सभी समुदायों से अपील करता हूं कि जो भी हो, जो हुआ, सो हुआ। हमें अब पिछली गलतियों को भूलना होगा और एक शांतिपूर्ण मणिपुर, एक समृद्ध मणिपुर के लिए एक नया जीवन शुरू करना होगा।%

कितना आसान है इस तरह का खेद प्रकट करना और नए सिरे से सब कुछ शुरु करने की नसीहत देना। याद कीजिए कि गोधरा कांड के 9 साल बाद सितंबर 2011 में अपने जन्मदिन से शुरु करके नरेन्द्र मोदी ने तीन दिन का सद्भावना उपवास रखा था। लेकिन क्या इससे गुजरात में हिंदू-मुसलमान के बीच बनी खाई पाटी जा सकी। क्या बिल्किस बानो को फिर भी इंसाफ के लिए लंबी लड़ाई नहीं लड़नी पड़ी। तब नरेन्द्र मोदी ने इस्तीफा नहीं दिया था, अटल जी की सलाह पर राजधर्म का पालन नहीं किया था। अब बीरेन सिंह इस्तीफा नहीं दे रहे, उन्होंने केवल इसका दिखावा किया था। उन्हें राजधर्म के पालन की सलाह भी नहीं दी जा रही। अब वे सैकड़ों निर्दोष जानों की अकाल मौत पर अफसोस जता रहे हैं और कह रहे हैं कि जो हुआ सो हुआ। लेकिन क्या उनके कहने से उन लोगों के जीवन का खालीपन भरेगा, जिनके अपनों को बेमौत मारा गया। कुकी और मैतेई समुदायों के बीच अविश्वास की गहरी खाई क्या एक औपचारिक संदेश से भर जाएगी। जहां एक राज्य के भीतर दो समुदायों के बीच सीमा रेखा खींच दी गई हो, क्या वो लकीर मुख्यमंत्री मिटा पाएंगे। क्या उन महिलाओं को इंसाफ मिलेगा, जिन्हें बलात्कार और निर्वस्त्र जुलूस निकालने के पैशाचिक अत्याचार को सहना पड़ा।जाहिर है ऐसा कुछ नहीं होगा और जैसे सद्भावना उपवास का खोखलापन अब और विद्रुपता के साथ नजर आ रहा है, वैसा ही खोखला बीरेन सिंह का अफसोस भी है। अगर मणिपुर को लेकर भाजपा वाकई चिंतित और परेशान है तो अब तक बीरेन सिंह अपने पद को छोड़ चुके होते या कम से कम प्रधानमंत्री मोदी से यह कहने की हिम्मत दिखाते कि आप एक बार मणिपुर आकर लोगों को सांत्वना दें। वैसे श्री मोदी ने एक ट्वीट बीरेन सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाओं का भी किया है। मगर उनके अफसोसनामे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# पर्यटन का खास मुकाम डल झील



डल झील श्रीनगर, कश्मीर में तो प्रसिद्ध है ही लेकिन दुनिया भर के सैलानियों के लिए भी यह पर्यटन का एक खास मुकाम है। कहा जाता है कि इसमें स्त्रोतों से जल आता है एवं यह झाल खुद ही कश्मीर घाटी में काफी झीलों से जुड़ी हुई है।

यह दुनिया भर में शिकारों या हाऊस बोट के लिए जानी जाती है और सैलानी खासतौर पर इनका आनंद लेने के लिए यहां आते हैं। यह 18 किलोमीटर क्षेत्र में फैली हुई है। तीन दिशाओं से पहाड़ियों से घिरी डल झील जम्मू कश्मीर की दूसरी सबसे बड़ी झील मानी जाती है और भारत की सबसे सुंदर झीलों में इसे शामिल किया जाता है। पर्यटक जम्मू-कश्मीर आएं और डल झील देखने न जाएं ऐसा हो ही नहीं सकता।

डल झील के पास ही मुगलों के सुंदर एवं प्रसिद्ध पुष्प वाटिका से झील की आकृति और उभरकर सामने आती है। मुख्य रूप से इस झील में मछली का काम होता है। डल झील के मुख्य आकर्षण का केंद्र हैं यहां के हाउसबोट। सैलानी इन हाउसबोटों में रहकर इस खूबसूरत झील का आनंद उठा सकते हैं।

झील, कश्मीर की घाटियों की अन्य धाराओं के साथ मिल जाती है। झील के चार जलाशय हैं गगरीबल, लोकुट डल, बोड डल तथा नागिन। लोकट डल के मध्य में रूप लंक द्वीप स्थित है, तथा बोड डल जलधारा के मध्य में सोना लंक स्थित है। वनस्पति डल झील की खूबसूरती को और निखार देती है। कमल के फूल, पानी में बहती कुमुदनी, झील की सुंदरता को दुगुना कर देती है।

सैलानियों के लिए झील के सौंदर्य के अलावा भी विभिन्न प्रकार के मनोरंजन के साधन यहां पर उपलब्ध हैं। जैसे कि कायाकिंग, केनोइंग डोंगी पानी पर सर्फिंग करना व ऐंगलिंग मछली पकड़ना आदि से सफर और ज्यादा रोमांचक हो जाता है। कश्मीर के प्रसिद्ध विश्वविद्यालय झील के तट पर स्थित है। हाउसबोट में रहकर सैलानी इस झील के खूबसूरत वातावरण से भावविभोर हो जाते हैं।

शिकारे के माध्यम से सैलानी नेहरूपार्क, कानुटूर खाना, चारचिनारी, कुछ द्वीप जो यहां पर स्थित हैं, उन्हें देख सकते हैं। श्रद्धालुओं के लिए हजरतबल तीर्थस्थल के दर्शन करे बिना उनकी यात्रा अधूरी रह जाती है। शिकारे के माध्यम से श्रद्धालु इस तीर्थस्थल के दर्शन कर सकते हैं। एक शिकारे पर सवार होकर विभिन्न प्रकार की कश्मीरी चीजें भी खरीद सकते हैं और दुकानें भी शिकारे पर ही लगी होती हैं। यह मात्र खरीददार तक ही सीमित नहीं है, परन्तु एक रोमांचित कर देने वाला खेल भी होगा।



**कैसे जाएं:** यदि पर्यटक डल झील पहुंचना चाहते हैं, तो श्रीनगर जिले से 25 किलोमीटर की दूरी पर बडगाम जिले में स्थित एयरपोर्ट पर पहुंच सकते हैं। नजदीक रेल सेवा जम्मू में स्थित है, तथा वहां का नेशनल हाईवे एनएचए कश्मीर घाटी को देश के अन्य भागों से जाड़ता है। इन पहाड़ी इलाकों पर यात्रा करने के लिए दस से बारह घंटे लगते हैं। इस सफर के दौरान पर्यटक यहां के प्रसिद्ध जवाहर टनल को निहार सकते हैं।

# धर्मशाला में उठायें बर्फली पहाड़ियों का रोमांच



पहाड़ियों में चीड़ व देवधर के घने जंगलों और बर्फ को करीब से देखने का अनुभव धर्मशाला में मिलता है। यहां सीधे-सादे और बौध धर्म के बिरले चिन्ह भी यहां आसानी से देखने को मिलते हैं। धर्मशाला में झरने व सुहाने नजारे इस जगह को सभी की पसंद बनाते हैं। हालांकि अब यहां तिब्बत के लोग ज्यादा रहते हैं, लेकिन ब्रिटिश काल का प्रभाव इस छोटे शहर पर आज भी महसूस किया जा रहा है।

खूबसूरत पहाड़ी शहर धर्मशाला को यूं तो अंग्रेजों ने बसाया था, लेकिन अब तिब्बतियों की संख्या ज्यादा होने से इस पर वहां के कल्चर का इतना प्रभाव पड़ा है कि इसे लिटल ल्हासा के नाम से जाना जाता है। हिमाचल प्रदेश में धौलाधर की पहाड़ियों में बसा धर्मशाला देश-विदेश के सैलानियों का पसंदीदा हिल स्टेशन है। इसे साल 1855 में अंग्रेज ने इसे बसाया था। दरअसल, यह उन 80 रिजॉर्ट्स में से था, जिन्हें अंग्रेजों ने गर्मी से बचने के लिए तैयार करवाया था।

गद्दी, तिब्बती, टेकर्स, टूरिस्ट और लोकल वेंडर्स, सब मिलकर निचले धर्मशाला यानी कोतवाली बाजार में एक अलग ही माहौल बनाते हैं। यह जगह समुद्र तल से 1250 मीटर की ऊंचाई पर है। लोगों का खूब आना-जाना होने की वजह से यहां खासी हलचल रहती है। समुद्र तल से 1768 मीटर की ऊंचाई पर बसे ऊपरी धर्मशाला यानी मैकलॉडगंज में दलाई लामा का निवास है। दोनों जगह की दूरी 10 किलोमीटर है। जहां तक घूमने की बात है, तो धर्मशाला में आपको अडवेंचरस व स्प्रिचुअल माहौल मिलेगा। ठंडी पहाड़ी हवाओं में गूंजती प्रार्थनाओं की आवाजें मन को एक ठहराव देती हैं। ऐसे में बेशक धर्मशाला जाना दलाई लामा से मुलाकात के बिना अधूरा है और यकीन मानिए इस माहौल में उनका साथ किसी भी इंसान को कुछ देर के लिए एक अलग ही दुनिया में ले जाता है। वैसे,धर्मशाला की तमाम मोनेस्ट्रीज एक बार देखने लायक जरूर है और अलग-अलग समाधियों में भगवान बुद्ध की तांबे की प्रतिमाएं भी दर्शनीय हैं। अब जब इतना कुछ एक ही जगह पर मौजूद है तो देश-विदेश के पर्यटकों का सहज ही धर्मशाला की ओर खिंचे आना हैरानी की बात नहीं है। अगर आप मेडिटेशन करते हैं तो यहां के तुशिता मेडिटेशन सेंटर में मोंक्स द्वारा दी जाने वाली क्लासेज जॉइन

> धौलधार की पहाड़ियों में ट्रैकिंग व रॉक क्लाइबिंग जाने के लिए धर्मशाला शुरूआती पॉइंट है। यहां कई नदियों व झरनों में एंगलिंग व फिशिंग का मजा लिया जा सकता है। यहां का नजदीकी एयरपोर्ट गगला है, जिसकी यहां से दूरी 13 किलोमीटर है।

की जा सकती है। यहां आपको साफ-सुथरे आवास की सुविधा भी मिलेगी। मेडिटेशन सीखने के बाद नेचुंग मोनेस्ट्री में 3किलोमीटर बना म्यूजियम देख सकते हैं। नोबरलिंगा इंस्टीट्यूट में आप नए आर्टिस्ट्स को थंगका पेंटिंग्स सीखते देख सकते हैं। अगर आप दाल, चावल, रोटी और सैंडविच खाकर बोर हो गए हैं तो यहां आप बेहतरीन तिब्बती खाने का मजा ले सकते हैं।

यहां के कई रेस्तरांओं में आपको लजीज मोमोज व थुक्पा खाने को मिलेंगे। खाने का लुत्फ लेने के बाद आप लंबी वॉक, ट्रेकिंग और खूबसूरत नजारों में पिकनिक का मजा ले सकते हैं। यहां से 8 किलोमीटर आगे आपको ब्रिटिश राज का मेमोरियल चर्च ऑफ सेंट जॉन-इन-द विल्डरनेस देख सकते हैं। इसे ब्रिटिश वायसरॉय लॉर्ड एलगिन के नाम पर बनाया गया है। निचले धर्मशाला में बना कांगड़ा आर्ट म्यूजियम कांगड़ा के सालों पुराने इतिहास को दिखाता है।

म्यूजियम की एक गैलरी में आपको कांगड़ा की मशहूर पेंटिंग्स, स्कल्पचर्स, मिट्टी के बर्तन और एंथ्रोपॉलजी से जुड़ी तमाम चीजें देखने को मिलेंगी। धर्मशाला के एंट्री पॉइंट पर आपको एक वॉर मेमोरियल देखने को मिलेगा, जिसे स्वतंत्रता की लड़ाई में शहीद होने वाले जवानों की याद में बनवाया गया है। धर्मशाला में धर्मकोट व डल लेक जैसे पिकनिक स्पॉट्स भी हैं और यहां सितंबर के महीने में हर साल एक बड़ा मेला भी लगता है।

इसी के पास भगसुनाथ की श्राइन भी है। इस पुराने मंदिर के पास से बहते ताजे पानी से झरने इस जगह को एक अलौकिक नजारा बना देतो हैं। देवी कुणान पथरी को समर्पित मंदिर, ततवानी के गर्म पानी के झरने और मछौरल के बड़े वॉटरफॉल भी देखने लायक जगहें हैं। अगर वुड वर्क में दिलचस्पी रखते हैं तो नॉरबुलिंका इंस्टीट्यूट जरूर जाएं। यहां हो रहे काम की आर्ट को देखकर निश्चित तौर पर आप हैरान रह जाएंगे। स्वामी चिन्मानंद द्वारा बनाया गया चिन्मय तपोवन भी एक दर्शनीय जगह है। बिंदु सारस के किनारे बसे इस आश्रम में आपको नौ मीटर ऊंची हनुमान जी की मूर्ति, राम मंदिर, मेडिटेशन हॉल वगैरह दिखेंगे।

धौलधार की पहाड़ियों में ट्रैकिंग व रॉक क्लाइबिंग जाने के लिए धर्मशाला शुरूआती पॉइंट है। यहां कई नदियों व झरनों में एंगलिंग व फिशिंग का मजा लिया जा सकता है। यहां का नजदीकी एयरपोर्ट गगला है, जिसकी यहां से दूरी 13 किलोमीटर है। यहां से नजदीकी रेलवे स्टेशन पठानकोट है, जहां से धर्मशाला 85 किलोमीटर की दूरी पर है। सड़क मार्ग से यहां चंडीगढ़, कीरतपुर और बिलासपुर होते हुए पहुंचा जा सकता है। तिब्बती नए साल यानी मार्च के आस-पास यहां बहुत टूरिस्ट आते हैं। वैसे, मई से अक्टूबर के बीच ट्रैकिंग सीजन रहता है। धर्मशाला में हैंडीक्राफ्ट मसलन तिब्बती कार्पेट, टेक्सटाइल, ट्रडिशनल, हैट्स, बैग्स, ट्राउजर्स, मेटलवर्क, जूलरी, जैकेट व हाथ से बने कार्डिगन आदि के शौकीनों के लिए ढेर सारी जगहें हैं।





# दुलहन कैसे करे बालों की देखभाल

- बालों की देखभाल शादी से दो-तीन महीने पहले विशेष तौर पर शुरू कर दें। बाल किसी भी प्रकार के हों उन्हें स्वस्थ और मजबूत बनाने के लिए हफ्ते में दो-तीन बार तेल मालिश जरूरी है। इसके लिए दो-तीन प्रकार के तेल मसलन-ऑलिव ऑयल, कोकोनट ऑयल और सरसों का तेल एक साथ हलका गुनगुना करके सिर का पंद्रह-बीस मिनट तक मसाज करें। फिर टॉवल से स्टीम लें। फिर शैंपू करके बालों की किस्म के हिसाब से हेयर पैक या हेयर मास्क लगाएं।
- तनाव और शॉपिंग की भागदौड के कारण बाल झडना और रूखे होना स्वाभाविक है। इसलिए बालों में हेयर सीरम लगाएं। यह डीप कंडीशनिंग का काम करता है। इसे शैंपू के बाद लगाएं। यह बालों को एक्स्ट्रा शीन व शाइन देता है।
- नियमित हेयर कट करवाएं। यानी हर छह हफ्ते में बालों की ट्रिमिंग जरूर कराएं।
- आपके खानपान का असर आपकी त्वचा के साथ-साथ आपके बालों पर भी पडता है। बालों को मजबूत बनाने के लिए आंतरिक रूप से स्वस्थ होना ज्यादा जरूरी है। इसलिए आहार में हरी सब्जियां, अंकुरित दालें, ताजे फल, दूध और दही बहुत जरूरी है।
- शादी वाले दिन बालों की स्टाइल बनाने के लिए माइल्ड और विटमिनयुक्त हेयर मूस, जेल या हेयर स्प्रे का इस्तेमाल करें।
- कलर्ड बालों के लिए पार्लर जाकर हेयर स्पा कंडीशनर ट्रीटमेंट करवाएं।



# खमण पिजा केक

**सामग्री:** आधा पैकेट इंस्टेंट खमण मिक्स, आधा टीस्पून ऑरिगेनो, आधा टीस्पून चिली फ्लेक्स, 1 टीस्पून तेल, 1 टीस्पून तिल, 2 टीस्पून टोमैटो केचअप, 2 टीस्पून चिली गार्लिक सॉस, 2 टीस्पून टेबेस्को (एक तरह का सॉस), 2 टीस्पून पिजा मसाला, सजावट के लिए कटे प्याज, कटी शिमला मिर्च, मकई के दाने और आवश्यकतानुसार पानी।

**विधि:** खमण मिक्स में ऑरिगेनो, चिली फ्लेक्स और पानी को मिला लें। चिकनाई लगे बर्तन में अच्छी तरह भरें। 5 मिनट तक भाप में पकाएं। ठंडा होने दें। कड़ाही में तेल गर्म करें तिल डालें और इसे खमण केक पर फैला दें। अब केचअप, टेबेस्को और चिली सॉस को मिलाकर खमण केक पर फैला दें। कद्दूकस किया हुआ चीज,पिजा मसाला, कटी सब्जियां और कॉर्न डालकर सजाएं। 250 डिग्री सें। पर 2 मिनट तक( चीज (पिघलने तक) बेक करें।

# मेकअप के लिए जरूरी चीजें

**आप** खुद को दूसरों के समक्ष बेहतर पेश करना चाहती हैं तो मेकअप इसमें आप की मदद करेगा। मेकअप से आप के व्यक्तित्व को एक नई पहचान मिलती है।

ग्लैमरस, प्रिटी या नेचुरल जैसा भी आप दिखना चाहती हैं वैसा ही लुक आप सौंदर्य प्रसाधनों का प्रयोग करके पा सकती हैं। सलीके से किए गए मेकअप से आप दूसरों को प्रभावित करने में भी कामयाब हो सकती हैं मगर इसके लिए जरूरी है मेकअप किट के प्रयोग की सही जानकारी होना। इससे मेकअप करने में समय भी कम लगेगा और सौंदर्य प्रसाधन भी चेहरे पर सही तरीके से लगेंगे।

मेकअप नहीं तो सुंदरता नहीं और सुंदर लगना, दिखना हर युवती की चाहत है। ऐसे में जरूरी सामान, जो हमेशा रहें आप के पास प्रस्तुत है उन की जानकारी:

**काटन वूल-** मेकअप को साफ करने के लिए इस का प्रयोग करें।

**काटन बड्स-** आंखों का मेकअप करते समय एवं साफ करने के लिए इन का प्रयोग करें।

**ट्वीजर-** आईब्रो को शेप देने के लिए इसका प्रयोग करें।

**आईलैश कलर-** बरौनियों को कर्ल करने के लिए।

**मेकअप स्पंज-** स्पंज का प्रयोग फाउंडेशन लगाने के लिए करें। इससे फाउंडेशन चेहरे पर एकसार लगेगा।

**पाउडर एप्लीकेटर-** लूज पाउडर लगाने के लिए साफ्ट पफ का इस्तेमाल करें। ब्रश के रूप में बड़े डोम शेप ब्रश कर प्रयोग करें।

**आईशैडो ब्रश-** एक बड़े ब्रश की मदद से आईशैडो को आसानीसे आंखों के पूरे हिस्से पर फैलाते हुए लगाया जा सकता है। एक मीडियम ब्रश जिस से आईशैडो को आईलिड पर लगाया जा सके। एक छोटा ब्रश, जो साकेट लाइन पर आईशैडो व हाईलाइटर को अच्छी तरह लगाएगा।



**ब्रो ब्रश-** टूइनवन इस ब्रश से न केवल आईब्रो को शेप दी जा सकती है बल्कि इस की कंघी से बरौनियों से अतिरिक्त मसकारा भी हटाया जा सकता है।

**लैश सेपरेटर-** इसका प्रयोग मसकारा लगाने के बाद करें। इससे आईलैशों को अलग-अलग किया जा सकता है। यह आइलैश को चिपकने से भी रोकता है।

**लिपब्रश -** लिपब्रश होंठों पर लिपस्टिक को सही तरीके से लगाने में मदद करता है। इससे लिपस्टिक लगाने पर होठों की शेप से बाहर नहीं फैलती और उस का शेड भी देर तक टिका रहता है।

# छिलके बढ़ाते हैं सौंदर्य

**छिलकों** को प्राय: बेकार समझ कर फैंक दिया जाता है जबकि ये बड़े उपयोगी हैं। यहां छिलकों से संभव स्वास्थ्य व सौंदर्य उपचारों की चर्चा की जा रही है। ये सरल भी लगेंगे-

- अनार के छिलके को पीस कर पेस्ट सा बना लें और मुहांसों के दाग-धब्बों की शिकार त्वचा पर लगाएं। कुछ दिन नियमित करने से त्वचा साफ होने लगेगी।
- अनार के छिलके को पानी में उबाल कर कुल्ला करने से मुंह की दुर्गंध शांत हो जाती है। ध्यान रहे कि अनार पका होना चाहिए।
- नींबू के छिलकों को अंदर की ओर से कुहनियों पर रगड़ने से वहां की कालिमा साफ होने लगती है। यह प्रयोग गर्दन के पृष्ठभाग पर भी किया जा सकता है।
- नींबू के छिलकों को नाखूनों पर घिसने से मैल साफ होता है, नाखून मजबूत व चमकदार बनते हैं।
- कागजी नींबू के छिलकों को छाया में सुखा कर पीस लें। इस चूर्ण को मंजन की तरह दांतों पर मलें। दांत साफ होने के साथ-साथ मुंह की दुर्गंध भी मिटेगी।
- संतरे व नींबू के छिलकों के चूर्ण को दही में मिला कर उबटन करने से झाइयां व मुहांसे हटने लगते हैं।

# पैरों को दे आराम सही जूतों का साथ

**अकसर** गलत नंबर के जूते पहनने से पांवों में छाले पड़ जाते हैं। परिणामस्वरूप चलने-फिरने में कठिनाई होती है। पैरों में थकान रहने का एक महत्वपूर्ण कारण जूतों का पांव में फिट न बैठना ही है। अतएव जूते खरीदते समय उन्हें हर तरह से चेक कर लें। कहीं दोनों में से एक पांव का जूता अलग नंबर का तो नहीं। हमेशा अपने नाप से एक नंबर बड़े जूते पहनें। इस से जूते काटेंगे नहीं। 'शू टेक्नालाजिस्ट' भी इस बात से सहमत हैं।

- हमेशा पांव पीछे कर के ही जूते पहनें।
- कभी भी नैरो टो का शू ना पहनें।इससे पांव दबेंगे।
- जूते पांवों को आराम पहुंचा रहे हैं, इसका भी ध्यान रखें।
- हर रोज एक जोड़ी जूते पहनने के बजाए बदल कर शू पहनें।
- पांवों से दुर्गंध न आए, इसके लिए जूते पहनने से पहले उन में पाउडर जरूर छिड़क लें।
- जूतों को हमेशा साफ व पालिश करके रखें। यदि उनमें लेस हैं तो उन्हें भी साफ कर के ही जूतों में लगाएं।
- हील वाले शूज में ध्यान रहे कि हील कहीं से उखड़ तो नहीं रही। यदि ऐसा है, तो उसे तुरंत ठीक कराएं, चलते वक्त हील उखड़ जाने से पांव में मोच आ सकती है।
- हील आप के पोस्चर को भी खराब करती है।
- मोजों को हर रोज बदलें।
- जूतों के साथ मोजे हमेशा पहनें, ये पांवों को धूल-मिट्टी से बचाते हैं, साथ ही पैरों में छाले पड़ने की संभावना भी कम हो जाती है।
- कभी भी फटे हुए मोजे न पहनें।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-1-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें। शुभांक-4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनै:-शनै: बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-4-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रह। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-9-9


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-7

## काकुरो पहेली - 1946




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**



5 + 6 + 7 + 8 + 9 = 35
4 + 6 + 7 + 8 + 9 = 34
5 + 7 + 8 + 9 = 29
6 + 7 + 8 + 9 = 30

### काकुरो - 1945 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

बड़े लंबे अरसे बाद दो पुराने पड़ोसी दोस्त मिले। एक-दूसरे का हालचाल पूछने पर मालूम हुआ कि दोनों शादी कर चुके हैं।

पहला उत्सुकतावश बोला- कैसी है तुम्हारी पत्नी?

दूसरे ने चहककर बताया- मेरी पत्नी का क्या कहना यार! वो तो स्वर्ग की अप्सरा है अप्सरा...!

पहला मायूस होकर दबे स्वर में बोला- खुशकिस्मत हो भाई! मेरी तो अभी जिंदा है....।

□ □ □

बहुत दिनों के बाद पुराने मित्रों का मिलन हुआ। रमेश ने पूछा- तुम्हारी उस प्रेमिका का क्या हुआ, जिसके तुम बहुत बड़े आशिक हुआ करते थे, उस जमाने में।

नरेश- कुछ खास नहीं! उसकी माँग इतनी बड़ी थी कि मुझे उससे रिश्ता तोड़ना पड़ा।

रमेश- अच्छा! लेकिन तुम्हारी प्रेमिका की माँग क्या थी?


नरेश- तुमसे शादी करने की।

□ □ □

एक बच्चाा तालाब में डूब रहा था। सभी देख रहे थे। किसी में हिम्मत न थी कि बच्चो को बचा लाए। तभी एक साहब ने छलांग लगा दी और बच्चो को बचा लिया। दर्शकों में से एक बोला - बडी हिम्मत की आपने ।

वह व्यक्ति बोला - हिम्मत की ऐसी-तैसी, पहले यह बताओ, मुझे धक्का किसने दिया था ?

## फिल्म वर्ग पहेली- 1946



**बायें से दायें:-**

१. फिल्म 'कर्ज' में नायिका कौन थी-२
२. फिल्म 'चला मुरारी हीरो बनने' का नायक कौन था-४
६. फिल्म 'अभय' में दोहरी भूमिका करने वाला नायक -३
७. 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
८. फिल्म 'विश्वनाथ' में शत्रुघ्न सिन्हा के साथ नायिका कौन थी-२
१०. फिल्म 'मैं ने प्यार किया' में सलमान खान की माँ की भूमिका किसने की थी-२
११. हेमा मालिनी वाली फिल्म 'प्रेमनगर' का नायक कौन था?-३
१६. 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली फिल्म-३
१७. संजय, चंद्रचूड़, महिमा चौधरी की फिल्म-२,१,३
१८. 'मेरे दिल ने जो माँगा' गीत वाली फिल्म-४
२०. फिल्म जिसमें राजकपूर का डबल रोल था-२
२१. 'तू कितने बरस की' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'बाबा मेरी ये जवानी' गीत वाली फिल्म-२
२३. ऋषिकपूर, जेबा की 'बेदर्दी तेरे प्यार ने' गीत वाली फिल्म-२
२४. फिल्म 'शोले' में अमिताभ के किरदार का क्या नाम था?-२
२६. फिल्म जगत में राजेश खन्ना का प्रचलित नाम-२
२८. सलमान. रेवती की 'आजा गिव मी ए किस' गीत वाली फिल्म-२
३०.'इस जहाँ की' गीत वाली जैकी, अनु अग्रवाल, नगमा की फिल्म-२,३
३१. लोकप्रिय गीत 'इश्क कमीना' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'बहुत खूबसूरत गजल' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-३
२. फिल्म 'गदर' में अमीषा पटेल के पिता की भूमिका किसने की थी?-४
३. फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
४. 'प्यार करना नहीं आया' गीत वाली फिल्म-३
५. विश्वजीत, राजश्री की ' ना ये जमीं थी ना आसमाँ' गीत वाली फिल्म-३
९. 'तेरे बिन मैं कुछ नहीं' गीत वाली मिथुन, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१२. 'हम प्यार में जलनेवालों को' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'तुम मुझे यूँ' गीत वाली फिल्म जिसमें शम्मी ने पागल की भूमिका की-३,२,१
१४. 'आला रे पाउस आला' गीत वाली फिल्म-३
१५. बॉबी, टिवंकल खन्ना की 'तेरी अदाओं पे मरता हूँ' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'अच्छा जी मैं हारी' गीत वाली देव आनंद, मधुबाला की फिल्म-२,२
१७. 'रू तू तू दिल में है तू' गीत वाली अक्षय कुमार, रवीना टंडन की फिल्म-२
१९. 'आजा सजन आजा' गीत वाली फिल्म-५
२२. सनी देओल, मीनाक्षी की एक फिल्म-३
२५. संजयदत्त, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-२
२७. 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
२९. नाना, पुरू, अनुपमा की 'बहुत खूबसूरत हैं आँखें तुम्हारी' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 1947



## सूडोकु -1946


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -1945 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 1946




**बाएँ से दाएँ**

1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**

1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

### शब्द पहेली - 1945 का हल



## डीएनटी के लिए सतत आजीविका तक पहुंच बढ़ाने पर है केन्द्र सरकार का फोकस - डॉ वीरेन्द्र कुमार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री (एसजेएंडई) डॉ वीरेंद्र कुमार ने नई दिल्ली में डी-नोटिफाइड, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों (डीएनटी) के कल्याण और विकास पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण हितधारक बैठक की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम में सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले के साथ-साथ सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग (डीओएसजेई) के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने डीएनटी समुदायों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सतत आजीविका तक पहुंच बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार डीएनटी समुदाय के विकास और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, बैठक में डीएनटी समुदायों के उत्थान के लिए राज्यों में कार्यान्वित की गई अभिनव पहलों और सफल प्रथाओं को प्रदर्शित किया गया। महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु की सरकारों के प्रतिनिधियों ने इन समुदायों के सामने आने वाली अनूठी चुनौतियों का समाधान करने और उनके समग्र विकास को आगे बढ़ाने के लिए अपनी रणनीतियों और समाधानों को साझा किया।

## भारत के ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में 2019 के मुकाबले 2020 में 7.93 प्रतिशत की कमी

**नई दिल्ली।** भारत ने जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन को अपनी चौथी द्विवार्षिक अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट के मुताबिक भारत के ग्रीन हाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन में 2019 की तुलना में 2020 में 7.93 प्रतिशत की कमी आई है। केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक्स पोस्ट में यह जानकारी साझा की। यादव ने कहा कि भारत सतत विकास में उदाहरण पेश कर रहा है। यह उपलब्धियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आर्थिक प्रगति को सार्थक जलवायु कार्रवाई के साथ जोड़ने की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) को भारत की चौथी द्विवार्षिक अद्यतन रिपोर्ट (बीयूआर-4) 30 दिसंबर 2024 को प्रस्तुत की गई।रिपोर्ट में भारत की राष्ट्रीय परिस्थितियों, शमन कार्यों, बाधाओं, अंतरालों, संबंधित वित्त, प्रौद्योगिकी और क्षमता निर्माण आवश्यकताओं के विश्लेषण के बारे में जानकारी भी शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2005 से 2020 के बीच भारत के सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता में 36 प्रतिशत की कमी आई है।

## कर्नाटक सरकार ने बस किराए में की बढ़ोतरी, 5 जनवरी से देना होगा 15 प्रतिशत ज्यादा किराया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने बस किराए में बढ़ोतरी की है। यह दर पांच जनवरी से लागू होगी। ऐसे में अब राज्य में यात्रियों को वर्तमान किराये में 15 प्रतिशत ज्यादा किराया भुगतान करना पड़ेगा। कर्नाटक के कानून एंव संसदीय कार्य मंत्री एच.के. पाटिल ने हुई कैबिनेट की मीटिंग के बाद इसका ऐलान किया। उन्होंने बताया कि कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी), उत्तर पश्चिमी सड़क परिवहन निगम (एनडब्ल्यूकेआरटीसी) और कल्याण कर्नाटक सड़क परिवहन निगम (केकेआरटीसी) में 2020 के बाद से यह पहली किराया वृद्धि है जबकि बेंगलुरु मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोट कारपोरेशन का किराया 2014 के बाद बढ़ेगा।उन्होंने बताया कि सभी चार राज्य परिवहन निगमों- कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी), कल्याण कर्नाटक सड़क परिवहन निगम (केकेआरटीसी), उत्तर पश्चिमी कर्नाटक सड़क परिवहन निगम (एनडब्ल्यूकेआरटीसी) और बेंगलुरु महानगर परिवहन निगम (बीएमटीसी) के बस किराए में 15 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की है, जो 05 जनवरी से प्रभावी होगी।पाटिल ने कहा कि किराया वृद्धि से चार आरटीसी का मासिक राजस्व 74.85 करोड़ रुपये बढ़ जाएगा। उन्होंने दावा किया कि किराया वृद्धि के बाद भी कर्नाटक में बस टिकट की कीमतें आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र की तुलना में कम होंगी।

## संभल के विवादित जामा मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट कोर्ट में पेश

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के विवादित जामा मस्जिद और हरिहर नाथ मंदिर मामले में गुरुवार को न्यायालय द्वारा नियुक्त एडवोकेट कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने लगभग 40 पन्नों की सर्वे रिपोर्ट सिविल जज सीनियर डिवीजन की कोर्ट में पेश की। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर यह रिपोर्ट पेश की गयी है। एडवोकेट कमिश्नर राघव ने पत्रकारों को बताया कि सर्वे जिला कोर्ट के निर्देश पर किया गया है।

उन्होंने पुलिस प्रशासन की टीम के साथ 19 नवंबर को शाही जामा मस्जिद में प्रथम सर्वे किया था। रात का समय और भीड़ को देख सुरक्षा कारणों से उस दिन सर्वे कार्य को बीच में ही स्थगित कर दिया गया था। इसके बाद दूसरा सर्वे 24 नवंबर को किया गया। सर्वे के दौरान एकत्रित किए गए फोटो, वीडियो और मौके पर मिले तथ्यों आदि के साथ तैयार रिपोर्ट सील बंद लिफाफे में सिविल जज सीनियर डिवीजन के कोर्ट में आज प्रस्तुत कर दिया गया। हमने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सर्वे रिपोर्ट सील बंद लिफाफे में पेश की है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश तक यह रिपोर्ट खोली नहीं जाएगी।

# दिल्ली भाजपा ने 'फर्जी वोटर्स से इश्क हैं' नाम से जारी किया पोस्टर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली भारतीय जनता पार्टी ने नया चुनावी पोस्टर 'फर्जी वोटर्स से इश्क है' जारी किया, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं पर नकली वोट बनाने के आरोप लगाये गये हैं।

इस मौके पर भाजपा के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा, पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके साथियों के राजनीतिक गुनाह बहुत ज्यादा है और वे लोग दिल्ली को बर्बाद करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप के राज्य सभा सांसद संजय सिंह अपनी पत्नी श्रीमती अनीता सिंह का वोट कटवाने का झूठा आरोप भाजपा पर लगाये हैं, लेकिन वह बताये कि श्रीमती सिंह का वोट कहां- कहां हैं। संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर,






मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल और दिल्ली भाजपा की चुनाव आयोग सम्पर्क समिति के संयोजक संकेत गुप्ता भी मौजूद थे। श्री सचदेवा ने कहा कि श्री सिंह 2018 में राज्य सभा चुनाव के दौरान दायर हलफनामा में खुद को हरिनगर विधानसभा का मतदाता बताया था, लेकिन उस वक्त सुल्तानपुर की नगर पालिका परिषद की मतदाता सूची में श्री सिंह और उनकी पत्नी का नाम था। इतना ही नहीं श्री सिंह साल 2024 में नयी दिल्ली विधानसभा में मतदाता हैं और विकासपुरी विधानसभा में भी अपना मत बनवा रखा था। उन्होंने कहा कि शर्मनाक है कि मतदाता सूची में फर्जीवाड़ा करने वाले श्री सिंह चुनाव आयोग के अधिकारियों को धमका रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हमने संवाददाता सम्मेलन करके श्री सिंह की पत्नी के फर्जी मत का खुलासा किया, तो श्री सिंह ने आनन-फानन में 30 दिसम्बर को वोट स्थानांतरित करने का आवेदन देकर आते हैं। उन्होंने कहा कि अगर मत था, तो अपनी गलती स्वीकार कर लेनी चाहिये, लेकिन उल्टा मानहानि का दावा करने का एलान कर रहे हैं।

## दोबारा तीन कृषि कानून को लागू करने की कोशिश कर रही केंद्र सरकार-केजरीवाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि केंद्र सरकार पिछले दरवाजे से दोबारा तीन कृषि कानून को लागू करने की कोशिश कर रही है। श्री केजरीवाल ने एक्स पर कहा देशभर के किसानों की जानकारी के लिए मैं बता दूँ कि जो तीन काले क़ानून केंद्र ने तीन साल पहले किसानों के आंदोलन की वजह से वापस लिए थे, उन्हें 'पालिसी' कहकर केंद्र सरकार पिछले दरवाज़े से दोबारा लागू करने की तैयारी कर रही है। इस पालिसी की कॉपी उनके विचार जानने के लिए केंद्र ने सभी राज्यों को भेजी है।' उन्होंने कहा 'पंजाब में किसान कई दिनों से धरने और अनिश्चित अनशन पर बैठे हैं। इनकी वही मांगे हैं जो केंद्र सरकार ने तीन साल पहले मान ली थी लेकिन अभी तक लागू नहीं की। भाजपा सरकार अब अपने वादे से मुकर गई। भाजपा सरकार किसानों से बात तक



नहीं कर रही। उनसे बात तो करो। हमारे ही देश के किसान हैं। भाजपा को इतना ज़्यादा अहंकार क्यों है कि किसी से बात भी नहीं करते। आप नेता ने कहा 'पंजाब में जो किसान अनिश्चित अनशन पर बैठे हैं भगवान उन्हें सलामत रखें लेकिन यदि उन्हें कुछ होता है तो इसके लिए भाजपा ज़िम्मेदार होगी।'

# भजन लाल ने जयपुर शहर में रैन बसेरे का किया निरीक्षण

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने देर रात को जयपुर शहर में जरूरतमंद एवं निराश्रितों के लिए अल्बर्ट हॉल के नजदीक संचालित रैन बसेरे में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

इस दौरान श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जयपुर शहर में संचालित समस्त रैन बसेरों में विश्राम करने एवं शयन की आवश्यकता से रूकने वाले जरूरतमंदों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने रैन बसेरों में साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखने एवं एंट्री रजिस्टर को अच्छे से मेंटेन करने के निर्देश दिए। उन्होंने जेएलएन मार्ग पर सड़क किनारे रह रहे निराश्रित लोगों एवं दिव्यांगों को सर्दी से बचाव के लिए कंबलों का वितरण किया। उन्होंने सभी से आत्मीयता से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम भी पूछी और राज्य सरकार द्वारा हरसंभव सहयोग देने के लिए उन्हें आश्वस्त भी किया।

इसके बाद श्री शर्मा ने कहा कि



तेज सर्दी में किसी को परेशानी नहीं हो, इसके लिए मुख्यमंत्री सहायता केन्द्रों के माध्यम से लोगों की मदद की जा रही है और नगर निगम ने रैन बसेरे की बहुत अच्छी व्यवस्था की है तथा रैन बसेरे में रुके लोगों से बात की गई, उन्हें खाना भी अच्छा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे मौसम में उन लोगों को आगे आने की जरूरत है जिनके पास गर्म कपड़े, कंबल एवं रजाई उनके काम नहीं आ रहे हैं, समाज का दायित्व है कि हम जरूरतमंद की मदद करें और इसके प्रति योगदान होना चाहिए।मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान नगर निगम ग्रेटर के उप महापौर पुनीत कर्णावट सहित अधिकारी मौजूद थे।

## वर्षा जल सहेजने की परम्परा को पुनर्जीवित करेगा 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर वर्षाजल सहेजने की परम्परा को पुनर्जीवित करने के लिए शुरू किया गया कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान प्रदेश में भूजल स्तर की गिरावट को रोकने में महती भूमिका निभायेगा जिसके तहत राज्य सरकार भामाशाहों और प्रवासी राजस्थानियों को साथ लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में रिचार्ज शाफ्ट संरचनाओं का निर्माण करेगी।आधिकारिक सूत्रों के अनुसार यह अभियान जल संचयन में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अनूठी संकल्पना ÷कैच द रेन÷ से प्रेरित है। गत अक्टूबर में सूरत में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने 'जन्मभूमि से कर्मभूमि- जल संचय- जनभागीदारी- जनआंदोलन' कार्यक्रम की रूपरेखा रखी थी। शुरुआती स्तर पर इस अभियान के तहत सिरोही, पाली, जोधपुर, भीलवाड़ा, झुंझुनूं और जयपुर जिलों में कार्य प्रारम्भ किए गए हैं। अन्य प्रदेशों को अपनी कर्मभूमि बना चुके प्रवासी राजस्थानी व्यवसायी, उद्यमी एवं अन्य अग्रणी लोगों को जोड़कर भावनात्मक रूप से प्रेरित करते हुए राजस्थान में अपने गांव में जल कि भूजल पर अत्यधिक निर्भरता के कारण 216 पंचायत समितियां यानी प्रदेश का 72 प्रतिशत भाग अतिदोहित श्रेणी में आ गया है, जिसमें भूजल की गुणवत्ता भी खराब हुई है। इस अभियान से भूजल स्तर



संरक्षण गतिविधियों में शामिल होकर वर्षा जल संचयन और जल पुनर्भरण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्थानीय भामाशाहों के अलावा प्रवासी राजस्थानी क्राउड फंडिंग के माध्यम से और कॉरपोरेट्स सीएसआर फंडिंग के माध्यम से इस अभियान के तहत रिचार्ज शाफ्ट संरचनाओं के निर्माण में सहयोग दिया जा सकता हैं। उल्लेखनीय है में गिरावट रोकने के साथ-साथ घरेलू उपयोग तथा कृषि कार्यों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। अभियान में पर्यावरण अनुकूल रिचार्ज शाफ्ट संरचनाओं से व्यर्थ बह जाने वाले वर्षा जल और भाप बन कर उड़ जाने वाले सतही जल की एक-एक बूंद के संचय, संग्रहण एवं पुर्नभरण पर बल दिया जाएगा।

# झूठ और लूट पर टिकी है आप सरकार की बुनियाद-तिवारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्व दिल्ली से सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रांत के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी ने प्रदेश सरकार पर तीखा प्रहार किया और कहा कि दुर्भाग्य से दिल्ली में एक ऐसी सरकार है, जिसकी नींव झूठ और लूट पर टिकी हुयी है। दिल्ली के लोगों का जीवन स्तर सही करने और उन्हें बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय ऊर्जा तथा आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की। इस बाद की जानकारी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में भाजपा सांसद ने दी। तिवारी के अलावा केंद्रीय मंत्री एवं पूर्वी दिल्ली से सांसद हर्ष मल्होत्रा, दक्षिणी दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, उत्तर-पश्चमी दिल्ली से सांसद योगेंद्र चंदोलिया, चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल, पश्चिमी दिल्ली से सांसद कमलजीत सहरावत, नयी दिल्ली के विकास के लिए काम कर रहे हैं। दिल्ली के विकास और यहां के लोगों के जीवन स्तर को सही



दिल्ली नगर निगम के उपाध्यक्ष कुलजीत चहल और इस दौरान और दिल्ली प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर मौजूद थे।

तिवारी ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर निशाना साधाते हुए कहा कि भाजपा सांसद मिलकर करने को लेकर केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर रहे हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात की थी। इसके बाद हम लोगों ने केंद्रीय ऊर्जा तथा आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की और उनसे विभिन्न योजनाओं को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि खट्टर ने हमारी मांगों को लेकर सकारात्मक जवाब दिया। उन्होंने मेट्रो विस्तार, स्टेडियम निर्माण और अन्य परियोजनाओं का उल्लेख किया।

तिवारी ने आप सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश सरकार दिल्ली के लोगों को मृत्यु परोसन रही है और भाजपा दिल्लीवासियों को जीवन देना चाहती है। इस दौरान सभी भाजपा सांसदों ने अपने-अपने क्षेत्र की योजनाओं पर चर्चा की और बताया कि खट्टर ने आश्वसन दिया है कि वे इस परियोजनाओं को जल्द शुरू कराएंगे। भाजपा सांसदों ने दावा किया कि संसद के आगामी बजट सत्र में इस संबंध में प्रस्ताव आएगा और ये परियोजनाएं जल्द शुरू होंगी और यहां के निवासियों के जीवनस्तर सही होगा।

## अपने इष्ट गणपति और नागा संन्यासियों को लेकर महाकुम्भ क्षेत्र पहुंचा श्री शंभू पंच दशनाम अटल अखाड़ा

एजेंसी

**महाकुम्भ।** प्रयागराज के संगम तट पर आयोजित होने जा रहे महाकुम्भ में जन आस्था के केंद्र सनातन धर्म के 13 अखाड़ो का अखाड़ा सेक्टर में प्रवेश जारी है। इसी क्रम में बुधवार को श्री शंभू पंचदशनाम अटल अखाड़े ने छावनी प्रवेश किया। छावनी प्रवेश को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

आदि गुरु शंकराचार्य के प्रयास से छठी शताब्दी में संगठित रूप में अस्तित्व में आये अखाड़ो की स्थापना शस्त्र और शास्त्र दोनों को आगे बढाने के लिए की गई। शास्त्र ने अगर शंकर के धार्मिक चिंतन को जन जन तक पहुचाया तो वही शस्त्र ने दूसरे धर्मो से हो रहे हमलो से इसकी रक्षा की। इन्ही अखाड़ो में शैव सन्यासी के अखाड़े श्री शंभू पञ्च दशनाम अटल अखाड़ा ने कुम्भ क्षेत्र में प्रवेश के लिए अपनी भव्य छावनी प्रवेश यात्रा निकाली। अलोपी बाग स्थिति अखाड़े के स्थानीय मुख्यालय से यह प्रवेश यात्रा निकाली गई। प्रवेश यात्रा में परम्परा, उत्साह और अनुशासन का खूबसूरत मेल देखने को मिला। आचार्य महा मंडलेश्वर स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती की अगुवाई में यह प्रवेश यात्रा निकली। सबसे आगे अखाड़े के ईष्ट देवता भगवान गजानन की सवारी और उसके पीछे अखाड़े के परंपरागत देवता रहे। स्थानीय मुख्यालय से शुरू हुए अटल अखाड़े के छावनी प्रवेश में नागा संन्यासियों की फौज को देखने के लिए शहर में स्थानीय लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। इष्ट देवता गणपति के पीछे चल रहे अखाड़े के पूज्य देवता भालो के बाद कतार में नागा सन्यासी चल रहे थे।

# डीआरडीओ का 67वां स्थापना दिवसः रक्षा मंत्री ने नई दिल्ली में वरिष्ठ वैज्ञानिकों और अधिकारियों से मुलाकात की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में डीआरडीओ मुख्यालय का दौरा किया और संगठन के 67वें स्थापना दिवस के अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिकों और अधिकारियों से बातचीत की। इस कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ भी शामिल हुए। श्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक तकनीकों तथा उपकरणों से लैस करके देश की स्वदेशी क्षमताओं को विकसित करने और निजी क्षेत्र के साथ सहयोग के माध्यम से रक्षा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए डीआरडीओ की प्रशंसा की। 2025 को 'सुधारों का वर्ष' घोषित किए जाने पर रक्षा मंत्री ने कहा कि डीआरडीओ निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



उन्होंने डीआरडीओ से तेजी से विकसित हो रहे तकनीकी इको-सिस्टम के साथ तालमेल बिठाते हुए आगे बढ़ने और बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप उत्पाद तैयार करने का आह्वान किया। उन्होंने वैज्ञानिकों से तकनीकी रूप से उन्नत देशों द्वारा अपनाए जा रहे उत्पादों और प्रक्रियाओं पर नज़र रखने और डीआरडीओ को दुनिया के सबसे मजबूत अनुसंधान एवं विकास संगठनों में से एक बनाने के उद्देश्य से विशिष्ट तकनीक विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि डीआरडीओ की प्रत्येक प्रयोगशाला को 2-3 महत्वपूर्ण परियोजनाओं की पहचान करनी चाहिए और उन्हें 2025 तक पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा, अगले स्थापना वर्ष तक, हमारे पास ऐसी 100 परियोजनाएं होनी चाहिए जो पूरी की जा चुकी हों।

श्री राजनाथ सिंह ने निजी क्षेत्र के साथ सहयोग बढ़ाने की दिशा में डीआरडीओ के प्रयासों की सराहना की, जिसमें संगठन द्वारा अपनी तकनीकें प्रदान करना और अपने पेटेंट तक मुफ्त पहुंच प्रदान करना शामिल है। उन्होंने संगठन से ऐसे और क्षेत्रों की पहचान करने का आग्रह किया, जो निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ा सकते हैं और साथ हीइस बात पर जोर दिया कि एक राष्ट्र तभी प्रगति कर सकता है जब सभी हितधारक मिलकर काम करें। रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ से अपने अनुसंधान एवं विकास प्रयासों में स्टार्ट-अप को शामिल करने की संभावना तलाशने का आग्रह किया। इससे विचारों के बहुमूल्य आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा और भारतीय रक्षा क्षेत्र को बदलते समय के हिसाब से नवीन तकनीकों के साथ आगे आने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रयोगशाला को उद्योग जगत के लोगों के साथ बातचीत के लिए हर महीने दो दिन का समय तय करना चाहिए।

## दिल्ली की सीएम ने 2024 ओलंपिक और पैरालिंपिक पदक विजेताओं को सम्मानित किया

एजेंसी

**नई दिल्ली,।** दिल्ली सरकार ने 2024 के ओलंपिक और पैरालंपिक में भारत का मान बढ़ाने वाले दिल्ली के 5 खिलाड़ियों व एक कोच को नकद प्रोत्साहन योजना के तहत एक तय राशि देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री आतिशी ने खिलाड़ी शरद कुमार को 2 करोड़ रुपये, अमन को 1 करोड़ रुपये, शरद कुमार के कोच सजल कुमार राय, तूलिका मान और विकास सिंह को 10- 10 लाख रुपये और अमोज जैकब को 5 लाख रुपये का चेक देकर सम्मानित किया। सरकार की तरफ से इन खिलाड़ियों में 3 करोड़ 35 लाख रुपये वितरित किए गए। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि पिछले 10 साल में आम आदमी पार्टी (आआपा) की सरकार ने दिल्ली के अंदर नए और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए ज्यादा से ज्यादा




मदद करने की कोशिश की है। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे कई देश हैं जिनकी आबादी भारत से कम है, लेकिन वे हमसे ज़्यादा पदक जीतते हैं। खिलाड़ियों से चर्चा के बाद यह बात सामने आई कि ऐसा खिलाड़ियों की कमियों की वजह से नहीं बल्कि हमारी सरकारों की वजह से है, क्योंकि खेलों का प्रशिक्षण महंगा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में दिल्ली में बड़े पैमाने पर खेल के बुनियादी ढांचे का विकास हुआ है। मुख्यमंत्री ने खुशी जताते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने पिछले 10 सालों में हमारे युवा खिलाड़ियों को सहयोग देने के लिए हर संभव प्रयास किए हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे युवा खिलाड़ियों की मेहनत की बदौलत हम विश्व खेल आयोजनों में भारत का परचम लहराते देखेंगे। 2018 से लेकर आज तक 394 खिलाड़ियों को सहयोग दिया गया है और 25 करोड़ रुपये से ज़्यादा खर्च किए गए हैं।

## छह से 10 जनवरी तक स्कूलों-कॉलेजों में चलाएं सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमः मुख्यमंत्री

एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नव वर्ष के पहले दिन बुधवार को उप्र राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक ली। उन्होंने सभी विभागों को सड़क सुरक्षा से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 5 जनवरी तक हर हाल में बैठक संपन्न कर लें। छह से 10 जनवरी तक सभी स्कूलों-कॉलेजों में सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। मुख्यमंत्री जी ने यह भी निर्देश दिए कि महाकुम्भ में बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए पीआरडी व होमगार्डों की संख्या बढ़ाई जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में हर वर्ष हो रही 23-25 हजार मौतें देश व राज्य की क्षति है। यह दुर्घटनाएं जागरूकता के अभाव में होती हैं। सड़क सुरक्षा माह सिर्फ लखनऊ तक सीमित न रहे, बल्कि इसे प्रदेश के सभी 75 जनपदों में सुचारू रूप से संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त भी हर माह जनपदों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा की बैठक हो, जिसमें पुलिस अधीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, आरटीओ, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आदि उपस्थित रहें। जनपद स्तर पर हुए कार्यों की प्रोग्रेस को लेकर हर तीसरे महीने शासन स्तर पर मूल्यांकन किया जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उन जनपदों व स्थलों को चिह्नित करें, जहां अधिक दुर्घटनाएं संभावित हैं।

## श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में नववर्ष के पहले दिन 7.43 लाख शिवभक्तों के आने का बना नया रिकॉर्ड

एजेंसी

**वाराणसी।** आंग्ल नववर्ष के पहले दिन काशीपुराधिपति बाबा विश्वनाथ के स्वर्णिम दरबार में शिवभक्तों के आने का नया रिकॉर्ड बना है। मंदिर में भोर मंगला आरती से लेकर रात 11 बजे शयन आरती तक कुल सात लाख 43 हजार 699 श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। यह एक दिन में दर्शनार्थियों के आने का नया रिकॉर्ड है श्री काशी विश्वनाथ धाम के नव्य भव्य विस्तारित स्वरूप के बाद दरबार में दर्शन पूजन के नित नए कीर्तिमान बन रहे हैं। मंदिर न्यास के अनुसार वर्ष 2024 में पहली



जनवरी को कुल सात लाख 35 हजार, 1 जनवरी 2023 को 5.50 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया था। मंदिर न्यास की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार नववर्ष के पहले दिन सुबह 06 बजे तक एक लाख 10 हजार 824, आठ बजे तक एक लाख 65 हजार 946, पूर्वाह्न 10 बजे तक 2 लाख 35 हजार 450, दोपहर 12 बजे तक दो लाख 80 हजार 971, अपराह्न दो बजे तक तीन लाख 59 हजार 832 और शाम चार बजे चार लाख 21 हजार 489 श्रद्धालुओं ने हाजिरी लगाई। यह आंकड़ा शाम 06 बजे तक 5 लाख 9 हजार 770 हो गया। रात आठ बजे 6 लाख 06 हजार 130, रात 10 बजे सात लाख 14 हजार 387 और रात 11 बजे 7 लाख 43 हजार 699 का रिकॉर्ड आंकड़ा दर्ज हुआ। मंदिर न्यास ने भी वर्ष के पहले दिन सात से आठ लाख भक्तों के आने की संभावना जताई थी। मंदिर प्रबंधन और प्रशासन ने भीड़ प्रबंधन पर खासा ?ध्यान दिया जिसके चलते धाम में धक्कामुक्की की नौबत नही आई। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सावन और महाशिवरात्रि जैसे प्रोटोकॉल लागू किए गए। सेवादारों और पुलिसकर्मियों ने भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा का जिम्मा संभाला था। 02 जनवरी को भी स्पर्श दर्शन, सुगम दर्शन, रुद्राभिषेक टिकट बुकिंग बंद रही।

# कष्टों से मुक्ति दिलाती है चन्द्रदेव की पूजा

चन्द्रदेव की पूजा करने से समस्त कष्ट दूर हो जाते है। ज्योतिष के अनुसार सोमवार के दिन चंद्रदेव को समर्पित है। इन्हें नवग्रहों में दूसरा स्थान प्राप्त है। इनकी प्रतिकूलता से मनुष्य को मानसिक कष्टों का सामना करना पड़ता है। मान्यता है कि पूर्णिमा को तांबे के पात्र में मधुमिश्रित पकवान अर्पित करने पर ये खुश हो जाते है। जिसके फलस्वरूप मानव को सभी कष्टों से मुक्ति मिल जाती है।

**ऐसे करें चन्द्रदेव को प्रसन्न :**

1 चंद्रमा से शुभ फल प्राप्त करने के लिए इस दिन खीर जरूर खानी चाहिए।

2 यदि कुंडली में चंद्र नीच का हो तो सफेद कपड़े पहनने चाहिए और श्वेत चंदन का तिलक लगाना चाहिए।

3 पारद शिवलिग पर दूध का रुद्राभिशेक करें।

4 चंद्रमा अर्थात माता का रूप इस ग्रह की सौम्यता के कारण इसे माता कहा जाता है तो प्रतिदिन मां से आशीर्वाद लें। आपके सभी कार्य पूरे होंगे।

5 चंद्रदेव को अर्घ्य देते समय अगर ये मंत्र बोले तो शुभ फल प्राप्त होते हैं।

**चंद्रदेव अर्घ्य मंत्र :**

ज्योत्सनापते नमस्तुभ्यं नमस्ते ज्योतिषामपते? नमस्ते रोहिणिकांतं अर्घ्यं मे प्रतिग्रह्यताम ॐ सोमाय नमः ॐ रोहिणिकांताय नमः ॐ चन्द्रमसे नमः क्षीरोदार्णव सम्भूतम अत्रिनेत्र समुद्भव ग्रहाणार्ध्यं शशांकेमं रोहिण्यांसहितोमम् ॐ सोमाय नमः...... ॐ रोहिणिकांताय नमः ।अगर ये मंत्र बोलने में कठिनाई हो तो केवल ॐ सोमाय नमः का उच्चारण कर सकते है।



# रंगोली बनाने से आती हैं खुशियां

**घर के बाहर रंगोली बनाने का चलन आजकल काफी चलन मे है। रंगोली बनाना आज घर की सुन्दरता को बढ़ाने का एक जरिया बन गया है। लेकिन गुजरे वक्त मे खुशियो के स्वागत के लिए घर के दरवाजे या आंगन मे इसे प्राकृतिक फूलो और रंगों से बनाया जाता था। यदि घर के सामने खूबसूरत और रंग-बिरंगी रंगोली सजी हो तो मां लक्ष्मी सबसे पहले आपके ही घर पर पधारेंगी।**

भारतीय संस्कृति में शुभ कामों एवं रंगोली का अनन्य संबंध है। रंगोली संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ है 'रंगों के द्वारा अभिव्यक्ति।' रंगों से सजी रंगोली वास्तव में खुशियों की अभिव्यक्ति ही होती है।

वहीं वक्त बदलने के साथ ही रंगोली बनाने का तरीका भी बदलता चला गया। आजकल रंगोली कई तरीकों से बनाई जाती है, इसमें कई तरह के इनोवेशन भी किए जा रहे हैं। कहीं फूलों से रंगोली बनाई जा रही है, कहीं पानी पर रंगोली बनाई जा रही है तो कहीं पारंपरिक ढंग से रंगोली बनाई जा रही है।

आज रंगोली बनाने में बालू, फूल, चावल से लेकर अबीर तक का इस्तेमाल किया जाता हे। यही नहीं बल्कि बाजार में बनी बनाई कागज या प्लास्टिक की रंगोली भी मौजूद है। आइए, जाने के आज कौन-कौन सी रंगोली चलन में है और इसे कैसे बनाया जा सकता है।

आप रंगोली चाहे जैसे बनाइये लेकिन उसके बीच में दिया सजाना बिल्कुल मत भूलियेगा वरना वह अधूरी रह जाएगी। अगर आपको रंगोली बनानी नहीं आती तो उदास होने की कोई जरूरत नहीं है।

### क्ले की रंगोली

क्ले की रंगोली को किसी भी सतह पर उभारकर बनाया जाता है। इसमें पेपर मैश क्ले का यूज़ होता है। इससे फूल, पत्तियां या फिर किसी भी तरह का आकार बनाया जा सकता है। क्ले के काम के बाद इसे मनचाहे रंगों से पेंट कर सकते हैं।

### पानी पर रंगोली

घर छोटा है तो छोटे बाउल में पानी में रंगोली बना सकती हैं। पानी की रंगोली के लिए बाउल में पानी लें। पानी ठहर जाने पर इसमें चारकोल पाउडर बुरक दें। अब रंगोली के रंग बिखेरें। फूलों की पंखुडियों और फ्लोटेड कैंडल्स से इसे खूबसूरत बनाएं। पानी की सतह पर रंगों को रोकने के लिए चारकोल की जगह डिस्टेंपर या पिघले हुए मोम का भी प्रयोग किया जाता है।

### स्प्रे पेंट की रंगोली

बाजार में सभी रंगों के स्प्रे पेंट उपलब्ध हैं। आप कोई भी स्टेंसिल लेकर उसे चाहें तो मल्टी कलर स्प्रे पेंट से या फिर एक ही फैमिली के अलग-अलग रंगों से डिजाइन क्रिएट कर सकते हैं। इससे आप चुटकियों में बड़े से बड़ा डिजाइन बना सकती हैं।

### फ्लोटिंग रंगोली

इस रंगोली को ओएचपी शीट पर बनाया जाता है। शीट को मनचाहे आकार में काट लें, फिर उस पर गिलटर और कुंदन व मोती से सजाएं। ये रंगोली पानी पर तैरती रहती है।


### सैंड की रंगोली

सैंड की मल्टी कलर रंगोली आप चाहें तो हाथ से या फिर स्टेंसिल से बना सकती हैं। चाहे तो कार्बन से फ्लोर पर डिज़ाइन ट्रेस करके भी यह रंगोली बना सकती हैं। इसमें आप ब्राइट कलर्स और कन्ट्रास्ट कलर्स का यूज़ कर सकती हैं। स्टेंसिल से यदि सैंड डालनी हो तो स्प्रे कलर्स का यूज़ करें और आउटलाइन बनाने के लिए व्हाइट सैंड को रंगोली पैन से भरें और किसी भी बड़ी रंगोली में डिटेल वर्क कर सकते हैं।

### फूलों की रंगोली

सिर्फ फूलों से भी रंगोली बना सकती हैं। आप चाहें तो फूलों की पंखुडियों का प्रयोग कर सकती हैं या छोटे व बड़े आकार के अलग अलग फूलों का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। तो क्यों न इस दिवाली अपने घर-द्वार को रंगबिरंगी फूलों की डिजाइन से सजाएं और त्योहार का लुत्फ उठाएं।

# गणेश जी की पूजा से दूर होती हैं विघ्न बाधाएं



गणेश जी की पूजा से समस्त दुख और विघ्न दूर हो जाते है। गणेश जी के अनेक रूप प्रसिद्ध हैं जैसे हरिद्रा गणेश, दूर्वा गणेश, शमी गणेश, गोमेद गणेश आदि। गणेश जी के प्रसिद्ध द्वादश नाम स्तोत्र, संकट नाशक स्तोत्र, गणपति अथर्वशीर्ष, गणेश कवच, शतनामस्तोत्र आदि का पाठ करने से मनवांछित फलों की प्राप्ति होती है। गणेश को एक अनार्य देवता माना जाता है क्योंकि उनका शरीर बहुत छोटा है जो यक्षों तथा शिवगणों के समान है। गणेश जी का व्यापक मस्तक ज्ञान का प्रतीक है। भगवान गणेश जी के बड़े बड़े कान बेहतरीन श्रवण शक्ति के प्रतीक हैं। गणपति जी की छोटी छोटी आंखें प्रगाढ़ एकाग्रता को दर्शाती हैं। इनकी लंबी सूंड कार्यकुशलता की प्रतीक है। गणेश जी का बड़ा सा पेट दर्शाता है कि जीवन में प्राप्त होने वाली समस्त अच्छी-बुरी चीजों को सहजता से ग्रहण किया जाए। गणेश जी की छोटी छोटी पांव सहनशीलता और शक्ति की ओर इशारा करती हैं।

गणेश जी की कान्ति उदयकालीन सूर्य के समान उज्ज्वल है। नाग गणेश जी के आभूषण एवं यज्ञोपवीत के प्रयोग में लाए जाते हैं। उनकी कमर में लिपटा सांप ऊर्जा का संचार करता है। परशुराम जी ने युद्ध के दौरान भगवान गणेश का एक दांत तोड़ दिया था तभी से उन्हें एकदंत कहा जाता है। एकदंत से शिक्षा मिलती है कि बुरी चीजों को त्याग कर अच्छी चीजों को ग्रहण करें।

### कैसे करें गणेश जी को प्रसन्न

धन की कामना के लिए बुधवार के दिन श्री गणेश को घी और गुड़ का भोग लगाएं। थोड़ी देर बाद घी व गुड़ गाय को खिला दें। ये उपाय करने से धन संबंधी समस्या का निदान हो जाता है। घर के मुख्य दरवाजे पर गणेशजी की प्रतिमा लगाने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। कोई भी नकारात्मक शक्ति घर में प्रवेश नहीं कर पाती। मान्यता है कि गणेश चतुर्थी के दिन गणपति जी के कानों में अपनी मनोकामना कहने से वह अवश्य पूर्ण होती है।

# शुभ प्रभाव भी दे सकता है साढ़े साती

**साढ़े साती यानि शनिदेव क्रूर दृष्टि। यह जिस पर पड़ती है वह अपने आपको असहाय महसूस करने लगता है और वह अपने ऊपर पड़ने वाले हर प्रभाव को शनिदेव की कृपा से जोड़कर देखता है। ऐसा नहीं है कि शनिदेव हर किसी पर परेशानी बनकर आते हैं, लेकिन इसके हमारे ऊपर सटीक प्रभाव भी हो सकते हैं।**



अक्सर हम काफी मेहनत करने के बावजूद भी कामयाबी नहीं पा पाते। जिससे हमारे मन में यह विचार आने लगता है कि किस्मत ने ही साथ नहीं दिया और यदि हमें सफलता लंबे समय तक नहीं मिलती तो यह विचार आता है की कहीं शनि की साढ़े साती तो नहीं लग गई। लेकिन ऐसा होता नहीं है। क्योंकि साढ़े साती अशुभ के अलावा शुभ कार्य भी दिलाती है। शायद ही कोई व्यक्ति परिचित हो। यह शब्द एक ऍसा हौआ है जिसके नाम से ही हम भविष्य के अशुभ परिणामों के बारे में सोचना शुरू कर देते हैं। आखिर यह साढ़े साती क्या है। क्या साढ़े साती के समय में अशुभ परिणाम ही मिलते हैं? ये ऍसे प्रश्न है जो हम सभी के मस्तिष्क में आते हैं। आइये इस साढ़े साती को समझें और इसके बारे में सभी गलत धारणाओं का निदान करें। साढ़े साती के ज्योतिष स्वरूप को समझने के हमें एक दृष्टि इस बात पर डालनी पडेगी कि ज्योतिष में शनि ग्रह का क्या अर्थ है।

शनि को यम भी कहते हैं। शनि की वस्तुएं नीलम, कोयला, लोहा, काली दालें, सरसों का तेल, नीला कपडा, चमडा आदि है। यह कहा जा सकता है कि चन्द्र मन का कारक है तथा शनि बल या दबाव डालता है। शनि बहुत धीमी गति से चलने वाला ग्रह है तथा एक राशि में गोचर करने में यह लगभग ढ़ाई वर्ष का समय लेता है। जब शनि चन्द्र राशि से बारहवें स्थान में प्रवेश करता है तब जातक की साढे साती की शुरुआत कही जाती है। ज्योतिष शास्त्र में जहां किसी ग्रह के कारण अनिष्ट फलों का वर्णन किया गया है, वहां अनिष्ट फल को कम करने के उपाय भी बताये गये हैं। दोष शांति के सभी उपाय ठभक्तिठ और ठदानठ सिद्धांत पर आधारित है। दोष शांति का उपाय ज्योतिष के लिये बताना इतना आसान कार्य नहीं है। इसके अतिरिक्त साढ़े साती जैसे अरिष्ट फलों को कम करने के लिये यह अति आवश्यक है कि उपाय की शुरुआत साढ़े साती शुरू होने से कम से कम 6 माह पहले कर दी जाये। यद्यपि साढ़े साती के दोष शांति के लिये कुछ उपाय बताये गये हैं, दिए गए उपायों को किसी ज्योतिषी की सलाह से ही लागू करें।

### उपाय

1. काले घोड़े की नाल या नाव की कील का छल्ला बनाकर पहनना।
2. इस समय शराब न पियें। पर स्त्री से संबंध न बनायें।
3. शनि के मंत्र को 19000 बार जाप करना इसके लिये संध्या के समय कम से कम एक माला का जाप करें। शनि मंत्र - प्रां प्री प्रों सां शनैश्चराय नमः। या शं शनैश्चराय नमः।
4. नीलम की अंगूठी सोने या पंचधातु में बीच की अंगुली मे पहनना।
5. नव ग्रह मंदिर में हर शनिवार को शनि की पूजा व अर्चना करें।
6. शनिवार को काला सुरमा जमीन मे दबायें।

# दरवाजे पर सिदूर लगाने के अनेक है फायदे



आपने अक्सर देखा होगा कि कुछ लोग अपने दरवाजे पर सरसों का तेल और सिदूर का टीका लगा कर रखते हैं। खासतौर पर दीपावली के दिन तो बहुत लोग ऐसा करते है।ऐसा करने के पीछे एक खास कारण है।वास्तु विज्ञान की मानें तो दरवाजे पर सिदूर और तेल लगाने से घर में नकारात्मक उर्जा प्रवेश नहीं कर पाती है। यह घर में मौजूद वास्तुदोष को भी दूर करने में कारगर माना जाता है। वास्तु विशेषज्ञ के अनुसार दरवाजे पर सिदूर लगाने से देवी लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। जबकि सरसों का तेल शनि का प्रतिनिधि माना जाता है जो बुरी नजरों से रक्षा करता है। जबकि वैज्ञानिक दृष्टि से दरवाजे पर तेल लगाने से दरवाजा लंबे समय तक सुरक्षित रहता है। इसलिए दरवाजे पर सिदूर लगाने की परंपरा है।



# अलीगंज स्पोर्टिंग क्लब ने आर ए बॉयज क्लब को हराया



एजेंसी

**लखनऊ।** सातवें हेमवती नंदन बहुगुणा मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट में अलीगंज स्पोर्टिंग क्लब ने आर ए बॉयज क्लब को हराया। आज यहां चौक स्टेडियम में खेले गये पहले मैच में अलीगंज स्पोर्टिंग क्लब ने आर ए बॉयज क्लब को 2-1 से हराया ।विजेता टीम अलीगंज स्पोर्टिंग क्लब की ओर से श्रेष्ठ ने 21वें और 43वें मिनट में गोल किया। वहीं आर ए ब्वॉयज क्लब कि ओर से सुमित ने 17 वें मिनट में गोल दागा।

# एटीपी हांगकांग ओपनः शीर्ष वरीयता प्राप्त रूबलेव दूसरे दौर में हारकर बाहर

**हांगकांग।** शीर्ष वरीयता प्राप्त और गत चैंपियन रूस के आंद्रे रुबलेव एटीपी हांगकांग ओपन के दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए हैं। रुबलेव को हंगरी के फैबियन मरोजसन से अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा।विश्व के आठवें नंबर के खिलाड़ी रुबलेव को विक्टोरिया पार्क में खेले गए दूसरे दौर के मुकाबले में 58वीं रैंकिंग के मरोजसन से 5-7, 6-3, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। यह मैच एक घंटे और 58 मिनट तक चला। क्वार्टर फाइनल में मारोजसन का सामना चीन के शांग जुनचेंग से होगा। 19 वर्षीय शांग ने सातवें वरीय स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज को 6-3, 6-1 से हराकर आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया। दिन के अन्य मैचों में दूसरी वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेटी ने कनाडा के क्वालीफायर गेब्रियल डायलो पर जीत हासिल की, जबकि स्पेन के जाउम मुनार ने पांचवीं वरीयता प्राप्त पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को 6-3, 7-5 से हराया।

# फीफा के दूसरे फ्रेंडली मैच में भारतीय महिला टीम ने मालदीव को 11-1 से हराया

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने दूसरे मैत्री मैच में मालदीव को 11-1 से हरा दिया है। पदार्पण में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए फॉरवर्ड लिंगडेकिम ने चार गोल दागे, जिसकी बदौलत भारतीय महिला टीम ने खेले गए दूसरे फीफा मैत्री मैच में मालदीव को 11-1 के अंतर से हराया पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में खेले गए इस मैच में लिंगडेकिम ने (12वें, 16वें, 56वें और 59वें मिनट) प्रत्येक हाफ में दो दो गोल किये, जबकि मुकाबले में पदार्पण करने वाली एन. सिबानी देवी ने (45+1वें मिनट) भी एक गोल किया। मैच में भारत की ओर से किए गए अन्य गोल में काजोल डिसूजा (15वें मिनट), पूजा (41वें मिनट), सिमरन गुरुंग (62वें और 68वें मिनट) और खुमुकचाम भूमिका देवी (71वें मिनट) ने भूमिका निभाई। मालदीव के लिए एकमात्र गोल मरियम रिफा ने 27वें मिनट में किया। जबकि मालदीव की कप्तान हवा हनीफा ने 17वें मिनट में एक आत्मघाती गोल किया, जिससे भारत की गोल संख्या में और इजाफा हुआ।

# यूपी स्टेट क्लोज स्क्वैश चैंपियनशिप के पहले दिन प्रयागराज के खिलाडियों का रहा दबदबा

**कानपुर।** 'द स्पोर्ट्स हब' में चल रही यूपी स्टेट क्लोज़ स्क्वैश चैंपियनशिप में पहले दिन प्रयागराज के खिलाडियों का दबदबा रहा। प्रयागराज के खिलाड़ियों ने पुरुष वर्ग के अलावा अंडर-15 व अंडर-19 में जोरदार प्रदर्शन करते हुये अपने-अपने मैच जीत लिये। पुरुषों के पहले चक्र में मैचों में प्रयागराज के मधुर आनंद ने वाराणसी के अंकित कुमार को 3-1 से पराजित किया। इसी तरह प्रयागराज के मोहम्मद शाकिब ने अपने ही शहर के अंशी आनंद को 3-2 से और प्रयागराज के नितिश पटेल ने वाराणसी के आदर्श कुमार को 3-0 से पराजित करके अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। कानपुर के अनुरुप जालान ने आईआईटी कानपुर के कलश तलाटी को सीधे सेटों 3-0 से और आईआईटी कानपुर के रजत मित्तल ने आईआईटी कानपुर के ही विकास वत्स को 3-1 से हराया। इधर अंडर-19 वर्ग में प्रयागराज के रवींदर कुमार ने मेजबान कानपुर के लव यादव को 3-0 से हराया। उधर अंडर-19 वर्ग के पहले चक्र में मुकाबलों में वाराणसी के समर जैसल ने अपने ही शहर के अनुज कुमार को 3-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया।

# डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि को हराकर राजभवन ने जीता खिताब

**लखनऊ।** राजभवन में इंटर-टेक्निकल विश्वविद्यालय स्टाफ क्रिकेट टूर्नामेंट 'चांसलर्स कप' का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ, हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर और मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में डॉ. ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में राजभवन की टीम ने डॉ. ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय को 73 रनों से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

# जीएसएफए ने ब्लू कब्स कार्यक्रम से फुटबॉल को बढ़ावा देने में निभाई प्रमुख भूमिकाः नाथवाणी

एजेंसी

**अहमदाबाद।** राज्यसभा सांसद परिमल नाथवाणी ने कहा कि (गुजरात राज्य फुटबॉल एसोसिएशन) जीएसएफए ने ब्लू कब्स कार्यक्रम के जरिए युवा स्तर पर फुटबॉल को बढ़ावा देने में प्रमुख भूमिका निभाई है।

आरआईएज में कॉर्पोरेट अफेयर्स के निदेशक, गुजरात राज्य फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष नाथवाणी ने आज यहां जारी अपने बयान में कहा कि फुटबॉल, जिसे ÷सुंदर खेल÷ के नाम से जाना जाता है, ने भारत में महत्वपूर्ण प्रगति की है और गुजरात भी इस बदलाव से अछूता नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में राज्य में फुटबॉल का स्तर बहुत बढ़ा है। गुजरात में फुटबॉल के विकास में गुजरात राज्य फुटबॉल एसोसिएशन (जीएसएफए), गुजरात राज्य खेल प्राधिकरण (एसएजी), अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ), निजी क्लबों, जिला फुटबॉल एसोसिएशनों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से कॉर्पोरेट्स और निजी उद्यमियों का योगदान है।



उन्होंने कहा कि जीएसएफए ने ब्लू कब्स कार्यक्रम के माध्यम से युवा स्तर पर फुटबॉल को बढ़ावा देने में प्रमुख भूमिका निभाई है। हाल ही में आयोजित ब्लू कब्स क्लब चैंपियनशिप अहमदाबाद के सेन्ट लॉयला फुटबॉल ग्राउंड पर हुई, जिसमें राज्यभर से 23 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से सात टीमें जिला फुटबॉल एसोसिएशनों से थीं। वर्ष 2023-24 सीज़न में जीएसएफए द्वारा आयोजित राज्यव्यापी ब्लू कब्स लीग में 23 जिला एसोसियेशनों की 388 टीमों ने भाग लिया था। यह लीग आठ वर्ष, दस वर्ष और बारह वर्ष से कम आयु वाले बच्चों के लिए थी। इन मैचों का आयोजन 33 स्थानों पर हुआ, जिसमें लगभग 4,200 बच्चों ने फुटबॉल खेला और 313 कोच और 178 ऑपरेशनल प्रतिनिधियों ने मार्गदर्शन प्रदान किया। जीएसएफए इस तरह युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करता है।राज्य में फुटबॉल को पेशेवर बनाने के लिए जीएसएफए ने गुजरात सुपर लीग (जीएसएल) की शुरुआत की, जो मई 2024 में शुरू हुई। इस लीग में गुजरात के युवा उद्यमियों द्वारा मालिकाना हक वाली छह टीमों ने हिस्सा लिया, और प्रत्येक टीम ने पांच मैच खेले, जो एकल-लेग प्रारूप में थे। यह पेशेवर फुटबॉल लीग राज्य में फुटबॉल के पेशेवरकरण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, और जीएसएफए आने वाले वर्षों में जीएसएल को और विस्तार देने की योजना बना रहा है। इसके अलावा, पुरुषों और महिलाओं के लिए विभिन्न आयु वर्गों में क्लब चैंपियनशिप का आयोजन करने के साथ, क्लब फुटबॉल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रमों की योजना बनाई जा रही है।

# स्विएटेक ने पोलैंड को यूनाइटेड कप के सेमीफाइनल में पहुंचाया

एजेंसी

**सिडनी।** विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्विएटेक ने तीन सेटों तक चले महिला एकल मैच में केटी बौल्टर को हराकर जीत दर्ज की, जिससे पोलैंड ने ब्रिटेन को हराकर मिश्रित टीम यूनाइटेड कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पोलैंड का सामना अब शनिवार को कजाकिस्तान से होगा, जिसमें स्विएटेक और 2022 विंबलडन चैंपियन एलेना रयबाकिना के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। स्विएटेक ने सिडनी में केन रोज़वेल एरिना में लगभग तीन घंटे तक चले मुकाबले में जीत हासिल की और 24वें स्थान पर रहीं बौल्टर के खिलाफ दर्द से उबरते हुए पोलैंड की क्वार्टरफाइनल जीत सुनिश्चित की। पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्विएटेक ने 6-7 (4), 6-1, 6-4 से जीत हासिल करने के बाद अपना रैकेट फेंका और खुशी में अपने दोनों हाथ ऊपर उठाए। प्रतिबंधित पदार्थ ट्राइमेटाज़िडिन के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद एक महीने के निलंबन से वापसी करने वाली स्विएटेक की यह लगातार तीसरी टूर्नामेंट जीत थी। बौल्टर से अपने करियर की पहली मुलाकात में, स्विएटेक ने पहले सेट में 3-0 की बढ़त हासिल कर ली, लेकिन बौल्टर ने हिम्मत नहीं हारी और बेसलाइन से स्विएटेक की जबरदस्त ताकत का मुकाबला किया। बौल्टर ने टाईब्रेक में 74 मिनट का शानदार ओपनिंग सेट जीता, लेकिन वह अपनी तीव्रता बरकरार नहीं रख सकीं, क्योंकि स्विएटेक ने निर्णायक सेट के लिए नियंत्रण हासिल कर लिया। हालांकि, तीसरे सेट की शुरुआत में ही स्विएटेक की सर्विस टूट गई और उन्हें मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा। वह अपने दाहिने पैर के ऊपरी हिस्से में पट्टियाँ बाँधकर लौटीं, लेकिन उनकी दृढ़ता सामने आई और उन्होंने आखिरकार बौल्टर की हिम्मत तोड़ दी। इससे पहले, 16वीं रैंकिंग वाले ह्यूबर्ट हर्काज़ ने पुरुष एकल में बिली हैरिस पर 7-6 (3), 7-5 से जीत हासिल करके पोलैंड को शानदार शुरुआत दिलाई थी।

# आईएचएफ ट्रॉफी : महामुकाबले की पूर्व संध्या पर टीमों ने बहाया पसीना

एजेंसी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शुरु हो रही आईएचएफ ट्रॉफी पुरुष यूथ व जूनियर (कांटिनेंटल फेज - एशिया) की पूर्व संध्या पर मेजबान भारत समेत चार देशों के खिलाड़ियों ने अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाया।

हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित चैंपियनशिप की पूर्व संध्या पर कजाखिस्तान व उज्बेकिस्तान की टीमों ने अभ्यास कर अपनी तैयारियों की परख की, वहीं मेजबान भारत की यूथ व जूनियर टीम ने भी कोर्ट पर पसीना बहाकर इस फेज में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की हुंकार भरी। चैंपियनशिप के मैच तीन से सात जनवरी तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम के नवनिर्मित अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देशीय हाल में खेले जाएंगे। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि चैंपियनशिप की तैयारिया पूरी कर ली गई है। इसके लिए अनिवार्य टैरा फ्लेक्स के कोर्ट




को भी बिछा लिया गया है। इस चैंपियनशिप के लिए मेजबान भारत सहित बांग्लादेश, कजाखिस्तान व उज्बेकिस्तान की यूथ व जूनियर टीमें लखनऊ पहुंच चुकी है। भारतीय यूथ टीम में उत्तर प्रदेश के सुयश अवस्थी व मनीष यादव जबकि भारतीय जूनियर टीम में उत्तर प्रदेश के ज्ञान गौरव प्रकाश व मानवेंद्र यादव शामिल किए गए है। इस चैंपियनशिप के पहले दिन चार मैच खेले जाएंगे जिनमें बांग्लादेश की यूथ और जूनियर टीम का मुकाबला कजाखिस्तान से होगा जबकिर भारत की यूथ और जूनियर टीमें बांग्लादेश से भिड़ेंगी।

# ड्रेसिंग रूम में सब कुछ ठीक हैः गंभीर

एजेंसी

**सिडनी।**भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों के साथ पांचवें टेस्ट की एकादश को लेकर खुलकर चर्चा हुई वहां सब कुछ ठीक है।

गंभीर ने ड्रेसिंग रूम में हुई चर्चा की रिपोर्ट के सवाल पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा, मुझे नहीं लगता कि मुझे किसी रिपोर्ट का जवाब देने की आवश्यकता है स्पष्ट रूप से मैं बस इतना ही कह सकता हूं।

अगर आप आगे बढ़ना चाहते हैं और कुछ बेहतरीन चीजें हासिल करना चाहते हैं तो ईमानदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली से टेस्ट मैच जीतने की रणनीति के अलावा कोई बात नहीं की। उन्होंने कहा, ÷हर खिलाड़ी को पता है कि उसे कहां सुधार करना है। हमने उनसे एक ही बात की है कि टेस्ट मैच कैसे जीतने हैं। मुख्य कोच ने कहा, ऐसा नहीं है कि एक खिलाड़ी और कोच के बीच की बहस हर किसी को पता होनी चाहिए। यह सिर्फ उनके बीच होनी चाहिए। आप सिर्फ परिणाम देखते हैं चाहे वह सौभाग्य से या दुर्भाग्य से, यह खेल केवल परिणामों के लिए जाना जाता है,लेकिन व्यक्तियों और ड्रेसिंग रूम के बीच बातचीत को वहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जब तक



आपके पास ईमानदार लोग हैं भारतीय क्रिकेट हमेशा सुरक्षित हाथों में रहेगा। ईमानदारी किसी भी बदलाव के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। यह वरिष्ठ खिलाड़ियों को बाहर करने या युवाओं को मौका देने के बारे में नहीं है।

# जिम्बाब्वे ने अफगानिस्तान को 157 रनों पर ढ़ेर कर बनाए छह रन

एजेंसी

**बुलावायो ।** सिकंदर रजा और न्यूमैन न्यामहुरी (तीन-तीन विकेट) और ब्लेसिंग मुजारबानी (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर जिम्बाब्वे ने वर्षा बाधित दूसरे टेस्ट मैच में अफगानिस्तान को पहली पारी में 157 रनों पर ढ़ेर करने के बाद दिन का खेल समाप्त होने के समय तीन ओवर में बिना कोई विकेट खोए छह रन बना लिए है। हालांकि वह कभी अफगानिस्तान के स्कोर 151 रन पीछे है! इससे पहले आज यहां लगातार हो रही बारिश से मैदान गीला होने के कारण करीब चार घंटे बाद टॉस हुआ। जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत




अच्छी नहीं रही और उसने 11वें ओवर में रियाज हसन (12) का विकेट रनआउट के रूप में गवां दिया। इसके बाद न्यामहुरी ने अब्दुल मलिक (17) को भी आउट कर पवेलियन भेज दिया। रहमत शाह और कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी ने तीसरे विकेट के लिए 30 रन जोड़े। न्यामहुरी ने शहीदी (13) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। रहमत शाह (19) को सिकंदर रजा ने बोल्ड आउट कर जिम्बाब्वे को चौथी सफलता दिलाई। अफसर जजाई (16), शाहीदुल्लाह (12), इस्मत आलम (शून्य), यामीन अहमदजई (आठ) रन बनाकर आउट हुये। राशिद खान ने सर्वाधिक (25) रनों की पारी खेली।

न्यामहुरी ने 45 ओवरों की तीसरी गेंद पर फरीद अहमद (17) को आउटकर 157 के स्कोर पर अफगानिस्तान की पहली पारी का अंत किया। जिम्बाब्वे के लिए सिकंदर रजा और न्यूमैन न्यामहुरी ने तीन-तीन और ब्लेसिंग मुजारबानी ने दो विकेट लिये। रिचर्ड एन्गारावा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# नजमुल हुसैन शांतो ने टी-20 टीम की कप्तानी छोड़ी

एजेंसी

**ढ़ाका।** नजमुल हुसैन शांतो ने बंगलादेश की टी-20 टीम के कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया है। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष फारुक अहमद ने एक स्थानीय समाचार पत्र को बताया कि शांतो ने बोर्ड को अपने फैसले की जानकारी दे दी है, लेकिन वह टेस्ट और एकदिवसीय के कप्तान बने रहेंगे। अहमद ने कहा, शांतो ने आखिरकार हमें सूचित किया है कि वह टी-20 कप्तान के पद पर बने नहीं रहेंगे। हमने उनके फैसले को स्वीकार कर लिया है। हालांकि, अभी कोई टी-20 मैच नहीं होने वाला है, इसलिए हम अभी नए कप्तान के बारे में नहीं सोचेंगे। हम शांतो की इस बात पर सहमत हैं कि जब वह फिट हो जाएंगे, तो वह टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान के पद पर बने रहेंगे। उल्लेखनीय है कि शांतो नवंबर में अफगानिस्तान के खिलाफ



एकदिवसीय के दौरान चोटिल हो गए। इस वजह से वह वेस्टइंडीज का दौरा नहीं कर पाये थे और बंगलादेश ने टेस्ट और एकदिवसीय कप्तानी मेहदी हसन मिराज को सौंप थी।

# तस्कीन टी-20 की एक पारी में सात विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बने

एजेंसी

**ढाका।** बंगलादेश प्रीमियर लीग में दरबार राजशाही के लिए खेलते हुए तस्कीन अहमद ने ढाका कैपिटल्स के खिलाफ सात विकेट लेने का रिकार्ड बनाया है। वह इस कारनामे के साथ टी-20 इतिहास में सात विकेट हॉल लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए हैं। तस्कीन के द्वारा शेरे बांग्ला स्टेडियम में बनाया गया यह रिकार्ड टूर्नामेंट के इतिहास में किसी गेंदबाज के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े भी हैं। इससे पहले 2019 में कॉलिन ऐकरमैन टी-20 मैच में सात विकेट लिये और उनके बाद मलेशिया के सयाजरुल इदरस ने एक पारी में सात विकेट झटके थे। ऐकरमैन ने विटालिटी ब्लास्ट के मुकाबले में जबकि इदरस ने टी-20 विश्वकप एशिया बी क्वालिफायर मैच में चीन के खिलाफ यह रिकार्ड बनाया था। ढाका की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरे दो प्रमुख बल्लेबाज लिटन दास और तनजीद हसन को तस्कीन ने अपने पहले दो ओवरों में आउटकर पवेलियन



भेज दिया था। हालांकि मध्य ओवरों में ढाका ने वापसी की लेकिन बाद में तस्कीन घातक गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट झटके और ढाका की टीम 174 रन ही बना सकी। इसके जवाब में राजशाही ने 19वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच के बाद तस्कीन ने कहा, मैं हमेशा ही इतने विकेट लेना चाहते थे। अगर आप यह सब सोचेंगे नहीं तो यह सब हासिल नहीं हो पाता। इसके लिए किस्मत का साथ देना भी जरूरी है। मैं अपनी रणनीति को अमली जामा पहनाकर खुश हूं। विकेट कम या अधिक हो सकते हैं। मैं अल्लाह का शुक्रगुजार हूं। जब कप्तान आपको आक्रमण के लिए लेकर आए और आप हर बार अपनी टीम के लिए विकेट ले तब आपको अच्छा महसूस होता है।

# सिडनी टेस्ट : पहली गेंद पर शून्य पर आउट होने से बचे कोहली, स्मिथ ने कहा-कैच सही था

एजेंसी

सिडनी। भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली, जो खराब दौर से गुजर रहे हैं, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चल रहे सिडनी टेस्ट में पहली गेंद पर ही शून्य पर आउट होने से बच गए थे। यह घटना भारत के पहले सत्र के 7.5वें ओवर में हुई, जब विराट कोहली क्रीज पर यशस्वी जयसवाल की जगह आए। कोहली ने अपनी पहली गेंद पर ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड का सामना किया। बोलैंड ने एक लंबी गेंद फेंकी जो कोहली के बल्ले से किनारा लेकर स्मिथ के पास चली गई। स्लिप पर खड़े स्मिथ ने कैच पकड़ा, लेकिन गेंद जमीन को छूती हुई स्मिथ के पास गई। मैदानी अम्पायर तुरंत तीसरे अम्पायर जोएल विल्सन के पास गए, जिन्होंने सभी कैमरा कोणों से अच्छी तरह देखा और भारत के पक्ष में अपना निर्णय दिया। हालांकि स्टीवन स्मिथ को 100फीसदी यकीन है कि सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) टेस्ट के पहले दिन



जब उन्होंने स्लिप में विराट कोहली का कैच लेने का प्रयास किया तो उनका हाथ गेंद के नीचे चला गया था। स्मिथ ने लंच ब्रेक के दौरान फॉक्स स्पोर्ट्स से कहा, 100फीसदी. मेरा हाथ गेंद की नीचे था, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन अंपायर ने फैसला कर दिया है। हम आगे बढ़ेंगे।

# सिडनी टेस्ट पहला दिन : भारत ने पहली पारी में बनाए 185 रन, ऑस्ट्रेलिया ने 9 रन पर खोया 1 विकेट

एजेंसी

**सिडनी।** भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां खेले जा रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त हो गया है। पहले दिन भारत ने जहां अपनी पहली पारी में 185 रन बनाए, वहीं, ऑस्ट्रेलिया की भी पहली पारी की शुरुआत खराब रही और ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दिन का खेल खत्म होने पर केवल 9 रन पर 1 विकेट खो दिया है। सैम कोंस्टास 7 रन बनाकर नाबाद हैं, जबकि उस्मान ख्वाजा केवल 2 रन बनाकर बुमराह का शिकार बने। पहली पारी में भारत के लिए ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। पंत के अलावा रवींद्र जडेजा ने 26, कप्तान जसप्रीत बुमराह ने 22 और शुभमन गिल ने 20 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से स्कॉट बोलैंड ने सर्वाधिक 4 विकेट लिए। इस मैच में रोहित शर्मा की जगह कप्तानी कर रहे जसप्रीत बुमराह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और 8वें ओवर तक दोनों सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (04) और यशस्वी जायसवाल (10) पवेलियन लौट गए। रोहुल को मिचेल स्टॉर्क और यशस्वी को स्टॉक बौलैंड ने पवेलियन भेजा। इसके बाद विराट कोहली और शुभमन गिल ने भारत का स्कोर 50 के पार पहुंचाया, हालांकि 57 के कुल स्कोर पर गिल 20 रन बनाकर नाथन लियोन का शिकार बने। विराट कोहली बल्ले से एक बार फिर असफल रहे और 72 के कुल स्कोर पर केवल 17 रन बनाकर बोलैंड का दूसरा शिकार बने। यहां से पंत और जडेजा ने 44 रनों की साझेदारी कर भारत का स्कोर 120 रनों तक पहुंचाया। इसी स्कोर पर पंत को बोलैंड ने अपना तीसरा शिकार बनाया। पंत ने 40 रन बनाए। इसी ओवर की अगली गेंद पर बोलैंड ने नीतीश रेड्डी (00) को भी पवेलियन भेज मैच में अपना चौथा विकेट लिया। संभलकर खेल रहे जडेजा भी 134 के कुल स्कोर पर 26 रन बनाकर मिचेल स्टॉर्क की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गए। 148 के स्कोर पर वाशइंगटन सुंदर 14 रन बनाकर कमिंस का शिकार बने। प्रसिद्ध कृष्णा (03) बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में स्टॉर्क की गेंद पर सैम कोंस्टास को कैच दे बैठे। आखिरी में जसप्रीत बुमराह ने कुछ अच्छे शॉट खेले और टीम का स्कोर 185 तक पहुंचाया।

# अर्जुन पुरस्कार से 32 खिलाड़ी होंगे सम्मानित

**पुणे।**

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार बीते चार वर्षों में खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित करेगी।खेल मंत्रालय ने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार, अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) तथा खेल से संन्यास के बाद प्रशिक्षक के तौर पर खेलों में अपना योगदान देने वालों को 'गुरु द्रोणाचार्य पुरस्कार' की घोषणा की हैं। मंत्रालय की घोषणा के बाद जिन खिलाड़ियों को यह सम्मान दिया जायेगा उनमें ज्योति याराजी (एथलेटिक्स), अन्नू रानी (एथलेटिक्स) नीतू (मुक्केबाजी), स्वीटी (मुक्केबाजी), वंतिका अग्रवाल (शतरंज), सलीमा टेटे (हॉकी), अभिषेक (हॉकी), संजय (हॉकी), जरमनप्रीत सिंह (हॉकी), सुखजीत सिंह (हॉकी), राकेश कुमार ( पैरा-तीरंदाजी), प्रीति पाल(पैरा एथलेटिक्स), जीवनजी दीप्ति (पैरा एथलेटिक्स), अजीत सिंह (पैरा एथलेटिक्स),



सचिन सरजेराव खिलारी (पैरा एथलेटिक्स), धर्मबीर (पैरा एथलेटिक्स) प्रणव सूरमा (पैरा एथलेटिक्स), एच. होकातो सेमा ( पैरा एथलेटिक्स), सिमरन जी (पैरा एथलेटिक्स), नवदीप (पैरा एथलेटिक्स), नितेश कुमार (पैरा-बैडमिंटन), थुलासिमथि मुरुगेसन (पैरा-बैडमिंटन), नित्या श्री सुमति सिवन (पैरा-बैडमिंटन), मनीषा रामदास (पैरा-बैडमिंटन), कपिल परमार (पैरा-जूडो), मोना अग्रवाल (पैरा-निशानेबाज), रूबीना फ्रांसिस (पैरा-निशानेबाज), स्वप्निल सुरेश कुसले (निशानेबाजी), सरबजोत सिंह (निशानेबाजी), अभय सिंह (स्क्वाश),साजन प्रकाश (तैराकी), अमन (कुश्ती) शामिल हैं। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) 2024 पाने वालों में सुच्चा सिंह (व्यायाम), मुरलीकांत राजाराम पेटकर ( पैरा-तैराकी) हैं।

उत्कृष्ट प्रशिक्षकों के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार 2024 के तहत सुभाष राणा ( पैरा-निशानेबाजी), दीपाली देशपांडे (निशानेबाजी), संदीप सांगवान (हॉकी) को सम्मानित किया जायेगा। लाइफटाइम अर्जुन पुरस्कार पाने वालों में एस मुरलीधरन (बैडमिंटन), अरमांडो एग्नेलो कोलाको (फुटबॉल) का नाम शामिल है। राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार में फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया, मौलाना अबुल कलाम आजाद (एमएकेए) ट्रॉफी 2024, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, समग्र विजेता विश्वविद्यालय, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, (पीबी), प्रथम रनर अप यूनिवर्सिटी और द्वितीय रनर अप यूनिवर्सिटी के लिए गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर को सम्मानित किया जायेगा। इन सभी खिलाड़ियों, कोचों और संस्थाओं को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 17 जनवरी को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित करेंगी।


# बॉलीवुड की सबसे कम दिनों में शूट होने वाली फिल्म.. उर्मिला मातोंडकर के किरदार का नहीं था कोई नाम



**साल 1999 में एक ऐसी फिल्म आई थी जिसने Psychological Horror Thriller का कन्सेप्ट तब एक्सप्लोर किया था जब लोगों को इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी. ये फिल्म सबसे कम समय में शूट होने वाली बॉलीवुड फिल्म है. फिल्म में मनोज बाजपेयी, उर्मिला मातोंडकर और सुशांत सिंह ने काम किया था.**

बॉलीवुड में कुछ जॉनर आज भी ऐसे हैं जो ज्यादा एक्प्लोर नहीं किए गए हैं और उनमें से एक है Psychological Horror Thriller. कुछ नाम ऐसे हैं जो इस जॉनर में सामने आते हैं जैसे Talaash, 13B, Kaarthik Calling Kaarthik और Game Over जैसी शानदार फिल्में शामिल हैं. हालांकि, साल 1999 में एक ऐसी फिल्म आई थी जिसने Psychological Horror Thriller का कन्सेप्ट तब एक्सप्लोर किया था जब लोगों को इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी. ये फिल्म सबसे कम समय में शूट होने वाली बॉलीवुड फिल्म है.

हम बात कर रहे हैं 1999 में आई फिल्म Kaun...? की. ये एक काफी Underarted Film है और इसके बारे में कम बात होती है. फिल्म में मनोज बाजपेयी, उर्मिला मातोंडकर और सुशांत सिंह ने काम किया था. ये फिल्म उस दौर को लिए इतनी खतरनाक थी कि फिल्म में उर्मिला के एक्सप्रेशन देखने के बाद लोग डरने लग गए थे. कौन उर्मिला के करियर की सबसे शानदार फिल्मों में से एक है.



**15 दिन में बन गई थी फिल्म**

किसी भी फिल्म को बनाने में कई साल लग जाते हैं और सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद इस बात की गारंटी भी नहीं रहती कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म कर पाएगी या नहीं. आजकल तो ज्यादातर फिल्मों को असफलता का ही सामना करना पड़ रहा है. लेकिन फिल्म कौन को बनने में मात्र 15 दिनों का वक्त लगा था. इस फिल्म को राम गोपाल वर्मा ने डायरेक्ट किया था और फिल्म की कहानी अनुराग कश्यप ने लिखा था. फिल्म की कहानी इतनी असरदार है, जो आज 26 साल बाद भी आपके रोंगटे खड़े करने में कामयाब है.

**कहां देख सकते हैं फिल्म ?**

फिल्म की कहानी एक ऐसी लड़की पर आधारित थी, जो एक घर में अकेली रहती है, लेकिन उसके घर में दो आदमी घुस आते हैं, लेकिन एक-एक करके उनकी मौत होने लगती है. हालांकि, फिल्म के क्लाइमैक्स में पता चलता है कि आखिर सभी लोगों को मार कौन रहा है. इतना ही नहीं, फिल्म में उर्मिला मातोंडकर के एक्सप्रेशन इतने रियल थे कि उनको देखने के बाद लोग डरने लगे थे और आज भी फिल्म में उनके एक्सप्रेशन लोगों को डराते हैं. के मुताबिक, एक खास बात फिल्म के बारे में ये भी है कि इस पूरी फिल्म में उर्मिला के किरदार का कोई नाम नहीं था. उन्हें पूरी फिल्म में मैम कहकर बुलाया जाता है. इस फिल्म को आप यूट्यूब पर देख सकते हैं.

# जब साउथ फिल्मों का रीमेक बनाने पर राजेश खन्ना ने कही ये बात, लोगों ने बोला- हिट एंड ट्रायल के बेस पर चल रही इंडस्ट्री

**बॉलीवुड इंडस्ट्री में साउथ फिल्मों का रीमेक बनाने का सिलसिला काफी वक्त से चला आ रहा है. इस बारे में हाल ही में अनुराग कश्यप ने भी बात की थी, लेकिन पहले की बात करें, तो एक्टर राजेश खन्ना ने रीमेक बनाने पर कहा था कि ये इसलिए किया जाता है क्योंकि, हिंदी का मार्केट बड़ा है.**




बॉलीवुड की कुछ फिल्में काफी ज्यादा पसंद की जाती हैं, जिसमें 'भूल भुलैया', 'हेरी फेरी', 'गजनी', 'सिंघम' और 'वांटेड' का नाम शामिल है. हालांकि, बता दें, ये फिल्में साउथ फिल्मों की रीमेक हैं. सिर्फ यहीं नहीं बल्कि और भी कई सारी फिल्में साउथ की रीमेक हैं, जिसमें हाल ही में वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन का भी नाम शामिल हो गया है. एक पुराने इंटरव्यू में दिग्गज एक्टर राजेश खन्ना ने फिल्मों के रीमेक बनाने के बारे में बात की थी, जिसमें उन्होंने बताया था कि इस तरह फिल्मों को बनाने का मकसद उनकी ज्यादा पहुंच से है. राजेश खन्ना का नाम अपने जमाने के बेहतरीन कलाकारों में शामिल है, हालांकि वो अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उन्होंने कई सारी बेहतरीन फिल्मों के जरिए आज भी लोगों के दिलों में जगह बनाई हुई है. अपने एक पुराने इंटरव्यू में उन्होंने साउथ की फिल्मों के रीमेक बनाने के बारे में बात की थी, जो कि हाल ही में काफी ज्यादा वायरल हो रहा है. हालांकि, पहले की तुलना में अभी हिंदी फिल्में देखने वाली ऑडियंस को बॉलीवुड से ज्यादा साउथ की फिल्में पसंद आ रही हैं.


राजेश खन्ना का नाम अपने जमाने के बेहतरीन कलाकारों में शामिल है, हालांकि वो अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उन्होंने कई सारी बेहतरीन फिल्मों के जरिए आज भी लोगों के दिलों में जगह बनाई हुई है. अपने एक पुराने इंटरव्यू में उन्होंने साउथ की फिल्मों के रीमेक बनाने के बारे में बात की थी, जो कि हाल ही में काफी ज्यादा वायरल हो रहा है. हालांकि, पहले की तुलना में अभी हिंदी फिल्में देखने वाली ऑडियंस को बॉलीवुड से ज्यादा साउथ की फिल्में पसंद आ रही हैं.

**लोगों ने कह दिया कॉपीवुड**

इस वीडियो पर लोगों ने कमेंट करते हुए लिखा है कि 'हिट एंड ट्रायल मेथड पर चल रही है इंडस्ट्री', इतना ही नहीं कई लोगों ने इसे 'कॉपीवुड' भी कहा है. अभी की बात की जाए, तो फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने भी बॉलीवुड में फिल्मों के रीमेक होने के बारे में बात की थी.

उन्होंने कहा कि इन्हीं वजहों से वो मुंबई छोड़कर साउथ शिफ्ट होने वाले हैं. उन्होंने कहा कि बॉलीवुड इंडस्ट्री में फिल्म बनाने की एक्साइटमेंट खत्म हो चुकी है.

# धर्मेंद्र ने भरी महफिल में संजय खान को क्यों मारा था थप्पड़? बाद में मांगनी पड़ी थी माफी



ऋतिक रोशन के एक्स ससुर और जायद खान के पिता संजय खान 70 और 80 के दशक के मशहूर एक्टर रहे हैं. इनके बड़े भाई तो इनसे भी ज्यादा फेमस थे, जिनका नाम फिरोज खान था. संजय खान आज यानी 3 जनवरी को अपना 84वां बर्थडे मना रहे हैं. चलिए इस मौके पर उनसे जुड़ा एक मशहूर किस्सा जानते हैं. वैसे तो संजय खान को लेकर कई बातें इंडस्ट्री में चर्चित रहती हैं, लेकन ये किस्सा धर्मेंद्र से जुड़ा है.

धर्मेंद्र जितने दरियादिल इंसान हैं उतने ही अपने जमाने में गुस्से वाले भी हुआ करते थे. उन्होंने अपनी मेहनत से इंडस्ट्री में वो जगह बनाई, जिसके लिए अक्सर लोग तरसते हैं. धर्मेंद्र के बारे में ये बात भी फेमस है कि वो पार्टी बहुत किया करते थे और संजय खान से जुड़ा किस्सा भी एक पार्टी का ही है.

**धर्मेंद्र ने संजय खान को क्यों मारा था थप्पड़ ?**

1964 में आई फिल्म 'हकीकत' में धर्मेंद्र और संजय खान ने पहली बार साथ काम किया था. इस फिल्म से कई कलाकारों ने डेब्यू किया था. इस फिल्म के बाद धर्मेंद्र ने एक पार्टी रखी थी, ताकि वो सभी से अच्छे से घुल मिल सकें. धर्मेंद्र का लोगों से मेलजोल बढ़ाने का यही अंदाज हुआ करता था और उन्हें पार्टी करने का बहाना भी मिल जाता था. इसी पार्टी में संजय खान भी इनवाइटेड थे. शूटिंग से अपनी शिफ्ट करने के बाद संजय खान पार्टी में पहुंचे तो धर्मेंद्र ने होस्ट होने के नाते संजय खान को अटेंड किया और वेलकम ड्रिंक दी.

**धर्मेंद्र के साथ संजय खान और उनकी वाइफ**

इसके बाद संजय खान ने इतनी शराबी पी कि वो बहुत ज्यादा नशे में हो गए थे और फिल्म इंडस्ट्री के बारे में उल्टी-सीधी बातें करने लगे थे. धर्मेंद्र ने उन्हें समझाने की कोशिश की, ताकि बात न बिगड़े, लेकिन संजय खान नशे में काफी कुछ बोल गए. मामला तब बढ़ा जब वो उस दौर के मशहूर एक्टर ओम प्रकाश को भी बुरा भला कहने लगे थे. धर्मेंद्र ओम प्रकाश की बहुत इज्जत करते थे और इसके बाद गुस्से में आए धर्मेंद्र ने संजय खान को सबके सामने थप्पड़ मार दिया था.

**फिरोज खान से धर्मेंद्र ने मांगी थी माफी**

संजय खान पार्टी से बिना कुछ कहे चले गए थे और फिर बाद में धर्मेंद्र को अपनी गलती का एहसास हुआ था, जिसके बाद उन्होंने माफी भी मांगी थी. बताया जाता है कि धर्मेंद्र ने अगले ही दिन फिरोज खान के घर पहुंच गए थे और कहा था कि उन्हें संजय खान से मिलना है. इसके बाद फिरोज खान ने कहा था, 卐उसने गलत बोला था तो उसकी सजा उसे मिल गई, आपने सही किया था, अगर मैं होता तो मैं भी यही करता卐. बाद में संजय खान भी इस बात को भूलकर फिल्म की शूटिंग पूरी की और प्रीमियर पर ये दोनों मिलकर गले भी लगे थे.

# 25 साल पहले शाहरुख खान की फिल्म में हुआ वो काम, जो राम चरण 4 गानों पर 75 करोड़ लगाकर अब कर रहे!



शाहरुख खान ने अपने करियर में से एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं. इनमें से एक है- 'कभी खुशी कभी गम'. साल 2001 में यह पिक्चर रिलीज हुई थी. फिल्म को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था. इसमें शाहरुख खान के अलावा अमिताभ बच्चन, ऋतिक रोशन, करीना कपूर खान और काजोल समेत कई बड़े स्टार्स दिखे थे. फिल्म का बजट 40-45 करोड़ रुपये था. फिल्म के एक गाने के लिए मेकर्स ने प्लेन को ही बस की तरह इस्तेमाल कर दिया था. ऐसा ही कुछ अब राम चरण भी कर रहे हैं. 'गेम चेंजर' के 4 गानों पर 75 करोड़ लगाए गए हैं. पर शाहरुख खान की 25 साल पहले आई फिल्म में यह हो चुका है.

दरअसल राम चरण की 'गेम चेंजर' 10 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है. बीते दिनों फिल्म का ट्रेलर आया था, जिसे ठीक-ठाक रिस्पॉन्स मिल रहा है. हाल ही में पता लगा था कि मेकर्स ने 'गेम चेंजर' के चार गानों पर 75 करोड़ रुपये उड़ा दिए हैं.

**4 गानों पर उड़ाए 75 करोड़**

राम चरण और कियारा आडवाणी की फिल्म आ रही है. 'गेम चेंजर' के 4 गानों का बजट 75 करोड़ रुपये है. जिन गानों पर मेकर्स ने पानी की तरह पैसा बहाया है, उसमें Ra Macha Macha, Jaragandi, Naanaa Hyraanaa और Dhop शामिल है. पर शाहरुख खान की फिल्म में ऐसा पहले ही हो चुका है. हाल ही में डायरेक्टर निखिल आडवाणी ने डिजिटल कमेंटरी से बातचीत की. इस दौरान 'कभी खुशी कभी गम' का एक दिलचस्प किस्सा सुना दिया. इस फिल्म की शूटिंग के दौरान चार्टर प्लेन को बस की तरह इस्तेमाल किया गया था.

**KxG में प्लेन को ही बना दिया बस**

एक गाने पर 3 करोड़ रुपये यश जौहर ने खर्च कर दिए थे, जो 25 साल पहले भी उनके लिए कुछ नहीं थे. वो बताते हैं कि जब 'कभी खुशी कभी गम' के गाने के लिए वो श्वद4श्वह्ल गए थे, उस दौरान वो 52 लोगों की टीम थी. अब क्योंकि Egypt एक छोटा सा देश है, जिसका वेस्ट एक तरफ, तो ईस्ट एकदम अपोजिट की पड़ जाता है.